दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 52 | जयपुर | बुधवार, 25 दिसम्बर, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष दशमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में बड़ा हादसा
# खाई में गिरी सेना की गाड़ी, 5 जवानों की मौत



बढ़ता राजस्थान

**जम्मू (एजेंसी)।** मंगलवार शाम पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक वाहन के सड़क से उतर जाने से चालक सहित लगभग 10 सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि पुंछ सेक्टर में सेना की एक गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने से 5 जवानों की जान चली गई। बचाव अभियान जारी है और घायल कर्मियों को चिकित्सा देखभाल मिल रही है। पुलिस ने कहा कि लगभग शाम 5.40 बजे, 11 मराठा लाइट इन्फैंट्री का एक सेना वाहन, जो एलओसी पर नीलम मुख्यालय से बलनोई घोड़ा पोस्ट की ओर जा रहा था, घोड़ा पोस्ट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि वाहन करीब 150 फीट गहरी खाई में गिर गया, जिससे चालक समेत 10 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए।

11 मराठा लाइट इन्फैंट्री की एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) और मनकोट से एक पुलिस पार्टी घटनास्थल पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। क्षेत्र के ऊबड़-खाबड़ और पहाड़ी इलाकों को देखते हुए जम्मू-कश्मीर में यातायात दुर्घटनाएँ असामान्य नहीं हैं, जिनमें कार और अन्य वाहन घाटियों में गिर जाते हैं। 15 दिसंबर को गुरेज़ में जादिकुशी-गुरेज़ सड़क पर वाहन फिसलने से सेना के दो जवान घायल हो गए थे। सितंबर में सुकराला माता आश्रम रोड पर एक वाहन के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से एक सैनिक की भी मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

बचाव अभियान जारी है और घायल कर्मियों को चिकित्सा देखभाल मिल रही है। पुलिस ने कहा कि मराठा लाइट इन्फैंट्री का एक सेना वाहन, जो एलओसी पर नीलम मुख्यालय से बलनोई घोड़ा पोस्ट की ओर जा रहा था, घोड़ा पोस्ट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## 5 राज्यों के राज्यपाल बदले
### अजय भल्ला मणिपुर तो वीके सिंह मिजोरम के गवर्नर बने, बिहार भेजे गए आरिफ मोहम्मद



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मंगलवार की रात अचानक पांच राज्यों के राज्यपालों का फेरबदल कर दिया गया। ओडिशा के मौजूदा राज्यपाल रघुबर दास के इस्तीफे को स्वीकारने के बाद हरि बाबू कंभमपति को ओडिशा का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया। हरि बाबू अभी तक मिजोरम के राज्यपाल थे। अब पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल विजय कुमार सिंह (वीके सिंह) को मिजोरम का नया राज्यपाल बनाया गया है। पिछले डेढ़ साल से हिंसा से जूझ रहे मणिपुर की जिम्मेदारी अजय कुमार भल्ला को सौंपी गई है। राज्यपाल नियुक्त होने से पहले अजय भल्ला केंद्रीय गृह सचिव भी रह चुके हैं। बेबाक अंदाज के लिए चर्चित आरिफ मोहम्मद खान बिहार के नए राज्यपाल होंगे। उनकी जगह बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अरलेकर को केरल भेजा गया है।

## भगदड़ केस-अल्लू अर्जुन से 3 घंटे से ज्यादा पूछताछ हुई
### पुलिस सीन री-क्रिएट कर सकती है; संध्या थिएटर का नया वीडियो सामने आया



बढ़ता राजस्थान

**हैदराबाद (एजेंसी)।** पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान भगदड़ केस में पुलिस ने मंगलवार को अल्लू अर्जुन से 3 घंटे से ज्यादा पूछताछ की। हैदराबाद सेंट्रल जोन डीसीपी के नेतृत्व वाली टीम ने एक्टर से सवाल किए। रिपोर्ट्स के मुताबिक अल्लू अर्जुन से पूछा गया कि क्या वे घटनास्थल पर मौजूद थे। उन्होंने हालात कैसे संभाले? इस पर उन्होंने कहा- मुझे महिला की मौत की जानकारी अगले दिन मिली। जानकारी के मुताबिक पुलिस घटना का सीन भी री-क्रिएट कर सकती है। अल्लू सुबह 11 बजे चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन पहुंचे थे। उनसे दोपहर 2.45 बजे तक पूछताछ चली। इस दौरान स्टेशन में भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी और स्टेशन के रास्तों को ब्लॉक किया गया था। अल्लू को 23 दिसंबर पुलिस ने नोटिस जारी कर पेश होने का कहा था। इधर 4 दिसंबर को संध्या थिएटर में हुई घटना का एक और वीडियो सामने आया। इसमें सीढ़ियों से भीड़ उतरती नजर आ रही है। 15 सेकेंड के इस वीडियो के 8वें सेकेंड पर कुछ लोग एक बदहवास शख्स को बाहर ले जाते नजर आ रहे हैं।

### अर्जुन के रिश्तेदारों को पुलिस ने अलर्ट किया

पुलिस ने अल्लू अर्जुन के रिश्तेदारों को अलर्ट किया है। साथ ही एक्टर के घर के बाहर बैरिकेडिंग भी कर दी गई है, ताकि 22 दिसंबर जैसी घटना दोबारा न हो। दरअसल, 22 दिसंबर को अल्लू अर्जुन के घर में तोड़फोड़ की गई थी। इससे पहले अल्लू अर्जुन से इस मामले में 10 दिसंबर को पूछताछ हुई थी। इस बीच तेलंगाना कांग्रेस के सीनियर नेता थीनमर मल्लाना ने पुष्पा-2 के एक सीन को लेकर अल्लू अर्जुन, डायरेक्टर सुकुमार, प्रोड्यूसर्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इस सीन में एक्टर स्विमिंग पूल में यूरिनेट करते नजर आ रहे हैं और पूल में एक पुलिस अफसर भी मौजूद है।

## कांग्रेस ने बाबा साहब का मजाक बनाया : मुख्यमंत्री
# ढोंग कर रही कांग्रेस; राहुल गांधी को शर्म आनी चाहिए : भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि दिल्ली और राजस्थान में विपक्ष अपनी भूमिका नहीं निभा पा रहा है। जिस मुद्दे को लेकर आज यह लोग चल रहे है। इसे तो आजादी के बाद लेना चाहिए था। सीएम भजनलाल जयपुर में भारतीय जनता पार्टी ऑफिस में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा- 2014 के बाद पीएम मोदी ने गरीब कल्याण की परिभाषा को बदलने काम किया है। हमारी सरकार बाबा साहब के विजन पर ही काम कर रही है।

### ढोंग कर रही कांग्रेस

सीएम शर्मा ने कहा- कांग्रेस आज ढोंग कर रही है। जबकि कांग्रेस ने बाबा साहब का मजाक बनाया, उनसे इस्तीफा लिया। मैं चाहता हूं कांग्रेस के नेता उस इस्तीफे को पेश करें। सभी को पता चले उसमें क्या लिखा गया था। इसके साथ ही जब बाबा साहब ने चुनाव लड़ा। तब भी कांग्रेस ने उनका विरोध किया। सीएम ने कहा- नेहरू से लेकर संजय गांधी तक सभी के कितने स्मारक हैं, जिसने देश को संविधान दिया। कांग्रेस ने उन्हें क्या दिया। बाबा साहब को कांग्रेस ने इस्तीफे के लिए न सिर्फ मजबूर किया। बल्कि, सदन में उन्हें बोलने तक नहीं दिया था।



### राहुल गांधी को शर्म आनी चाहिए

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- कांग्रेस ने जाती - धर्म और भ्रष्टाचार की राजनीति की है। संसद में राहुल गांधी ने सांसदों को धक्का देकर गिरा दिया। महिलाओं का अपमान किया। राहुल गांधी को शर्म आनी चाहिए। बाबा साहब देश के महा नायक हैं। कांग्रेस को उन्हें बीच में नहीं लाना चाहिए था। उन्होंने कहा- कांग्रेस के नेता हमारे गृह मंत्री अमित शाह के भाषण को तोड़मरोड़ कर पेश कर रहे हैं।कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। कभी देश के विकास की बात नहीं की। कांग्रेस बिना सत्ता के नहीं रह सकती है। कांग्रेस कैसे भी सत्ता हासिल करना चाहती है।

### आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी का शेड्यूल रिलीज किया
## 23 फरवरी को होगा भारत-पाक महामुकाबला



बढ़ता राजस्थान

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का शेड्यूल मंगलवार को रिलीज कर दिया। हाइब्रिड मॉडल में होने वाला टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगा। 19 दिन में 15 मैच खेले जाएंगे। दूसरे सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व डे भी रखा गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मैच 23 फरवरी को दुबई में होगा। भारत अपने सभी मैच दुबई में ही खेलेगा, टीम के ग्रुप में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड भी हैं। दुबई में ही एक सेमीफाइनल भी खेला जाएगा। अगर भारत फाइनल में पहुंचा तो यह मैच भी दुबई में होगा। जबकि टूर्नामेंट के बाकी 10 मैच पाकिस्तान में होंगे।

चैंपियंस ट्रॉफी 8 साल बाद होने जा रही है, 2017 में आखिरी बार पाकिस्तान ने भारत को फाइनल हराकर खिताब जीता था। बांग्लादेश के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत भारत ग्रुप-ए में है। टीम के ग्रुप में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड हैं। वहीं दूसरे ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान हैं। 4 और 5 मार्च को 2 सेमीफाइनल होंगे, वहीं 9 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।

## कुंभ के लिए जयपुर-प्रयागराज फ्लाइट शुरू होगी


बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर से महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। स्पाइसजेट एयरलाइंस ने जयपुर से प्रयागराज के लिए डेली फ्लाइट शुरू की है। यह फ्लाइट हर दिन जयपुर से प्रयागराज और प्रयागराज से जयपुर आएगी। इससे पहले एलाइंस एयरलाइंस ने भी जयपुर से प्रयागराज के लिए सीधी फ्लाइट शुरू करने का फैसला किया है। यह फ्लाइट साप्ताहिक थी। स्पाइसजेट एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया- महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एयरलाइंस द्वारा जयपुर से प्रयागराज की सीधी फ्लाइट शुरू की जा रही है। फ्लाइट संख्या SG - 2963 12 जनवरी से 10 फरवरी तक संचालित होगी। जो हर दिन सुबह 7 बजकर 5 मिनट पर जयपुर से रवाना होगी। यह फ्लाइट 1 घंटे 50 मिनट में अपना सफर पूरा कर सुबह 9 बजे प्रयागराज पहुंचेगी।

## राजस्थान के मोस्ट वांटेड माफिया की अमेरिका में हत्या
### लॉरेंस गैंग के बदमाशों ने गोली मारी, अमेरिका से भारत में ड्रग कार्टेल चला रहा था

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भारत के ड्रग माफिया सुनील यादव उर्फ गोलिया की अमेरिका के कैलिफोर्निया में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। राजस्थान के मोस्ट वांटेड गैंगस्टर रोहित गोदारा ने फेसबुक पर पोस्ट डालकर सुनील यादव की हत्या की जिम्मेदारी ली है। उसने दावा किया है कि लॉरेंस गैंग के बदमाशों के शूट आउट कर ड्रग्स माफिया की हत्या कर अपने दोस्त का बदला लिया है। राजस्थान पुलिस की ओर से ड्रग माफिया सुनील यादव का रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया हुआ था। सुनील यादव पहले लॉरेंस गैंग का मेंबर था, लेकिन विवाद के बाद उसने अलग गैंग बना ली थी। सुनील यादव को कैलिफोर्निया में माउंट एल्बो व्हाइट अमेरिका इलाके में गोली मारी गई है। वह पिछले दो साल से अमेरिका में ही रह रहा था। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के मेंबर्स अपने दोस्त की हत्या का बदला लेना चाहते थे।



**सुनील श्रीगंगानगर में हुए हत्याकांड में गिरफ्तार हुआ था-**सूत्रों के मुताबिक, ड्रग्स माफिया सुनील यादव पंजाब के अबोहर फाजिल्का का रहने वाला है। राजस्थान पुलिस ने उसे श्रीगंगानगर में हुए पंकज सोनी हत्याकांड में गिरफ्तार किया था। वह पहले गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग का मेंबर था।

## राहुल गांधी दिल्ली की सब्जी मंडी पहुंचे
### कहा- 40 का लहसुन 400 में बिक रहा, जनता महंगाई से परेशान, सरकार कुंभकरण जैसे सो रही

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दिल्ली की सब्जी मंडी पहुंचे। इसका वीडियो उन्होंने मंगलवार सुबह शेयर किया। सब्जी मंडी में राहुल कुछ महिलाओं से बात करते नजर आए। उन्होंने केंद्र की नीतियों की आलोचना की। राहुल ने कहा- लहसुन की कीमत 40 रुपए से 400 रुपए पहुंच गई है।

जनता महंगाई से परेशान है। केंद्र सरकार कुंभकरण की नींद सो रही है। राहुल ने आगे कहा- आम जनता को अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए छोटे-छोटे सामानों पर समझौता करना पड़ रहा है। इस पर राहुल के साथ खड़ी एक महिला ने कहा- सोना सस्ता हो गया, लेकिन लहसुन महंगा है।

### राहुल बोले- 120 रुपए किलो मटर ने सबको हिला दिया है

राहुल ने कहा कि कुछ दिन पहले मैं एक सब्जी बाजार गया था और ग्राहकों के साथ खरीदारी करते हुए मैंने उनसे यह जानने की कोशिश की कि आम लोगों का बजट कैसे बिगड़ रहा है और



महंगाई ने कैसे सभी को परेशान किया है। मैंने लहसुन, मटर, मशरूम और दूसरी सब्जियों के दामों पर चर्चा की और लोगों के असली अनुभवों को सुना। 400 रुपए किलो लहसुन और 120 रुपए किलो मटर ने सभी के बजट को हिला दिया है। लोग क्या खाएंगे और क्या बचाएंगे, यह सोचने वाली बात है।

राहुल ने कहा कि लोगों के लिए बचत करना मुश्किल हो गया है। कुछ लोगों के लिए तो रिक्शे के किराए से लेकर खाने का खर्च पूरा करना भी कठिन हो गया है। राहुल गांधी ने लोगों से अपील की है कि अगर वे भी महंगाई का असर महसूस कर रहे हैं तो अपने अनुभव शेयर करें।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के चिकित्सकों द्वारा 2 लाख से अधिक लोगों का बेहतर स्वास्थ्य के लिए हुआ प्रकृति परीक्षण

## आयुष मंत्रालय भारत सरकार की पहल पर आम जन के बेहतर स्वास्थ्य के लिये वात, पित्त और कफ की प्रकृति को जानने के लिए किया जा रहा है प्रकृति परीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार की पहल पर देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के अंतर्गत पूरे देश में आमजन के स्वास्थ्य के लिए प्रकृति परीक्षण किया जा रहा है। देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव नीरज कुमार पवन का सवाई मानसिंह स्टेडियम में प्रकृति परीक्षण किया गया। जयपुर में सवाई मानसिंह स्टेडियम, हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, तकनीकी विश्वविद्यालय वाटिका, राजकीय महाविद्यालय रेनवाल जयपुर में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों का प्रकृति परीक्षण करने के साथ जयपुर एवं अन्य जिलों के संस्थानों और कार्यालय में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों की टीम द्वारा बड़ी संख्या में प्रकृति परीक्षण किया गया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने बताया आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, एवं भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के सहयोग से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों द्वारा 'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' के अंतर्गत आमजन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रकृति परीक्षण किया जा रहा है। अब तक 2 लाख से अधिक लोगो का राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों द्वारा प्रकृति परीक्षण किया जा चुका है। इस अभियान के अंतर्गत 25 दिसंबर 2024 तक आमजन का प्रकृति परीक्षण किया जाएगा।




इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जन-स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, लोगों को उनकी दोष-प्रकृति (शारीरिक प्रकृति) को समझने में सहायता करना, और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करना है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर से देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के नोडल अधिकारी डॉ भानु प्रताप सिंह ने बताया आयुष मंत्रालय भारत सरकार की पहल पर पूरे देश के आयुर्वेद संस्थानों के साथ राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर द्वारा आम जन का प्रकृति परीक्षण किया जा रहा है।

मंगलवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान से कुलसचिव डॉ अनिता शर्मा, डॉ. सी आर यादव, डॉ. एच. एम. एल. मीणा, डॉ सुनील यादव ,डॉ. निशा ओझा, डॉ निशा गुप्ता, डॉ के भारती, डॉ. सुमन शर्मा, डॉ गुलाब पमनानी, डॉ सुदीप्त रथ, डॉ. गोपेश मंगल, डॉ राकेश नागर, डॉ महेंद्र प्रजापति, डॉ अनमोल, डॉ प्रीति, डॉ रितेश रमनानी, डॉ विशाल प्रजापति, डॉ वैभव बापट एवं अन्य चिकित्सकों एवं संयुक्त निदेशक जे पी शर्मा, उपनिदेशक चंद्रशेखर शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी नरेश कुमार गुप्ता के सहयोग से जयपुर के साथ अन्य जिलों में आमजन एवं युवाओं का बड़ी संख्या में प्रकृति परीक्षण किया गया। हमारे अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमारे शरीर की प्रकृति को जानना हम सभी के लिये बहुत जरूरी है इसके लिए इस अभियान को चलाया गया है। 25 दिसंबर तक अभियान के अंतर्गत सरकारी एवं निजी कार्यालय, संस्थानों, सार्वजनिक स्थानो पर आमजन का राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों द्वारा उनका प्रकृति परीक्षण करने के साथ उनके स्वास्थ्य से संबंधित सलाह भी दी जा रही है।

# गोविन्द विहार आवासीय योजना में 202 भूखण्डों के लिए आज से आनलाईन आवेदन होंगे प्रारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की गोविन्द विहार आवासीय योजना में 202 भूखण्डों के लिए बुधवार, 25 दिसम्बर से आनलाईन आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी। इन भूखण्डों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा, जिससे लोगों को अपनी आवासीय जरूरतों को पूरा करने का एक सुनहरा अवसर मिलेगा। ज्ञातव्य है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण की अटल विहार, गोविन्द विहार एवं पटेल नगर तीन आवासीय योजनाओं का शुभारम्भ 15 दिसम्बर, 2024 को माननीय नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा की उपस्थिति में किया गया था। इन योजनाओं के अंतर्गत कुल 756 भूखण्डों के आनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे और आवंटन लॉटरी द्वारा किया जाएगा। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय के कुशल नेतृत्व में गरीब एवं मध्यम वर्ग के आवास का सपना साकार करने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर में प्रमुख लोकेशनों पर विकसित तीन विभिन्न आवासीय योजनाओं में पृथक-पृथक श्रेणियों के 756 भूखण्डों का आवंटन ऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। जेडीसी ने बताया कि जविप्रा द्वारा जोन-10 में गोविन्पुरा रोपाडा में गोविन्द विहार आवासीय योजना विकसित की गई है। इस योजना में आनलाईन आवेदन दिनांक 25.12.2024 से 24.01.2025 तक किए जा सकेंगे। इसमें कुल 202 भूखण्ड उपलब्ध हैं। गोविन्द विहार आवासीय योजना की लॉटरी 05.02.2025 को निकाली जाएगी।

### इस योजना में उपलब्ध भूखण्डों का विवरण इस प्रकार है-

- 45 वर्गमीटर तक के भूखण्डों की संख्या- 34
- 46-75 वर्गमीटर तक के भूखण्डों की संख्या- 55
- 121-220 वर्गमीटर तक के भूखण्डों की संख्या- 48
- 220 वर्गमीटर से अधिक भूखण्डों की संख्या -65
- योजना की आरक्षित दर रूपये 18,000 है।

उक्त योजना में आवेदन करने से संबंधित विस्तृत जानकारी, जविप्रा की वेबसाइट www.jda.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्ति ई-मित्र कियोस्क केन्द्रों के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपने सपनों का घर पाने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# भांकरोटा अग्निकांड में दो और लोगों की मौत, मृतकों की संख्या पहुंची 15

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भांकरोटा थाना इलाके में अजमेर रोड एलपीजी टैंकर ब्लास्ट में गंभीर रूप से झुलसे 2 और लोगों ने मंगलवार को एसएमएस अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसी के साथ मरने वालों की संख्या 15 हो गई है। इसमें एक पूर्व आईएएस भी शामिल हैं। जयपुर-अजमेर हाईवे पर 20 दिसंबर की सुबह करीब पौने छह बजे हादसा हुआ था। इस घटना को लेकर टैंकर के ड्राइवर से पुलिस में सामने आया कि दूसरे ट्रक की टक्कर से गैस के नोजल टूटने की आवाज आई थी। तेज आवाज के साथ गैस लीक होने लगी। मैंने गाडी में रखा अपना मोबाइल उठाया और कूदकर अजमेर की ओर भाग गया था। करीब 200 मीटर आगे ही गया था कि टैंकर में आग लग गई थी। आग के गोले सड़क पर फैलने लगे थे। जयपुर में एलपीजी ब्लास्ट मामले में पुलिस ने टैंकर ड्राइवर से मंगलवार को पूछताछ की है। एसीपी बगरू हेमेंद्र कुमार शर्मा के अनुसार एलपीजी टैंकर के मालिक अनिल कुमार को भी थाने बुलाया है। वह दिल्ली के रहने वाले हैं। अनिल से भी पूछताछ की जाएगी। ड्राइवर जयवीर से मिली जानकारी की पुष्टि को लेकर पुलिस काम कर रही है। पुलिस, एफएसएल और ट्रैफिक की टीम मंगलवार दोपहर करीब 12.30 बजे हादसे वाली जगह पर जांच करने पहुंची। टीम के पास क्रेश लैब इंटरसेप्टर भी थी। इसकी मदद से रोड इंजीनियरिंग में आ रही खामियों को देखा गया। रोड पर चलते समय गाड़ियों का बैलेंस बिगड़ना, रोड का संकरा-चौड़ा होना, रोड पर गाड़ियों के उछलने के कारणों को लेकर टीम जांच कर रही है। एसएमएस हॉस्पिटल के प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर राकेश जैन ने बताया कि 15 लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार को एटा (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले नरेश बाबू और नूंह (हरियाणा) के यूसुफ ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। 4 गम्भीर रूप से घायल मरीजों को वेंटिलेटर पर रखा गया है। इनको मिलाकर कुल 20 का इलाज चल रहा है। इसके अलावा कुल 5 अन्य मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। 3 को सोमवार को और 2 को मंगलवार को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया।

# 6 पुलिसकर्मी कॉस्टेबल ऑफ दी मंथ अवॉर्ड से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** कमिश्नरेट के 6 पुलिसकर्मियों को कॉन्स्टेबल ऑफ दी मंथ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। सभी को उनके सराहनीय और समर्पण से काम को लेकर नवम्बर माह में सर्वश्रेष्ठ काम के लिए चिह्नित किया गया। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर ईस्ट जिले के टेक्निकल ब्रांच ऑफिस में तैनात कॉन्स्टेबल गौरव सोलंकी को अवॉर्ड मिला। गौरव सोलंकी ने जवाहर नगर में मोबाइल शॉप से 1.50 करोड़ रुपए की चोरी के खुलासा में अहम भूमिका निभाई थी। बिंदायका थाने में तैनात कॉन्स्टेबल महेंद्र को विनायक कॉम्पलेक्स में स्थित दुकान चोरी के दोनों बदमाशों को अरेस्ट कर माल बरामद करवाने के लिए अवॉर्ड मिला है। दोनों बदमाशों को चिन्हित कर 2 हजार किलोमीटर पीछा कर गुजरात से अरेस्ट करवाने में कॉन्स्टेबल महेन्द्र का अहम रोल रहा। विद्याधर नगर थाने के कॉन्स्टेबल महिपाल ने जयपुर वेस्ट जिले में सक्रिय वांछित स्नेचर को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई। मानसरोवर थाने में तैनात कॉन्स्टेबल चैनाराम को अवॉर्ड मिला है।

# सेंट्रिसिटी वेल्थटेक स्टार्टअप ने खोला जयपुर में अपना पहला ऑफिस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गुरुग्राम स्थित सेंट्रिसिटी वेल्थटेक स्टार्टअप ने रविवार को जयपुर में अपने नए ऑफिस का उद्घाटन किया जिससे उत्तर भारत के बाजार में इसकी उपस्थिति और मजबूत हो सके। यह नया ऑफिस जयपुर के अशोक मार्ग पर स्थित है। सेंट्रिसिटी जयपुर और राजस्थान के अल्वा अन्य शहरों जैसे उदयपुर, जोधपुर, अजमेर, कोटा और भीलवाड़ा में भी नए टैलेंट की खोज कर रहा है। सेंट्रिसिटी की शुरुवात अप्रैल 2023 में की गयी थी और आज ये 15 राज्यों और 38 शहरों में 6000 से अधिक वित्तीय उत्पाद वितरकों (डिस्ट्रिब्यूटर्स) नेटवर्क स्थापित कर 22,000 से अधिक ग्राहकों को जोड़ चुके है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिलीप मोरानी, आयुष लोढ़ा, मनोज जैन और संजय मोदी ने दीप प्रज्वलन व फीता काटकर उद्घाटन समारोह की शुरुआत की। कार्यक्रम में सेंट्रिसिटी के संस्थापक और सीईओ, मनु अवस्थी; सह-संस्थापक मनीष शर्मा; आदित्य शंकर; गौरव तिवारी; बिजनेस हेड, फराज महमूद और रीजनल हेड रचित कुमार सहित वरिष्ठ टीम सदस्य उपस्थित थे। जयपुर ऑफिस का नेतृत्व आनंद नंदवाना करेंगे, जिनका साथ जितेंद्र चौधरी और वंशिका कश्यप करेंगे।जयपुर ऑफिस के महत्व को समझाते हुए, सेंट्रिसिटी के रीजनल मैनेजर, आनंद नंदवाना ने बताया कि, जयपुर हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मार्किट है और यह नया ऑफिस हमारे नवीनीकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दर्शाता है। इस ऑफिस के माध्यम से हम अधिक लोगों तक पहुंचने और निवेशकों, वेल्थ मैनेजर्स और एसेट मैनेजर के बीच के गैप को हटाने का प्रयास करेंगे। सेंट्रिसिटी का वनडिजिटल भारत का पहला ऐसा टेक-सक्षम मल्टी-एसेट क्लास, मल्टी-प्रोडक्ट प्लेटफॉर्म है, जो डिस्ट्रीब्यूटर्स (एमएफडीस) को एक व्यापक डिजिटल वित्तीय उत्पाद सूची का एक्सेस प्रदान करता है। यह प्लेटफॉर्म उन्हें डिजिटल लेनदेन करने और ग्राहकों के पोर्टफोलियो की रिपोर्ट तैयार करने की सुविधा देता है। यह टूल्स जैसे गोल प्लानिंग, लर्निंग लाइब्रेरी, पोर्टफोलियो एनालिटिक्स और मार्केटिंग संचार जैसी सुविधाएं भी प्रदान करता है। आने वाले वर्ष में सेंट्रिसिटी के पास कई महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं, जिनमें बिजनेस डेवलपमेंट टीमों का विस्तार, टेक टैलेंट की भर्ती, सपोर्ट कॉल सेंटर की स्थापना, ब्रोकिंग लाइसेंस प्राप्त करना, वितरक भागीदारों के लिए रोड शो आयोजित करना और वितरकों के लिए मॉर्गेज की सुविधा देना शामिल है।



# भाजपा विधायक की तानाशाही, आरोपी परिजनों को बचाने के लिए प्रशासन पर बनाया जा रहा दबाव

## माली समाज की महिलाओ का अपहरण, कुलदीप धनकड़ के परिजन है आरोपी, पुलिस दबाव में बचा रही आरोपियों को



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर के यूथ होस्टल में मंगलवार को सैनी समाज के पीड़ित परिवार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया की गत 11 दिसंबर की सुबह भारतीय जनता पार्टी से विधायक कुलदीप धनकड़ के भाई एवम जीजा धोलूराम जाट ने फिल्मी स्टाइल में घर में अकेली रह रही चार महिलाओ एवम एक युवक को बन्दुक की नोक पर अगवा कर लज्जा भंग करी साथ ही गंभीर मारपीट करी और सुनसान जगह पर बेहोश हालत में मरा हुआ समझ कर फेंक कर भाग गए थे , जिसके बाद पुरा प्रशाशन सकते में आगया था लेकिन विधायक कुलदीप धनकड़ के दबाव में पुलिस ढंग से कार्य नहीं कर रही साथ ही आरोपियों को बचने में जुटी हुई है , ऐसे में समाज की पीडिता सोनू सैनी ने कहा की अगर हमें न्याय नहीं मिलता तो दो दिन बाद मुख्यमंत्री आवास के सामने आत्मदाह करुँगी , वही सैनी समाज के नेत्रत्व करता भवानी शंकर माली ने बताया की पुलिस स्वयंम विधायक के दबाव में जमीन पर कब्ज़ा करवाना चाहती है, साथ ही परिजनों ने कहा की हमारी मुख्य रूप से 5 मांगो को सरकार को मानना पड़ेगा जिनमे मामले की ष्ट्ठष्ठ-ष्ट्क्रसे निष्पक्ष जाँच करवाई जाए , मामले में संलिप्त पुलिस कर्मी एएसआई राजवीर एवम हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र को ससपेंड किया जाए , भविष्य में दुबारा ऐसी घटना नहीं हो हम खेती बाड़ी सुचारू रूप से कर सके इनको पाबंद किया जाए एवम जब तक मुख्य आरोपी गिरफ्तार नहीं होते सुरक्षा मुहैया करवाई जाए ।

# जमीयतुल कुरैश के सदर की कोशिशें रंग लाई, शरई तरीके से कराया बेटे का निकाह

## बिजनेसमैन छुट्टन कुरैशी ने भी पेश की शानदार मिसाल, बेटी का निकाह नो गार्डन, नो डिनर, नो दहेज कर दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के राजस्थान सदर एवं वरिष्ठ समाजसेवी नईमुद्दीन कुरैशी (इंडियाना) की कोशिशें और पहल आखिर कामयाब हुई। इनकी इच्छा रही है कि वे कौम व समाज में ऐसी मिसाल पेश करें जिससे कि लोगों को फिजूलखर्ची और गैर जरुरी रस्मों-रिवाज पर पाबंदी लगे। इनके ये प्रयास यहां रंग लाए। इन्होंने अपने बेटे शादाब ( ग्रेजुएट) की शादी इस्लामी तरीके से करते हुए शर्बत व खिजूर पर निकाह कराया।



वहीं नईमुद्दीन कुरैशी की कोशिशें में पूरा साथ दिया झोटवाड़ा निवासी छुट्टन कुरैशी व इनके बेटे इमरान कुरैशी एवं बेटी सानिया (पोस्ट ग्रेजुएट) ने। छुट्टन कुरैशी की बेटी दीनी तर्बियतयाफ्ता सानिया की भी ख्वाहिश थी कि उसका रिश्ता दीनदार घराने में हो। शरीयत पर अमल करते हुए आज दोनों ही खानदानों ने अपने बच्चे व बच्ची का निकाह सादगी के साथ मस्जिद में कराया। आने वाले मेहमानों को शर्बत व खिजूर पेश कर मेहमान नवाजी की गई। बता दें कि राजस्थान के वरिष्ठ समाजसेवी छुट्टन कुरैशी ने गत दिनों अपनी बेटी का रिश्ता नईमुद्दीन कुरैशी के बेटे के साथ मात्र दो रुपए सलाम-मुद्दे के देकर सादगी के साथ रस्म अदायगी की थी। तयशुदा उसी रिश्ते को आगे बढ़ाते हुए आज शरई तरीके से निकाह हुआ। निकाह की रस्म मस्जिद में अदा कराने के बाद लड़की वालों ने दुल्हा पक्ष व बारातियों को खिजूर व शर्बत पिलाकर सादगी के साथ छुट्टन कुरैशी व उनके बेटे इमरान कुरैशी ने अपनी लख्ते जिगर को बेहद सादगी के साथ रुखसत किया। छुट्टन कुरैशी व नईमुद्दीन कुरैशी ने अपनी बेटी व बेटे की शरीयत के मुताबिक शादी करके ऐसी अनोखी मिसाल पेश की है जो लोगों के लिए राह हमवार करेगी। वहीं छुट्टन कुरैशी व उनके पुत्र इमरान कुरैशी ने नो मैरिज गार्डन, नो दहेज, नो डिनर के शादी कर मिसाल कायम की है। इन्होंने शर्बत व खिजूर पर निकाह कराकर सुन्नत तरीके के इस पैगाम को आम व खास तक पहुंचा कर बड़ा पैगाम दिया है।

**दुल्हा-दुल्हन ने निकाह को किया आसान :** बता दें कि वरिष्ठ समाजसेवी छुट्टन कुरैशी की बेटी सानिया और ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश राजस्थान के सदर नईमुद्दीन कुरैशी के बेटे शादाब ने दहेज वगैरा लेने-देने से इनकार कर दिया और अवाम को एक पैगाम दिया कि निकाह को आसान करें, जिससे गरीब मां-बाप अपनी बेटी का निकाह आसानी से कर सके। निकाह में फिजूलखर्ची करके अपनी जिंदगियों को तबाह-बर्बाद ना करें।

# पीडब्ल्यूसी की बैठक : 68 करोड़ रूपये के कार्य किये स्वीकृत, दो योजनाओं का किया अनुमोदन




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में मंगलवार को मंथन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एक आवासीय व एक वेयर हाउस योजना सृजित करने का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही 68 करोड़ रूपये के कार्य स्वीकृत किये गये जिससे जयपुर के विकास को गति मिलेगी।

बैठक में ग्राम बैनाड़ मय दौलतपुरा तहसील रामपुरा डाबड़ी में जेडीए स्वामित्व की भूमि पर आवासीय योजना सृजित करने का अनुमोदन किया गया। बैठक में ग्राम सिराणी मय गणपतपुरा स्थित जेडीए स्वामित्व की भूमि 7.52 हैक्ट. में सामान्य वेयर हाउस योजना सृजित करने का अनुमोदन किया गया। बैठक में जोन-14 में लैंण्ड पुलिंग स्कीम ग्राम शिवदासपुरा, चन्दलाई एवं बरखेड़ा व चाकसु में डिमार्केशन व सड़क निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों हेतु 29.40 करोड़ रूपये की कार्योत्तर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। बैठक में जोन-9 के सेक्टर रोड पर स्ट्रीट लाईट लगाने एवं झोटवाड़ा आरओबी पर स्ट्रीट लाईन लगाने के अतिरिक्त कार्य करवाये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में जोन-11 में लैंण्ड पुलिंग स्कीम ग्राम अचरावाला, जयसिंहपुरा उर्फ तेजावाला एवं अभयपुरा व डिग्गी मालपुरा रोड पर डिमार्केशन व सड़क निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों हेतु 30.98 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बैठक में जविप्रा की दीनदयाल नगर आवासीय योजना ग्राम भम्भोरी में 33/11 केवी जीएसएस में शेष विद्युतिकरण कार्य हेतु 3.28 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

बैठक में सीबीआई फाटक से 7 नं बस स्टेण्ड महल रोड, जगतपुरा तक 160 फीट रोड में आ रही एचटी/एलटी लाईन, ट्रांसफार्मर एवं आरएमयू आदि शिफ्टींग कार्य हेतु एवं स्ट्रीट लाईट्स लगाने हेतु 4.10 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

## ब्लॉक चाकसू में 'सास बहू सम्मेलन' आयोजित

# सास और बहू ने की परिवार नियोजन पर सार्थक चर्चा



बढ़ता राजस्थान

जयपुर द्वितीय। 24 दिसम्बर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत जिले में सास-बहू सम्मलेन आयोजित किए जा रहे है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उन्हें विभाग की ओर से उपलब्ध करवाए जा रहे परिवार नियोजन के साधनों और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि चाकसू ब्लॉक स्थित ग्राम दृगपालपुरा (करेडा खुर्द उप स्वास्थ्य केंद्र) मे सास बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन व परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान खेल के माध्यम से सास और बहू मे परिवार नियोजन की जानकारी साझा की गई। शादी के बाद पहले बच्चे में 2 साल की देरी और दूसरे बच्चे में 3 साल का अंतराल के बारे में चर्चा हुई। इसके अलावा उन्हें परिवार कल्याण के स्थाई-अस्थाई साधन अपनाने के लिए नजदीकी चिकित्सा संस्थानों पर उपलब्ध सेवाओं की जानकारी भी दी गई।

# राजकुमार देवयुश ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जन्मदिन का दिया निमंत्रण

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित एसएमएस विद्यालय प्रांगण में भाजपा कार्यकर्त्ताओं की बैठक हुई। बैठक में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्रसिंह के नेतृत्व में हर वर्ष की भांति आयोजित होने वाली देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की आगामी 25 दिसंबर को जयंती समारोह को लेकर सोमवार को बानसूर में सासद के पुत्र राजकुमार देवायुश ने भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत भी मौजूद रहे। बैठक का शुभारम्भ राजकुमार देवायुश,विधायक देवीसिंह शेखावत व जिला उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत बोहरा ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की तस्वीर के समक्ष पुष्प

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चरणसिंह को दी श्रद्धांजलि

अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। राजकुमार देवायुश व बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।राजकुमार देवायुश ने बताया कि हर वर्ष की भांती शाहपुरा में हनुमत निवास पैलेस में 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बानसूर के सभी पांचो मंडलों के अध्यक्षो कार्यकर्ताओं व बूथ अध्यक्षों को शाहपुरा बाग में पहुंचना है। भाजपा अलवर उत्तर के जिला उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत बोहरा ने कहा कि जयंती समारोह की रूपरेखा तैयार कर ली है।सभी मंडलों में बस की व्यवस्था कर दी जाएगी और प्रत्येक कार्यकर्ता को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी सिर्फ एक नेता ही नहीं बल्कि एक कवि के रूप में भी जाने जाते हैं।अटल बिहारी वाजपेयी सदी में राजनीतिक क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुए हैं।

उनकी विदेश नीति और कूटनीति से ही भारत को वैश्विक पहचान मिली थी।मंच संचालन एडवोकेट विकास जोशी ने किया।बैठक में महामंत्री योगेश सोनी, मुकेश सुरेला, जयप्रकाश शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, सुरेंद्र चौहान, पूर्व मण्डल अध्यक्ष महेश कटारिया,गजेंद्र लाटा ,संकेत लाटा, पूर्ण चंदला,पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित, दयाराम गुर्जर, कौशल गुजर,कृष्ण कुमार यादव,बंटी , एडवोकेट विक्रमसिंह शेखावत, जलेसिंह मीणा,दीपक शास्त्री, समाजसेवी व भाजपा नेता निरंजन ठेकेदार,पूरन सिंह शेखावत,मनीष जोशी,विजय गोठवाल, एडवोकेट धंसी रावत, राखी गुप्ता,हेमलता सिसोदिया,मंजू शर्मा सहित काफ़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।वहीं सांसद प्रतिनिधि राजकुमार देवयुश एवं विधायक देवीसिंह शेखावत ने समाजसेवी व भाजपा नेता निरंजनलाल ठेकेदार के आवास पहुँच कर नवजात शिशु को आशीर्वाद दिया और दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर सैनी परिवार द्वारा सांसद प्रतिनिधि राजकुमार देवयुश, विधायक देवीसिंह शेखावत, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित का माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया।



# राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों ने निकाली रैली, दिया जागरूकता का सन्देश

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन के महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्वयं सेवकों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली को निदेशक अंजू मीणा व मानद सचिव इंजिनियर जयसिंह मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।रैली का सुभारम्भ मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन के प्रधान कार्यालय से हुआ तथा नगर पालिका क्षेत्र के मुख्य मार्गो से गुजरते हुए प्रधान कार्यालय पर ही समापन हुआ।जागरूकता रैली में स्वयं सेवकों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ,दहेज़ प्रथा बन्द करो -नारी का सम्मान करो,नारी शिक्षा, बुजुर्गों का सम्मान,स्वच्छ भारत- स्वस्थ भारत,पेड़ लगाओ - पेड़ बचाओ, मतदान करो और मतदान करवाओ जैसे स्लोगन तख्तीयों पर लिखकर स्वयं सेवक होने




का सन्देश दिया। इस मौके पर निदेशक अंजू मीणा,मानद सचिव इंजिनियर जयसिंह मीणा,प्राचार्य डॉ ललतेश जांगिड़,डॉ बी. एल.स्वामी, एनएसएस प्रभारी नरेश जिलोवा, भोमसिंह गुर्जर सहित स्वयं सेवक व मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन ग्रुप का स्टॉफ मौजूद रहा।

# मुंगेश्वरी देवी गोदारा महाविद्यालय गुढ़ा गोड़जी में भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के 122 वे जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनू (नि.स.)।** मुंगेश्वरी देवी महाविद्यालय गुढ़ा गोड़जी में चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई गई । जिसमें मुख्य अतिथि महेश कुल्हरी कमिश्नर राजस्व विभाग जम्मू एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर हरिसिंह गोदारा अध्यक्ष केसर देवी गोदारा सामाजिक कल्याण संस्थान सिंगनोर थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेश कुल्हरी ने बताया की चौधरी चरण सिंह सत्य सादगी और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति महान अर्थशास्त्री किसान मसीहा देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित थे और विशिष्ट अतिथि डॉक्टर हरि सिंह गोदारा ने बताया चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है और कहा कि उच्च कोटि के विधि वेता थे। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवा भाव हर किसी को प्रेरित करता रहेगा भारत रत्न प्राप्त पूर्व प्रधानमंत्री श्री चौधरी चरण सिंह का जन्म 1902 में उत्तर प्रदेश के हापुड़ में हुआ था उनके जन्मदिन को किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है वह जुलाई 1979 से जनवरी 1980 तक देश के प्रधानमंत्री थे इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की जीवनी से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके कदमों पर चलना चाहिए । इस दौरान देवकरण , गोदारा हरफूल सिंह, चंद्रसिंह ओला प्रधानाचार्य सेंट्रल एकेडमी हिंदी माध्यम ,राजवीर उपप्राचार्य मुंगेश्वरी देवी महाविद्यालय, बजरंग कुल्हरी, भगीरथ,जयप्रकाश ,राम




प्रताप गोदारा , सुनित कुमार,आसिफ खान ,सुनील मेंचु, सुनील गोदारा, अशोक कुमार ,अमन चौधरी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बयाना में भागवत कथा सप्ताह का आयोजन : महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

## जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे के सुभाष चौक स्थित बामड़ा हनुमान मंदिर पर भक्त मंडल की ओर से मंगलवार को संगीतमय भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारम्भ हुआ। सुबह 11 बजे बामड़ा हनुमान मंदिर से बैंडबाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं मंगल कलश सिर पर रखकर भजन गाते हुए चल रही थी। कलश यात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कथा का समय रोजाना दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है। कथावाचक भागवत आचार्य शुभम कृष्ण शास्त्री सात दिनों तक श्रद्धालुओं को अपनी वाणी से भागवत के विभिन्न प्रसंगों को सुनाएंगे। उन्होंने कहा की भागवत के नियमों का पालन करने से व्यक्ति की जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति होती है। कलश यात्रा के बाद कथा के पहले दिन गणेश पूजन, भागवत महात्म्य कथा सुनाई गई। कथा में दूसरे दिन बुधवार को श्री शुकदेव जन्म, कर्दम देवहुति संवाद तथा कथा के तीसरे दिन श्री ध्रुव चरित्र, भरत प्रसंग, चौथे दिन श्री प्रह्लाद चरित, श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण जन्म, पांचवे दिन श्री कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, कथा के छठवें दिन कंस वध, श्री कृष्ण रुक्मणि विवाह, सातवें दिन श्री सुदामा चरित्र, एकादशी महिमा, शुकदेव विदाई तथा समापन पर हवन पूर्णाहुति एवं प्रसादी का कार्यक्रम होगा। इस मौके पर महंत रामनिवास मुदगल, नैमीचंद शर्मा, अजय गुठाकर, छीतरमल शर्मा, अजय अग्रवाल, ऋषि मोहन, गोपाल गौड़ आदि कई लोग मौजूद रहे।

# एसवीपी इंग्लिश एकेडमी में मनाया तुलसी पूजन व क्रिसमस डे मनाया

बढ़ता राजस्थान



**सरदार शहर (नि.स.)।** एसवीपी इंग्लिश एकेडमी में तुलसी पूजन एवं क्रिसमस डे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय निर्देशक दिव्या गौड़, प्रधानाचार्य भरत गौड़ एवं आलोक सिंह द्वारा तुलसी पूजन के साथ किया गया। विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने सांता के साथ जिंगल बेल्स-जिंगल बेल्स पर जमकर डांस का आनंद उठाया। संस्था निर्देशक दिव्या गौड़ ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि तुलसी के औषधीय महत्व को देखते हुए आज हर घर में तुलसी का पौधा होना चाहिए। संस्था प्रधान भरत गौड़ ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन बच्चों के लिए विशेष है क्योंकि सांता क्लॉज बच्चों को उपहार और तुलसी का पौधा हमेशा ऑक्सीजन देता है। विद्यालय में सांता क्लॉज ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को उपहार के पैकेट भेंट किए। जिससे बच्चों के चेहरे और भी ज्यादा खुशनुमा हो गए। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अमित शाह की मानसिकता मनुवादी,बदलना चाहते हैं संविधान, मोदी सरकार के फैसले अलोकतान्त्रिक : धर्मेंद्र राठौड़

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आए राजस्थान बीज निगम व राजस्थान पर्यटन विकास निगम के पूर्व चेयरमैन धर्मेन्द्रसिंह राठौड़ ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मानसिकता मनुवादी है। ये लोग देश का संविधान बदलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का बयान बाबा साहेब अम्बेडकर के लिए जिस भावार्थ से लिया गया वह इनकी मानसिकता को दोहराता है,इनकी मानसिकता मनुवादी है।बाबा साहेब अम्बेडकर देश के लिए एक आदर्श हैं। उन्होंने सभी भारतीयों को शिक्षा और मतदान का अधिकार दिया। बाबा साहेब अम्बेडकर ही थे जिन्होंने गैरबराबरी को बराबरी में लाकर खड़ा किया। उन्होंने गरीब और अमीर को एक वोट के मतदान का अधिकार दिया। राठौड़ ने कहा कि हमारे नेता राहुल गाँधी ने जो कहा था कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है जो दिखाई भी देने लगा है। क्योंकि जिस प्रकार राहुल गाँधी को संसद में प्रवेश न जाने देना,उनकी सदस्यता



ख़त्म कर देना, और उन पर विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज करना यही दर्शा रहा है। मोदी सरकार के यही फैसले अलोकतान्त्रिक हैं। राठौड़ ने कहा कि 24दिसम्बर को प्रदेशाध्यक्ष गोविन्दसिंह टोडासरा के निर्देश पर राजस्थान प्रदेश में सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेसीयों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा और सम्बंधित जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 24दिसम्बर को मैं स्वयं भी सिरोही जाऊंगा।इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने उनका स्वागत किया। राठौड़ ने पूनिया फार्महॉउस पर चाय की चुसकी भी ली और कार्यकर्त्ताओ का हालचाल जाना।

# थड़ी में लगी आग, टायर सहित पुराने का सामान जला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** चौमूं के नेशनल हाइवे 52 पर टांटियावास टोल प्लाजा के पास स्थित आंनदलोक रोड पर एक थड़ी में सोमवार रात को अचानक भीषण आग लग गई। थड़ी में रखे पुराने टायरों में आग लगने के कारण तेज लपटें उठने लगी। जिससे चारों ओर आग फैल गई और थडियों में रखा सामान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलने पर चौमूं से फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और कर्मचारियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद इस आग पर काबू पाया। सूचना मिलने पर चौमूं थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका-मुआयना किया। चौमूं थाना पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। अग्निशमन कर्मचारी अर्जुन लाल गुर्जर ने बताया कि टांटियावास टोल प्लाजा के पास स्थित आनंदलोक रोड पर एक थड़ी में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर दमकल कर्मी पहुंचे और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं आग की चपेट में आने से पास में रखी तीन थड़ियों में रखा अन्य सामान और टायर जलकर खाक हो गए।

इस थड़ी में टायर पंचर निकालने का सामान रखा हुआ था। जहां पर अचानक आग लगने से थड़ी में रखे पुराने टायरों में भी आग लग गई। जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। हालांकि समय रहते दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

# 'क्रिसमस के रंग में सरोबार ग्रिगोरियस : प्रेम और एकता के संदेश के साथ मनाया क्रिसमस'

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** सेंट ग्रिगोरियस सी. से. स्कूल में क्रिसमस उत्सव का आयोजन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस उप अधीक्षिका चेतना भाटी ने अपने उद्बोधन में सभी को शुभकामनाएँ देते हुए शांति, प्रेम, मानवता और करुणा का संदेश दिया। इसके बाद ष्रूडोल्फ, द रेंडियरष् पर आधारित नृत्य और ष्नैटिविटीष् म्यूजिकल प्ले विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसने इस पर्व के धार्मिक महत्त्व को प्रभावशाली तरीके से दिखाया। प्रधानाचार्या श्रीमती शुभा जोस ने क्रिसमस का संदेश देते हुए सभी को प्रेम,दया और एकता का महत्त्व समझाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की सदनानुसार कैरोल गायन प्रतियोगिता हुई जिसमें विद्यार्थियों ने अद्भुत प्रस्तुति दी। जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में रेव्ह. फादर वर्गीस थॉमस द्वारा क्रिसमस के




आशीर्वचन स्वरूप विश्व शांति और धार्मिक सद्भावना की बात कही । इसके बाद सांता क्लॉज के घोड़े की बग्गी पर धमाकेदार आगमन ने बच्चों में उत्साह भर दिया। सांता ने अपने भाषण में प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। कैरोल गायन प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के वाइस चेयरमैन जॉन वर्गीस , सचिव बाबू जॉन एवं कोषाध्यक्ष मोन टी वर्गीस,स्कूल सोसाइटी एवं चर्च सोसाइटी के सम्मानित सदस्यों के अलावा वाइस प्रिंसिपल अनिल गोस्वामी ,स्कूल कोऑर्डिनेटर आशीष अग्रवाल भी मौजूद थे। स्वागत भाषण अनिता कुरियन एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती नम्रता डिसूजा ने किया और राष्ट्रगान के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका मोनिका वैष्णव द्वारा किया गया।

# फ़ेम फ़ोर्स मितवा सोसाइटी ने किया थर्मोकोट का वितरण

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** फेम फोर्स मितवा सोसायटी ने आज राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रावजी का हाटा स्कूल में सर्दी से राहत के लिए थर्मोकोट देकर बच्चों को नववर्ष की शुभकमनाएं दी। उसके बाद उन्हें लड्डू खिलाकर शीतकालीन अवकाश से पहले नया साल मनाया। इस अवसर पर फेम फ़ोर्स की अध्यक्ष तृप्ति मोदी, उमा अग्रवाल ,नेहा पोरवाल, विजेता अग्रवाल,आयुषी पोरवाल, सृष्टि लोढ़ा आदि ने




जरूरतमंद बच्चो के साथ नव वर्ष मनाया. ।

**कार्यालय नगर परिषद टोंक**

क्रमांक :-न.प.टोंक/निर्माण/2024-25/10642 दिनांक :- 23.12.2024

**ई-निविदा सूचना - 14/2024-25 (NIB No. DLB2425A4507)**

नगर परिषद टोंक क्षेत्र में होने वाले विभिन्न निर्माण/विकास कार्यो हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 30.12.2024 दोपहर 1.00 बजे तक विक्रय की जावेगी। अन्य विवरण व शर्तें www.Sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.-(DLB2425WSOB13657)

राज.संवाद/सी/24/9478

आयुक्त
नगर परिषद, टोंक

**Office of The Superintending Engineer, PHED, Project Circle, Jaipur**

Sector-26, near Ayush Bhawan, Pratap Nagar

**(Email Official-seproj jai pheda@rajasthan.gov.in)**

Sr.- Date:

**Notice Inviting Bid**

Online bids are invited on behalf of the Governor of Rajasthan from eligible enlisted "AA" class contractors of PHED, Rajasthan and meeting eligibility criteria. Contractors enlisted with other departments of Government of Rajasthan or enlisted with CPWD/ Postal/Telecom/Railways/MES/ other State Government/ Central Government undertakings/organization in class equivalent to "AA" class of Rajasthan and meeting. pre-scribed eligibility criteria may also apply after depositing prescribed Bid Security. Details of this Bid notification and pre- qualification criteria can also be seen in NIB exhibit-ed on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in. Bids are to be submitted online electronic format on web site http://eproc.rajasthan.gov.in.

UBN: PHE2425WLOB07225

| NIB NO. | Particulars of work | NIB Cost |
|---|---|---|
| 02/24-25 | Construction of Intake, RWR, WTP at Masi Dam, Pump house and connecting it with CWR for Conjunctive use including O & M work for ten years after one year defect liability period for Bisalpur-Niwai-Tonk Water Supply Project under JJM (Package-III). | Rs. 21.21 Crores |

## सम्पादकीय

# प्रदूषित हवा में सांस ले रहा भारत

दिल्ली-एन.सी.आर. फिर सांसों के संकट से रू-ब-रू है। दिसम्बर में ही दूसरी बार बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के तात्कालिक उपायों के तौर पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप)-4 लागू करना पड़ा है, क्योंकि 301 पार करते ही खतरनाक की श्रेणी में पहुंच जाने वाला वायु गुणवत्ता सूचकांक (ए.क्यू.आई.) फिर से 450 के पार चला गया। कमर्शियल वाहन छोड़िए बी.एस.-3 पैट्रोल और बी.एस.-4 डीजल निजी कार तक पर प्रतिबंध है-भले ही आपके पास प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र हो और आपकी कार 'फिटनैस' अवधि में भी हो। टैक्सी और दोपहिया वाहनों पर ऐसी कोई पाबंदी नहीं है। क्या यह अतार्किक नहीं है? कक्षाएं ऑनलाइन हैं तो 'वर्क फ्रॉम होम' का फरमान जारी है। हर काम घर से नहीं हो सकता। जो हो सकते हैं, उनकी भी अनुमति ऑफिस की मर्जी पर निर्भर है। यह समस्या पहली बार भी नहीं। हर साल कम-से-कम 2-3 बार ऐसी नौबत आती है, जब आपातकालीन कदम उठाए जाते हैं। आखिर सरकारें आग भड़कने पर ही कुआं खोदने की मानसिकता से उबर कर आग लगने से रोकने के लिए ही जरूरी एहतियाती कदम क्यों नहीं उठातीं? क्या यह शर्मनाक नहीं कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र और पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था भारत की राजधानी दिल्ली के निवासियों को पिछले साल सिर्फ 2 दिन ही सांस लेने लायक साफ हवा मिली?

दिल्ली और एन.सी.आर. निवासी भी लगभग पूरे साल प्रदूषित हवा में सांस लेने और तमाम तरह की बीमारियों से ग्रस्त होने को सालों से अभिशप्त हैं। क्या यह नीति नियंताओं की प्राथमिकताओं पर ही सवालिया निशान नहीं? दिल्ली-एन.सी.आर. के जानलेवा वायु प्रदूषण की चर्चा तो हर साल सर्दियों में हालात बेकाबू हो जाने पर देश-दुनिया में होती है, पर सच यह है कि भारत 'प्रदूषित राष्ट्र' बन चुका है। रिसर्च में बताया गया है कि भारत की 81.9 प्रतिशत आबादी ऐसे क्षेत्रों में रहती है, जहां वायु गुणवत्ता का स्तर अपने देश के नैशनल एंबियट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड्स (एन.ए.ए.क्यू.एस.) पर भी खरा नहीं उतरता। साल 2009 में लाए गए एन.ए.ए.क्यू.एस. को भी अपडेट करने की जरूरत बताई जाती रही है। एन.ए.ए.क्यू.एस. के मुताबिक भारत में सुरक्षित वायु गुणवत्ता का मानक पी.एम. 2.5, 40 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है, जबकि डब्ल्यू.एच.ओ. 5 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर की सिफारिश करता है।

दिल्ली-एन.सी.आर. में वायु प्रदूषण के संदर्भ में डॉक्टर्स और वैज्ञानिक चेताते हैं कि पी.एम. 2.5 न सिर्फ सांस संबंधी समस्याएं बढ़ाता है, बल्कि ब्लड प्रैशर तथा स्ट्रोक और हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ाता है। एक अध्ययन में यह भी बताया गया कि पी.एम. 2.5 के उच्च स्तर के चलते भारत में हर साल 15 लाख मौतें हो रही हैं, जो देश में होने वाली कुल मौतों का लगभग 25 प्रतिशत है। एक अन्य अध्ययन बताता है कि देश में हर रोज 6500 लोग प्रदूषण के चलते होने वाली बीमारियों से मर रहे हैं। अब स्कॉटलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ एंड्रयूज ने अपने शोध में दावा किया है कि वायु प्रदूषण फेफड़ों और दूसरे अंगों के साथ ही हमारी मानसिक स्थिति पर भी गहरा प्रभाव डाल रहा है। लंबे समय तक प्रदूषित हवा में सांस लेने से मानसिक रोगों का खतरा बढ़ रहा है।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का शिक्षा के स्तर में सुधार की दिशा में बड़ा कदम

# अब 5 वीं से 8 वीं की वार्षिक परीक्षा में फेल विद्यार्थी फेल ही रहेंगे

**बच्चों की गुणवत्ता शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ी पहल है शिक्षक वह अभिभावक पढ़ाई में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन करेंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का शिक्षा के स्तर में सुधारो की दिशा में बड़ा कदम, अब 5 वी से 8 वीं की वार्षिक परीक्षा में फेल विद्यार्थी फेल ही रहेंगे। साथियों बात अगर हम शनिवार दिनांक 21 दिसंबर 2024 को जारी केंद्रीय गज़ट में अधिसूचना की करें तो,अब पांचवीं और आठवीं क्लास की परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रमोट नहीं किया जाएगा।**

किशन सनमुखदास भावनानीं




वैश्विक स्तरपर न केवल मानवीय जीव के लिए शिक्षा ग्रहण करना उसकी सफ़लता की कुंजी है बल्कि उसने संपूर्ण राष्ट्र के लिए भी विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ऐसा माना जाएगा जैसे भारत को विज़न 2047 में हर व्यक्ति के शिक्षित होने से इस विज़न को एक महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इसलिए ही केंद्र व राज्य सरकारें शिक्षा पर दो जोर दे रही है गुणवत्ता शिक्षा के लिए अनेक रणनीतियां बनाई जा रही है, इसी दिशा में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार दिनांक 21 दिसंबर 2024 को भारत के गज़ट में 16 दिसंबर 2024 की आधिसूचना को प्रकाशित किया है, जिसमें अब नो डिटेंशन पॉलिसी को समाप्त कर दिया गया है, जिसमें अब 5 वीं व 8 वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थीयों को अब पास नहीं किया जाएगा। हालांकि दो माह के अंदर दूसरी परीक्षा ली जाएगी,परंतु अगर उसमें भी वह फेल हो जाता है तो उसे उसी कक्ष में रोक दिया जाएगा परंतु निष्कासित नहीं किया जा सकता। हालांकि 2019 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम में संशोधन के बाद 16 राज्यों ने पहले से ही फेल नहीं करने की नीति को समाप्त कर दिया था, क्योंकि शिक्षा यह राज्य का विषय है परंतु अब केंद्र सरकार ने भी अधिसूचना जारी कर फेल को फेल ही रहने देने की अधिसूचना जारी कर दी है। सरकार ने निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 में संशोधन किया है।सरकार ने नो डिटेंशन पॉलिसी खत्म कर दी है।केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने आज, 21 दिसंबर 2024 को बड़ा फैसला करते हुए नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म कर दिया। अब कक्षा 5 वीं और 8 वीं की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले छात्रों को पास नहीं किया जाएगा। पहले फेल होने वाले छात्रों को पास कर अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। फेल होने वाले छात्रों को दो महीने के अंदर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा। अगर कोई छात्र दोबारा फेल होता है तो उसे प्रमोट नहीं किया जाएगा। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि बच्चे को रोके रखने के दौरान शिक्षक बच्चे के साथ-साथ यदि आवश्यक हो तो अभिभावक का भी मार्गदर्शन करेंगे। वहीं केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक किसी भी बच्चे को किसी भी स्कूल से नहीं निकाला जाएगा।शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार यह नियम केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों सहित केंद्र सरकार द्वारा संचालित 3 हज़ार से अधिक स्कूलों पर लागू होगा। वहीं मंत्रालय के मुताबिक स्कूली शिक्षा राज्य का विषय है, इसलिए राज्य इस संबंध में अपना निर्णय ले सकते हैं.पहले ही 16 राज्यों और दिल्ली सहित 2 केंद्र शासित प्रदेशों ने इन दो कक्षाओं के लिए नो-डिटेंशन पॉलिसी को पहले ही खत्म कर दिया है। साथियों बात अगर हम अधिसूचना को समझने की करें तो, एक गजट अधिसूचना के अनुसार, नियमित परीक्षा के आयोजन के बाद, यदि कोई बच्चा समय-समय परअधिसूचित पदोन्नति मानदंडों को पूरा करने में विफल रहता है, तो उसे दो महीने की अवधि के भीतर अतिरिक्त निर्देश और पुनः परीक्षा का अवसर दिया जाएगा अधिसूचना में कहा गया है, यदि पुनःपरीक्षा में बैठने वाला बच्चा फिर से पदोन्नति के मानदंडों को पूरा करने में विफल रहता है, तो उसे पांचवीं कक्षा या आठवीं कक्षा में रोक दिया जाएगा, जैसा भी मामला हो। बच्चे को रोके रखने के दौरान, कक्षा शिक्षक बच्चे के साथ-साथ यदि आवश्यक हो तो बच्चे के माता-पिता का मार्गदर्शन करेगा और मूल्यांकन के विभिन्न चरणों में सीखने के अंतराल की पहचान करने के बाद विशेष जानकारी प्रदान करेगा हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक किसी भी बच्चे को किसी भी स्कूल से नहीं निकाला जाएगा।एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हरियाणा और पुडुचेरी ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है, जबकि शेष राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने नीति को जारी रखने का फैसला किया है।राजपत्र अधिसूचना के अनुसार नियमित परीक्षा के आयोजन के बाद यदि कोई बच्चा समय-समय पर अधिसूचित पदोन्नति मानदंडों को पूरा करने में विफल रहता है तो उसे परिणाम की घोषणा की तारीख से दो महीने की अवधि के भीतर अतिरिक्त निर्देश और पुनः परीक्षा का अवसर दिया जाएगा। साथ ही कहा गया है कि यदि पुनः परीक्षा में बैठने वाला छात्र पदोन्नति (अगली कक्षा में जाने की अर्हता) के मानदंडों को पूरा करने में असफल रहता है तो उसे पांचवीं या आठवीं कक्षा में ही रोक दिया जाएगा।हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी बच्चे को प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक स्कूल से निष्कासित नहीं किया जाएगा।सरकार के नए नोटिफिकेशन के मुताबिक फेल होने वाले स्टूडेंट्स को 2 महीने के अंदर दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा। अगर वे दोबारा फेल होते हैं, तो उन्हें प्रमोट नहीं किया जाएगा, बल्कि जिस क्लास में वो पढ़ रहे थे उसी में दोबारा पढ़ेंगे। सरकार ने इसमें एक प्रावधान भी जोड़ा है कि 8 वीं तक के ऐसे बच्चों को स्कूल से निकाला नहीं जाएगा। बता दें 2016 में सेंट्रल एडवाइजरी बोर्ड ऑफ एजुकेशन ने ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट मिनिस्ट्री को नो डिटेंशन पॉलिसी हटाने का सुझाव दिया था। उन्होंने कहा कि इस पॉलिसी के वजह से स्टूडेंट्स के सीखने का स्तर गिर रहा है।नो डिटेंशन पॉलिसी के अंतर्गत स्टूडेंट्स का मूल्यांकन करने के लिए टीचर्स के पास पर्याप्त साधन नहीं थे। ज्यादातर मामलों में स्टूडेंट्स का मूल्यांकन ही नहीं किया जाता था। देशभर में 10 पेर्सेंट से भी कम स्कूलों में पॉलिसी के हिसाब से टीचर्स और इंफ्रास्ट्रक्चर पाया गया। पॉलिसी में मुख्य रूप से एलिमेन्ट्री एजुकेशन में स्टूडेंट्स का एरोल्मेंट बढ़ाने पर फोकस किया गया जबकि बेसिक शिक्षा का स्तर गिरता रहा। इससे स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो गए क्योंकि अब उन्हें फेल होने का डर नहीं था। 2016 की एनुअल एजुकेशन रिपोर्ट के अनुसार क्लास 5 वीं के 48 पेर्सेंट से कम स्टूडेंट्स ही दूसरी क्लास का सिलेबस पढ़ पाते हैं। ग्रामीण स्कूलों में आठवीं क्लास के सिर्फ 43 पेर्सेंट स्टूडेंट्स ही सिम्पल डिवीजन कर सकते हैं। 5 वीं क्लास में चार में से सिर्फ एक स्टूडेंट ही अंग्रेजी का वाक्य पढ़ सकता है।

कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने प्रारंभिक शिक्षा पर आर्टिकल 16 के इस असर को लेकर चिंता जताई थी। शिक्षा पर टीएसआर सुब्रमण्यम कमेटी और सीएबीसी के तहत बनाई गई वासुदेव देवनानी कमेटी ने भी नो डिटेंशन पॉलिसी को रद्द करने की सिफारिश की थी।नो डिटेंशन पॉलिसी राइट टू एजुकेशन 2009 का हिस्सा थी। ये सरकार की पहल थी जिससे भारत में शिक्षा की स्थिति में सुधार हो सके। इसका उद्देश्य था कि बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतर माहौल दिया जा सके ताकि वो स्कूल आते रहें। फेल होने से स्टूडेंट्स के आत्मसम्मान को ठेस पहुंच सकती है। साथ ही फेल होने से बच्चे शर्म भी महसूस करते हैं जिससे पढ़ाई में वो पिछड़ सकते हैं। इसलिए नो डिटेंशन पॉलिसी लाई गई जिसमें 8वीं तक के बच्चों को फेल नहीं किया जाता।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान


श्री अविचल चतुर्वेदी (आईएएस)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं डायनेमिक आईएएस अधिकारी श्री अविचल चतुर्वेदी। जी हां अलवर में कुछ समय के लिए कलक्टर रहे और शान्तिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराए जाने की प्रक्रिया को बेहद संवेदनशीलता से निभाते हुए टीम के साथ मिलकर कार्य किया। जब भी इस बाबत बात रखी कि आपने चुनाव सच में एक उत्सव के रूप में करवाया है जबकि यहां कई इलाके अति संवेदनशील थे फिर भी तो उन्होंने अपनी टीम का हौसला बढ़ाया और कहा कि ये टीम वर्क था। 1 नबम्बर सन 1983 दिल्ली को दिल्ली में जन्में अविचल शुरू से ही होनहार रहे हैं। ऐसे में उन्होंने बी.टेक की सिविल सेवा जॉईन की। आज ये राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान एसएमएसए राजस्थान शिक्षा परिषद एवं आयुक्त, स्कूल शिक्षा जयपुर जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अलवर रहे। संयुक्त शासन सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं मिशन निदेशक, जल जीवन मिशन राजस्थान जयपुर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सीकर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, दौसा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् जोधपुर। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् उदयपुर। उपखण्ड अधिकारी, माउण्ट आबू सिरोही। उपखण्ड अधिकारी, भीलवाड़ा। प्रशिक्षणाधीन एलबीएसएनए मसूरी। कोटा में जिला प्रशिक्षण के तहत रहे। बेहद शानदार व्यक्तित्व के धनी हैं अविचल सर। तुरंत निर्णय और अपने अधिनस्थ कर्मचारी व अधिकारियों पर अनन्त विश्वास ही इन्हे हर जगह जीत के परचम पर सवार करता है। शानदार कार्यशैली यहां देखने को मिली थी जब ये डीएम अलवर पद पर आसिन रहे। जनसुनवाई भी कोई खास खानापूर्ति भी नहीं बल्कि अंतिम छोर तक जाकर विक्टम की परेशानी को दूर करना इनका मुख्य ध्येय रहा है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 25 दिसंबर का इतिहास

- 2008 में आज ही के दिन भारत के द्वारा अंतरिक्ष में भेजे गये चन्द्रयान-1 के 11 में से एक पेलोडर्स ने चन्द्रमा की नई तस्वीर भेजी थी।
- 2005 में 25 दिसंबर को ही मारीशस में 400 वर्ष पूर्व विलुप्त 'डोडो' पक्षी का दो हज़ार वर्ष पुराना अवशेष मिला था।
- 2002 में आज ही के दिन चीन और बांग्लादेश के बीच रक्षा समझौता हुआ था।
- 1998 में 25 दिसंबर के दिन ही रूस एवं बेलारूस द्वारा एक संयुक्त संघ बनाए जाने संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे।
- 1974 में आज ही के दिन रोम जा रहे एयर इंडिया के विमान बोइंग 747 का अपहरण हुआ था।
- 1962 में 25 दिसंबर के दिन ही सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया था।
- 1947 में आज ही के दिन पाकिस्तानी सेना ने झनगड़ को कब्जे में ले लिया था।
- 1946 में 25 दिसंबर के दिन ही ताइवान में संविधान को अंगीकार किया गया था।
- 1924 में आज ही के दिन पहला अखिल भारतीय कम्युनिस्ट कांफ्रेस कानपुर में संपन्न हुआ था।
- 1892 में 25 दिसंबर के दिन ही स्वामी विवेकानंद ने कन्याकुमारी में समुद्र के मध्य स्थित चट्टान पर तीन दिन तक साधना की थी।

### 25 दिसंबर को जन्मे प्रसिद्ध व्यक्ति

- 1944 में आज ही के दिन फ़िल्म निर्देशक मणि कौल का जन्म हुआ था।
- 1926 में 25 दिसंबर के दिन ही हिन्दी साहित्यकार धर्मवीर भारती का जन्म हुआ था।



- 1925 में आज ही के दिन प्रसिद्ध चित्रकार सतीश गुजराल का जन्म हुआ था।
- 1924 में 25 दिसंबर के दिन ही भारत के 10वें प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म हुआ था।
- 1919 में आज ही के दिन प्रसिद्ध संगीतकार नौशाद का जन्म हुआ था।
- 1872 में 25 दिसंबर के दिन ही संस्कृत भाषा के प्रकाण्ड पंडित गंगानाथ झा का जन्म हुआ था।
- 1861 में आज ही के दिन राजनीतिज्ञ, शिक्षाविद और एक बड़े समाज सुधारक मदनमोहन मालवीय का जन्म हुआ था।

### 25 दिसंबर को हुए निधन

- 2015 में आज ही के दिन भारतीय सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री साधना का निधन हुआ था।
- 1994 में 25 दिसंबर के दिन ही भारत के भू.पू. राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह का निधन हुआ था।
- 1977 में आज ही के दिन हालीवुड के प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता चार्ली चैपलिन का निधन हुआ था।
- 1972 में 25 दिसंबर के दिन ही भारत के अंतिम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजागोपालाचारी का निधन हुआ था।

## विशेष आलेख

# मजबूत होते भारत-कुवैत के द्विपक्षीय रिश्ते

सुनिल कुमार महला



हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक कुवैत यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूती मिली है। चार दशक से अधिक समय में इस खाड़ी देश(कुवैत) की यात्रा करने वाले नरेंद्र मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो वर्ष 1981 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद यह यात्रा 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली कुवैत यात्रा थी। पाठकों को बताता चलूं कि भारत और कुवैत के संबंध हमेशा से ही मैत्रीपूर्ण रहे हैं और वर्ष 1961 में जब कुवैत अंग्रेजी शासन से आजाद हुआ, तब भारत उसके साथ संबंध बनाने वाले शुरुआती देशों में शामिल था। कहना ग़लत नहीं होगा कि लंबे समय बाद भारत के प्रधानमंत्री की कुवैत यात्रा से भारत का पश्चिमी एशियाई जुड़ाव और अधिक सुनिश्चित तथा मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी और कुवैत के अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-जाबेर अल- सबा की बातचीत से यह उजागर हुआ है कि भारत और कुवैत कूटनीतिक और आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए हमेशा तत्पर और तैयार हैं। इस यात्रा के दौरान भारत के प्रधानमंत्री मोदी को कुवैत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर से सम्मानित किया जाना दोनों देशों के पारस्परिक सम्मान का सूचक है। वास्तव में यह कदम दोनों देशों के रिश्तों की गहराई और महत्व को दर्शाता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, परस्पर सौहार्द और सहयोग की भावना इनके बीच गहरी रणनीतिक साझीदारी का रास्ता खोलते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुवैत यात्रा आर्थिक संबंधों के साथ ही सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण रही। वास्तव में, अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने ऐसे अनेक लोगों से मुलाकात की जिन्होंने भारत-कुवैत संबंधों को मजबूत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पाठकों को बताता चलूं कि इनमें अब्दुल्ला अल-बारून भी शामिल हैं, जिन्होंने एक अनुवादक के रूप में भारतीय महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत का अरबीभाषियों के लिए अनुवाद किया है। सच तो यह है कि भारत के प्रधानमंत्री की हालिया कुवैत यात्रा ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के एक नए युग की शुरुआत की है। इस दौरान दोनों देशों के बीच हुए समझौते और रणनीतिक सहमतियां पूरे क्षेत्र की स्थिरता के लिहाज से भी अहम हैं। महत्वपूर्ण है कि कुवैत यात्रा के दौरान भारत और कुवैत के बीच रक्षा, खेल, संस्कृति और सौर क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं, जो दोनों देशों के बीच संबंधों को निश्चित ही और अधिक मजबूती और प्रगाढ़ता प्रदान करेंगे। गौरतलब है कि कुवैत भारत का प्रमुख तेल आपूर्तिकर्ता रहा है और आज भी है। आंकड़े बताते हैं कि कुवैत, भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता है, जो देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को तीन प्रतिशत तक पूरा करता है। यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि इससे यह आपूर्ति सुरक्षित होने के साथ ही खाड़ी क्षेत्र में भारत की समग्र ऊर्जा सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी। साथ ही साथ, कुवैत के साथ रक्षा सहयोग भारत की ऐक्ट बेस्ट नीति को भी निश्चित ही मजबूती प्रदान करेगा। आज कुवैत में बहुत से भारतीय निवास करते हैं और वहां की सामाजिक संरचना में भारतीयों का स्थान प्रवासियों के रूप में बहुत ही महत्वपूर्ण है। भारतीयों ने कुवैत को इंजीनियरिंग व शिक्षा, मेडिकल समेत अनेक क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण और अहम् योगदान दिया है। कुवैत भी बरसों-बरसों से भारत का एक महत्वपूर्ण ऊर्जा सप्लायर रहा है, जबकि अनेक भारतीय विशेषज्ञ और भारतीय श्रमशक्ति कुवैत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसी बीच, कुछ समय पहले ही कुवैत नेशनल रेडियो द्वारा साप्ताहिक हिंदी रेडियो कार्यक्रम की शुरुआत किया जाना निश्चित रूप से यह दर्शाता है कि कुवैत के लिए प्रवासी भारतीय कितने महत्वपूर्ण और अहम् हैं। इतना ही नहीं, गत जून में कुवैत की एक इमारत में आग लगने से हुई भारतीयों की मौतों के बाद कुवैत ने जिस तरह का सहयोग दिया, वह भी दोनों देशों के मजबूत संबंधों को ही दर्शाता है। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने प्रवासियों को बेहतर वाणिज्यिक सेवाओं और श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा का सकारात्मक व ठोस आश्वासन दिया है, जो विदेशों में अपने नागरिकों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। निश्चित ही इससे कुवैत में प्रवासी भारतीयों के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होगी। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि पीएम मोदी की इस ऐतिहासिक दो दिवसीय कुवैत यात्रा के दौरान भारत और कुवैत ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमति जताई है और रक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को नियमित बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

यह और भी अधिक महत्वपूर्ण है कि ऊर्जा सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से दोनों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया है कि वे अपने-अपने देशों की कंपनियों को तेल और गैस के अन्वेषण तथा उत्पादन, रिफाइनिंग, इंजीनियरिंग सेवाओं, और पेट्रोकेमिकल उद्योगों में सहयोग बढ़ाने के लिए समर्थन प्रदान करेंगे। अंत में, यही कहूंगा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने निस्संदेह कुवैत व भारत के संबंधों को ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया है।उनकी यह यात्रा निश्चित ही खाड़ी क्षेत्र में एक जिम्मेदार साझेदार के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करेगी। सच तो यह है कि भारतीय प्रधानमंत्री का कुवैत दौरा भारत और खाड़ी देशों के बीच बढ़ते संबंधों की यात्रा में एक अहम मील का पत्थर साबित होगा। यह दौरा कूटनीति, व्यापार और समुदाय संवाद की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है जो भारत और कुवैत के द्विपक्षीय रिश्तों को जहां एक ओर मजबूती प्रदान करेगा वहीं दूसरी ओर यह दोनों देशों के बीच भविष्य में सहयोग की रूपरेखा भी तय करेगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
पारिवारिक संपत्ति के बारे में सावधानी से काम लेना हितकर है। साहित्य तथा कला से संबंधित प्रवृत्तियों में विशेष रुचि बढ़ेगी। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी करेंगे। आपके परिश्रम का उचित फल मिलता हुआ प्रतीत होगा।

**वृष**
अनिद्रा की समस्या भी सताएगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता सताएगी। समाज में मान भंग होने की भी संभावना है। आर्थिक हानि होगी। पानी से दूर रहें। परिस्थितियां अनुकूल होने के कारण सभी काम सरलतापूर्वक संपन्न होंगे।

**मिथुन**
संतान से भी अच्छा समाचार मिलेगा। नए लोगों की ओर आकर्षण का अनुभव होगा। आपको तन-मन में थकान महसूस होगी। परिवार में तनावपूर्ण वातावरण रहेगा। इससे आपको मानसिक भय का अनुभव होगा।

**कर्क**
पारिवारिक जीवन में खुशी रहेगी। सुखी वैवाहिक जीवन व्यतीत कर सकेंगे। सरकारी कामकाज की बाधाएं दूर होगी। आपके काम सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। तन-मन में आनंद की अनुभूति होगी। आपके भाग्य में निखार आ सकता है।

**सिंह**
आज का दिन अच्छा होने के कारण आपके सभी काम अच्छी तरह संपन्न होंगे। घर और ऑफिस का वातावरण प्रफुल्लित और आनंदमयी बना रहेगा। अधिकारियों की मदद से आप प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकेंगे।

**कन्या**
जमीन और मकान से संबंधित दस्तावेज में छले जाने की संभावना है। मां के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी। उलझनपूर्ण स्थिति के कारण उचित निर्णय लेने में तकलीफ होगी। आपके व्यापार और आय में वृद्धि होगी। अचानक आर्थिक लाभ हो सकता है।

**तुला**
आप तन-मन से अस्वस्थ रहेंगे। बुखार, सर्दी या कफ जैसी समस्याएं उत्पन्न होंगी। किसी का भला करने के चक्कर में आप अपना नुकसान कर बैठेंगे। आपको इस बात का ध्यान रखना पड़ेगा कि आप कहीं गलत प्रलोभनों में न फंस जाएं।

**वृश्चिक**
विदेश से अच्छे समाचार मिलेंगे। धर्म संबंधी कामकाज या दर्शन के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ आनंद के पल बीता सकते हैं। विदेश जाने के इच्छुक लोगों के लिए समय अच्छा है।

**धनु**
आप समाज में यश, प्रतिष्ठा और ख्याति प्राप्त कर सकेंगे। महिलाओं से लाभ हो सकता है। सामाजिक जीवन में आनंद की अनुभूति होगी। उनके साथ संबंध बेहतर होंगे। यह समय भागीदारी के इच्छुक लोगों के लिए भी अच्छा है।

**मकर**
आप नए संपर्क बना सकेंगे। मित्रों के साथ मौज-मस्ती करने का समय है। महिलाओं से लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ संबंध अधिक मधुर बनेंगे। सहोदरों एवं बुजुर्गों से लाभ होगा। शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
तबीयत खराब होने के कारण खर्च होने की संभावना है। आपको नकारात्मक विचार बहुत परेशान करेंगे। गलत काम में न फंस जाएं, इसका ध्यान रखना पड़ेगा। धार्मिक मामलों में रुचि लेने से मानसिक शांति मिल सकती है।

**मीन**
आज सावधानी बरतें। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी। माता और स्त्रीवर्ग की चिंता सताएगी। आज के दिन यात्रा स्थगित रखें। समय से भोजन और पर्याप्त, नींद न आने के कारण शरीर में अस्वस्थता अनुभव होगा। व्यापार में आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## स्वंय अनुशासन से जिले को सड़क दुर्घटनाओं से मुक्त बनाएं- कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी( अब्दुल माहिर )।** सड़क हादसों की प्रभावी रोकथाम के लिए जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी ने मंगलवार को जिलेवासियों से स्वंय के स्तर पर यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया। कलक्टर ने वाहन चालकों से वाहन को निर्धारित गति से ज्यादा तेज यानी ओवर स्पीड में नहीं चलाने की बात कही।उन्होंने कहा दोपहिया वाहन चालक नियमित रूप से हेलमेट का उपयोग करें। साथ चौपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने एवं यातायात के नियमों का उल्लंघन नहीं करने का आह्वान किया। कलक्टर ने कहा कि अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके लिए पुलिस व परिवहन विभाग योजना बनाकर कार्य करेंगे। हमारा उद्देश्य जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। जिला कलक्टर सैनी ने बताया कि यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक कर उनमें स्व अनुशासन का संचार कर जिले को सड़क दुर्घटनाओं से मुक्त बनाया जा सकता है। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा चालान बनाने की कार्यवाही नियमित रूप से की जा रही है। यातयात नियमों के उलंघन पर जुर्माना के साथ सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जमीनी स्तर पर प्रभावी अभियान चला कर कमी लाने के लिए आमजन को जागरूक किया जावेगा। ताकि इनमे स्व अनुशासन के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों की पूर्ण रूप से पालना करने का जज्बा पैदा हो सके। इसके लिए जिले में समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम पूर्व में भी आयोजित किए जाते हैं। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीना ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह का मुख्य उद्देश्य आमजन एवं युवाओं को यातायात के नियमों की पूर्ण जानकारी देना है। साथ ही वाहन चलाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के पास लाईसेंस एवं हेलमेट होना अनिवार्य है।

## सुशासन सप्ताह पर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** सुशासन सप्ताह के दौरान मंगलवार को जिला अल्पसंख्यक कार्यालय टोंक में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आमजन को अल्पसंख्यक विभाग छात्रवृत्ति, व्यावसायिक ऋण, शिक्षा ऋण, डीबीटी वाउचर योजना, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना एवं काली बाई भील स्कूटी योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही, मौके पर ही योजनाओं के आवेदन भरवाए गए एवं ऑनलाइन आवेदन भरने में आ रही समस्याओं का निस्तारण किया गया।

## स्वामित्व योजना के तहत पट्टे एवं प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम 27 दिसंबर को

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** स्वामित्व योजना के तहत पट्टे एवं प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम जिला मुख्यालय के बमोर गेट स्थित कृषि ऑडिटोरियम में शुक्रवार, 27 दिसंबर को प्रात: 9 बजे किया जाएगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका ने बताया कि कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री श्री हीरालाल नागर समेत अन्य जनप्रतिधि एवं लाभार्थी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से लाभार्थियों को संबोधित करेंगे।

# मालपुरा पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद पाई बड़ी सफलता, अन्तराज्यीय शातिर चोर गैंग का किया पर्दाफाश

## सरगना व एक सदस्य गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी, सरगना ने स्वीकारी अब तक 29 वारदाते

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र में दो माह की अवधि में एक ही ईकाई से दो बार चोरी होने के बाद लम्बी कार्रवाई व कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस न अन्तराज्यीय शातिर चोर गैंग के सदस्यो को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से औद्योगिक ईकाई से हुई चोरी व चोरी में काम में ली गई पिकअप को बरामद कर बड़ी सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में मंगलवार को पुलिस थाना परिसर में एक पत्रकार वार्ता आयोजित हुई। इसमें एएसपी मोटाराम सहित वृताधिकारी आशिष प्रजापत व थाना प्रभारी चेनाराम बेड़ा मौजुद रहे। पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए एएसपी ने बताया कि मालपुरा के औद्योगिक क्षेत्र स्थित गर्ग इण्डस्ट्रीज के गोदाम से 19 अक्टूबर को 9-10 क्विटंल मूंग की बोरिया एक पिकअप में भर कर चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज हुई। वहीं इसी इण्डस्ट्रीज से 27 नवम्बर को एक बार फिर सरसो की बोरियां चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज हुई। पुलिस ने चोरी की इन घटनाओं का खुलासा करने के लिए वृताधिकारी प्रजापत के निर्देशन में टीम गठित की। एएसपी मोटाराम ने बताया कि वृताधिकारी प्रजापत के निर्देशन में टीम ने कड़ी मेहनत की। तालाशी अभियान के दौरान टीम ने कई स्थानो से सीसीटीवी फुटेज खंगाले। काफी मशक्कत के बाद सामने आया कि कजोड़ गैंग का इन चोरी की वारदातो में हाथ है। पुलिस टीम ने गैंग व उसके सदस्यो के बारें मालुम किया।

### पूछताछ में हुआ खुलासा :

कजोड़ के सरगना व एक अन्य को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद मालपुरा के औद्योगिक क्षेत्र की इकाई से हुई चोरी के प्रयुक्त पिकअप को मालपुरा सहित व रेकी में काम आई एक कार को बरामद किया। एएसपी ने बताया कि चोरी की घटनाओ में काम ली गई पिकअप भी गिरोह से हिण्डोली क्षेत्र से चारी करने की बात सामने आई है।

### स्वीकारी वारदाते :-

एएसपी मोटाराम ने बताया कि पूछताछ के बाद सरगना कजोड़ ने उनियारा में एक किराणे की दुकान से चोरी सहित कुल 29 घटनाओं में लिप्त होने की बात स्वीकारी। एएसपी ने बताया कि दोनो आरापितो को अदालत में पेश कर पुलिस हिरासत में लिया गया है।

### फरार आरोपी :-

एएसपी मोटाराम ने बताया कि चोरी की इन घटनाओं में दो आरोपितो की गिरपुतारी के बाद एक ओर आरोपी का होना सामने आया है। उन्होंने बताया कि एक फरार आरोपी मूलचन्द पुत्र श्रवणलाल जाट निवासी कुड़ियो की ढाणी आकोदा थाना फुलेरा जयपुर ग्रामीण है जिसकी सरगर्मी से तलाश जारी है।

### गैंग का सरगना व एक सदस्य गिरफ्तार :-

एएसपी ने बताया कि गठित टीम ने ओद्योगिक इकाई में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करने के लिए कड़ी मशक्कत के बाद लिप्त कजोड़ गैंग के सरगना रूड़मल उर्फ कजोड़ पुत्र स्व. रामरामू जाट निवासी हिरनोदा था फुलेरा हाल निवास प्लाट नं. 58, ओम वाटिका सिरसी थाना बिन्दायका तथा इसी गैंग के एक अन्य सदस्य राजाराम उर्फ राजू पुत्र बन्नालाल जाट निवासी ग्राम सुनारी थाना स्टेशन निवाई हिरासत में लिया।

## चौथ का बरवाड़ा में अतिक्रमण से नाराज व्यापारियों ने मुख्य बाजार में लगाया जाम

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** चौथ का बरवाड़ा कस्बे के मुख्य बाजार में जगह-जगह ठेले एवं अन्य अतिक्रमण के चलते लोगों में नाराजगी है। इसी मामले को लेकर व्यापारियों ने कस्बे के मुख्य बाजार में जाम लगा दिया। इसके चलते वाहनों की क़तारें लग गई। व्यापारियों का कहना है कि मुख्य बाजार में सब्जी एवं अन्य ठेले लगने से यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इसके चलते सभी को परेशानी उठानी पड़ रही है। सोमवार सुबह हाट की दुकान लगाने को लेकर कुछ लोगों में विवाद हो गया। इसके बाद नाराज दुकानदारों ने मुख्य बाजार में जाम लगा दिया। बाद में पंचायत प्रशासन ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पहुंचकर लोगों को समझाया। ग्राम पंचायत प्रशासन की ओर से सब्जी के ठेला लगाने वालों को कई बार नोटिस जारी कर उन्हें सब्जी मंडी में ही बैठने के लिए पाबंद किया है, लेकिन इसके बावजूद भी सब्जी के ठेले मुख्य बाजार में ही लग रहे हैं।

ऐसे में सोमवार को हाट बाजार में दुकान के दौरान कुछ लोगों में विवाद भी हो गया। इसके बाद नाराज व्यापारियों ने मुख्य बाजार में जाम लगा दिया। साथ ही यहां से सभी प्रकार के ठेले हटाए जाने की मांग की। इसके बाद पंचायत प्रशासन ने सभी प्रकार के ठेलों को यहां से हटा दिया। इस दौरान मौके पर पहुंचे तहसीलदार नीरज सिंह, थाना प्रभारी हरभजन सिंह सरपंच सीता सैनी ने व्यापारियों से समझाइश की। साथ ही शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया तत्पश्चात व्यापारी में जाम हटाया।

### अब अतिक्रमण पर होगी सख्त कार्रवाई

मामले को लेकर एसडीएम दामोदर सिंह की अध्यक्षता में व्यापार मंडल एवं सब्जी ठेला विक्रेताओं एवं अन्य लोगों की बैठक हुई। बैठक में पंचायत प्रशासन के साथ तहसीलदार नीरज सिंह एवं थाना प्रभारी हरभान सिंह मौजूद रहे। इस दौरान निर्णय हुआ कि मुख्य बाजार में किसी भी प्रकार का सब्जी एवं फल का कोई ठेला नहीं लगाया जाएगा।

सब्जी मंडी मार्ग पर किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण नहीं रहेगा। यदि ऐसा होता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सब्जी एवं फल पूरी तरह से सब्जी मंडी में ही बिक्री होंगे।

## भामाशाह शिक्षको ने बदली विद्यालय की तस्वीर

### विद्यालय स्टाफ ने की अभिनव पहल



बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( नि.स. )।** भामाशाह शिक्षकों ने 71 हजार रूपये से की विद्यालय की रंगाई पुताई करवाकर जिले के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय टिगरिया के भवन की तस्वीर बदल दी।

संस्था प्रधान कानजी बैरवा ने बताया कि विद्यालय भवन की रंगाई पुताई नहीं होने के कारण भवन बदसूरत हो रहा था इसीलिए रंगाई पुताई की आवश्यकता को देखते हुए विधालय स्टाफ भामाशाह के रूप ने आगे आया। इनके आर्थिक सहयोग से विद्यालय की रंगाई पुताई करवाई गई। एसएमसी अध्यक्ष धनसिंह मीणा ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों के भौतिक संसाधनों के लिए विद्यालय स्टाफ समय-समय पर आर्थिक सहयोग करता रहता है। यह सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा इस बार विद्यालय को जरूरत थी तो शिक्षकों ने पहल करते हुए 71 हजार रूपये राशि का सहयोग करने वाले शिक्षक मोहनलाल ढोली , कालूराम प्रजापत , अर्जुन लाल यादव, सिराज खान का घनश्याम डीलर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामजीलाल मीन, वार्ड पंच अनिता देवी, शिव प्रसाद योगी, रामनारायण प्रजापत, रूपसिंह खारवाल, विमला देवी प्रजापत आदि ग्रामीणों ने पोधा भेंट कर अभिनंदन किया।

## गंदगी का अम्बार देख लगाई फटकार

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण के दौरान गंदगी का अम्बार देख जमादार को फटकार लगा कर मौँके पर तुरन्त सफाई की व्यवस्था कराई। मंगलवार को मालपुरा उपखण्ड अधिकारी व नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशानुसार नगरपालिका मालपुरा के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जाट जब जयपुर रोड का निरीक्षण कर रहे थे। तब ही एक कचरे के डिब्बे पास गंदगी का अम्बार देख नाराजगी प्रकट की। साथ ही मौके पर जमादार, सफाईकर्मियो व ऑटोचालक को मौके पर बुलाकर फटकार लगाई। साथ ही कचरे को उठवाने के साथ साथ शहर की सफाई व्यवस्था में कोताही नहीं बरतने के निर्देश प्रदान किए।

## सवाईमाधोपुर में स्वरोजगार सृजन केन्द्र का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान




**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** राइजिंग राजस्थान के तहत किए गए एमओयू को साकार करते हुए, प्योर इंडिया ट्रस्ट ने मंगलवार को शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय, सवाईमाधोपुर में स्वरोजगार सृजन केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। यह केंद्र सिडबी स्वावलंबन फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित बनो उद्यमी कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और उनकी उद्यमशीलता क्षमता को बढ़ाना है। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग की योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे स्वरोजगार की राह आसान हो सके। 'बनो उद्यमी - 51 बिजनेस आइडिया' पोस्टर प्रदर्शनी का विमोचन किया गया और पुस्तकें वितरित की गईं। यह प्रदर्शनी और पुस्तकें नए व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक लोगों के लिए मार्गदर्शक साबित होंगी। प्योर इंडिया ट्रस्ट के संस्थापक प्रशांत पाल ने कहा, स्वरोजगार सृजन केंद्र सूक्ष्म, लघु और मध्यम सेक्टर के विकास और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे।

## आमाघाटी वन क्षेत्र में बाघ टी-2309 की मौत,गर्दन पर मिले चोट के निशान

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** रणथम्भौर में भले ही वन विभाग की ओर से बाघों की मॉनिटरिंग और ट्रेकिंग के कितने ही दावे किए जा रहे हो, लेकिन बाघों की मौत का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को वन विभाग की टीम को आरओपीटी रेंज के आमाघाटी वन क्षेत्र में बाघ टी-2309 नाम के युवा बाघ का शव मिला। सूचना पर वन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और बाघ के शव को कब्जे में लिया। इसके बाद मेडिकल बोर्ड, वन विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया। वन विभाग के अनुसार आरओपीटी रेंज के जिस इलाके में बाघ का शव मिला है। वहां पर आम तौर पर बाघ टी-120 यानी गणेश व अन्य शक्तिशाली बाघों का मूवमेंट भी रहता है। वहीं बाघ के शव पर गर्दन के पास चोट के निशान और घाव भी मिले हैं। ऐसे में प्रथम दृष्ट्या बाघ की मौत आपसी संघर्ष में होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। बाघ की मौत के बाद रणथम्भौर बाघ परियोजना के सीसीएफ अनूप के आर, उपवन संरक्षक रामानंद भाकर, मेडिकल बोर्ड सदस्य और अन्य अधिकारी भी राजबाग पहुंचे और इस मामले की जानकारी ली। बिगड़ रहा बाघ-बाघिन अनुपात इसलिए हो रहा संघर्ष = वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार पिछले कुछ सालों से रणथम्भौर से बाघों की तुलना में बाघिनों को अधिक शिफ्ट किया गया है। इसके फलस्वरूप रणथम्भौर में बाघ बाघिन का अनुपात लगातार बिगड़ता जा रहा है। ऐसे में बाघिनों के फेर में अधिकतर बाघों के बीच संघर्ष के मामले सामने आते रहते है और इनमें कई बार बाघों की जान तक चली जाती है।

**एक्सपर्ट व्यू :** हर बार रणथम्भौर से ही प्रदेश के अन्य टाइगर रिजर्व में शिफ्टिंग की जाती है। अब तक रणथमभौर से बाघों की तुलना में करीब दुगनी से अधिक बाघिनों को शिफ्ट किया गया है। ऐसे में यहां पर बाघ बाघिन अनुपात लगातार बिगड़ रहा है।

**धर्मेन्द्र खाण्डल, वन्यजीव विशेषज्ञ, सवाईमाधोपुर।**

**इनका कहना है...**

आमाघाटी वन क्षेत्र में बाघ का शव मिला है। बाघ की गर्दन पर चोट के निशान है। प्रथम दृष्ट्या यह टेरोटोरियल फाइट का मामला लगता है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही इस संबंध में स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा।

**अनूप के आर, मुख्य वन संरक्षक, रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाईमाधोपुर।**

## पलके ही पलके पर झूमे श्रद्धालु



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** महेश सेवा सदन में शर्मा श्याम परिवार के सौजन्य से आयोजित विरोट श्याम भजन संध्या में श्रद्धेय नन्दू जी शर्मा के धमाल पलके ही पलके पर मौजुद श्रोता मंत्रमुग्ध होकर जयकारे लगाते हुए झूम पर नाचे गाए। बीति देर रात्रि आयोजित भजन शर्मा का शुभारम्भ बाबा श्याम की आरती के साथ हुआ। आरती के बाद निवाई से आए भजन गायक राजू खण्डेलवाल ने गणेश वंदना के बाद बाबा श्याम को रिझातू हुए कई भजन प्रस्तुत किए। इनके बाद जयपुर से आए भजन गायक राजेश आटोलिया ने बाबा श्याम का गुणगान करते हुए भजन प्रस्तुत कर मौजुद श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं इसी दौरान बाबा श्याम के इस पावन दरबार में मुख्य भजन गायक परम श्रद्धेय नन्दकिशोर शर्मा नन्दू भैया ने प्रवेश कर सर्वप्रथम बाबा श्याम की अनुपम व नयनाभिराम झांकी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। बाद में नन्दू जी ने सर्वप्रथम बालाजी महाराज का भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को हाथ उठाकर तालिया बजाने व झुमने के लिए मजदूर कर दिया। इस दौरान नन्दू भैया ने बताया कि उनका मालपुरा से गहरा नाता है। लगभग 24 वर्ष पूर्व श्याम गुणगान यात्रा लेकर मालपुरा आए थे। लम्बी अवधि तक मालपुरा नहीं आ सके लेकिन यहां के श्याम प्रेमीयो को वे कभी भुला नही सकते। इसके बाद नन्दू भैया ने बाबा श्याम को रिझाते हुए व गुणगान करते हुए कई मधुर भजन प्रस्तुत किए। अंत में धमाल के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं को बाबा श्याम के इस पावन दरबाार में जयकारो के साथ नाचने गाने के लिए मजबूर किया।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**टोंक,( का.स. )।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आभासी सुनवाई और उपभोक्ता न्याय तक डिजिटल पहुंच विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरिया ने कहा कि भारत में उपभोक्ता न्याय की पहुंच को बढ़ाने के लिए वर्चुअल सुनवाई उन लोगो के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जो शारीरिक रूप से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सकते है। यह प्रणाली समय और संसाधनों की बचत करती है और उपभोक्ताओं को अधिक सुविधाजनक तरीके से न्याय प्रदान करने मदद करती है। जिला उपभोक्ता विवाद के सदस्य दिनेश चतुर्वेदी ने कहा कि इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जमाने में उपभोक्ताओं को भी समय के साथ शिक्षित और जागरूक होने की आवश्यकता है। उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति एवं नई टेक्नोलॉजी के बारे में शिक्षित एवं जानकार नहीं होने से साइबर क्राइम एवं उपभोक्ताओं का शोषण करने वाले अपराधियों के शिकार हो जाते है। उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति एवं नई टेक्नोलॉजी के बारे में शिक्षित और समझदार हो तो शोषण के शिकार होने से बच सकते है। यदि कोई उपभोक्ता इनके शिकार भीं हो जाते है पीड़ित उपभोक्ता को न्याय प्रदान करने के लिए संविधान में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 बना रखा है जिसमें समय के साथ नई तकनीकी आने से बदलाव कर नया उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 बनाया है जो 20 जुलाई 2020 को लागू किया गया है। जिला रसद अधिकारी ओमप्रकाश जोतड़ ने कहा कि हम सभी उपभोक्ता है तथा किसी वस्तु या सेवा में दोष होता है तो उसके लिए जिला स्तर, राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर पर उपभोक्ता आयोग बने हुए है जहाँ पर हम सरल, सस्ता व त्वरित न्याय प्राप्त कर सकते है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत उपभोक्ता वस्तुओं में किसी तरह की खराबी या कोई भी सेवादोष के लिए इन आयोगों में शिकायत दर्ज करवा सकते है।

संगोष्ठी में बार एसोसियशन टोंक के अध्यक्ष सुधीर मिश्रा, प्रवर्तन अधिकारी रामभजन मीना व धर्मचंद अग्रवाल ने भी उपभोक्ताओं के हितों के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी संपत राम वर्मा, एडवोकेट केदारमल गुर्जर, मोहम्मद मिया गुलजार, विनोद कुमार, राजस्थान उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष मो. अजमल, राशन डीलर शकील अहमद, अयाज अहमद, ताहिर अहमद, ग्यारसी लाल मीणा, मनीष शर्मा, मुरारी लाल वर्मा, मुकेश साहू एवं जगदीश सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

अलवर नगर निगम की शानदार पहल

# अलवर के सौंदर्यकरण में लगाए जा रहे हैं चार चाँद

## दीवारों पर अद्भुत पैंटिंग से शहर बना आकर्षण का केन्द्र



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( रूपक शर्मा )** । अलवर शहर में इन दिनों शहर के सौंदर्यकरण में लगाए जा रहे चार चाँद से ना केवल शहर सुन्दर लग रहा है बल्कि शहर की दीवारों व प्याऊ से ये शहर लोगों के लिए आकर्षण का विषय बनता जा रहा है। शहर के व्यपारी और उद्योगपति शहर के इस शानदार सौंदर्यकरण से खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। नगर निगम प्रशासक जिला कलक्टर डॉ.अर्तिका शुक्ला और नगर निगम कमिश्नर जितेन्द्र नरूका की इस शानदार पहल और अनूठे प्रयास शहर के लोगों को खासे भा रहे हैं। वहीं स्वच्छता सर्वेक्षण की इस अनूठी पहल में शहर में हो रही पेंटिंग लोगों के लिए सेल्फी पाईंट्स भी बनती जा रही हैं। आई लव अलवर जैसी पैंटिंग के साथ लोग सेल्फी ले रहे हैं। ऐसे में शहर के लोगों का क्या कहना है दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम ने की बात....

### क्या कहते हैं शहर के प्रबुद्ध जन



हमारा काम तभी सफल होता है जब पेंटिंग लोगों तक वह संदेश और भावना पहुंचाने में सक्षम होती हैं जिसके लिए उन्हें बनाया गया है। ये कहना है अलवर की जिला कलक्टर डॉ .अर्तिका शुक्ला का। अलवर में माई क्लीन सिटी शहर को सुंदर बनाने और प्रभावी ठोस अपशिष्ट निपटान के लिए दीवारों पर,पुराने भवनों पर व प्याऊँ पर पेड़ों के चित्र बनाए गए हैं, पक्षी व अरावली की पर्वतमालाओं को दर्शाया गया है। स्कूल की दीवारों को बहुत बेहतरीन तरीके से पेंटिंग करके सजाया गया है ताकि स्कूली बच्चों पर अपने शहर की सुंदरता को लेकर एक अच्छा संदेश जाए।

**डॉ .अर्तिका शुक्ला,डीएम अलवर**



अलवर में पिछले एक महीने से लगातार स्वच्छता पर जो कार्य किया जा रहा है वो काबिले तारीफ है। अब शहर की दीवारों व पुराने भवनों पर जो शानदार पेंटिंग की जा रही है उसका सच में कोई मुकाबला नहीं है। अलवर बहुत ही सुंदर शहर है इसकी सुंदरता को बनाए व बचाए रखने में हम सबको अपना फर्ज निभाना होगा। बाहर से आने वाले हमारे मेहमान व संबंधी अलवर के लिए अच्छा संदेश देकर जाएं जिससे हमारा सीना भी गर्व से चौड़ा हो। इसके लिए सभी को सोचना होगा। नगर निगम के इस प्रयास का हम स्वागत करते हैं।

**अभिषेक तनेजा, निदेशक बाबा कलाकंद**















शहर के सौंदर्यकरण में नगर निगम बहुत ही शानदार कार्य कर रही है। शहर में ऐसे अनेकों पाईंट्स हैं जहां दीवारें जर्जर हुई पड़ी हैं उन्हे सही करवाकर पेंटिंग करवाकर शहर की सुन्दरता को चार चाँद लगाए जाने के इस प्रयास का हम स्वागत करते हैं। अब लोगों से भी विनती है कि इन खूबसूरत दीवारों पर पोस्टर्स लगाकर या विज्ञापन लिखकर इन्हे खराब ना करें।

**शंशाक झालानी,सीबा मसाला उद्योग**



शहर में पुरानी प्याऊ व अन्य सरकारी दीवारों पर स्वच्छता जागरूकता के लिए पेंटिंग करवाई जा रही है। नगर निगम प्रशासक जिला कलक्टर डॉ.अर्तिका शुक्ला जी के निर्देश पर ये कार्य किया जा रहा है। शहर हम सबका है इसे साफ सुधरा रखना हम सबका फर्ज है। इसे स्वच्छ व सुन्दर बनाए रखने में निगम का सहयोग आप सबसे अपेक्षित है।

**जितेन्द्र नरूका, कमिश्नर नगर निगम**



शहर में लाजबाव पेंटिंग करवाकर वास्तव में निगम बहुत ही शानदार कार्य कर रही है। नगर निगम टीम को साधुवाद। दिल्ली जयपुर के बीच बसा अलवर वास्तव में बेहद शानदार व प्राकृतिक स्थलों व अरावली की पर्वतमालाओं से लदा हुआ बेहद सुंदर शहर है। निगम द्वारा करवाए जा रहे इस आलौकिक कार्य से ना केवल पयर्टक उद्योग को बढ़ावा मिलेगा अपितु बाहर से आने वाले भी अलवर की सुन्दरता के लिए एक अच्छा संदेश लेकर जाएंगे। मीड़िया से जुडे होने के नाते हम भी लोगों से अपेक्षा करते हैं कि वे इस सुन्दरता को बनाए रखने में निगम की मदद करें।

**नीरज जैन, डायरेक्टर माध्यम टीवी**

# योग एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा को अपनाये : डॉ. बीरेन्द्र शर्मा




बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए पूर्ण रूप से निरोगी रहना आवश्यक है इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को योग एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को अपना होगा यह कहना है स्वतंत्रता सेनानी पाण्डेय् केहरी सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आयुर्वेदिक चिकित्सा डॉ वीरेंद्र शर्मा का। डॉ वीरेंद्र शर्मा स्थानीय जीबी कॉलेज के द्वारा संचालित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के समापन अवसर पर अपना उद्बोधन दे रहे थे। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नर्सिंग ऑफिसर चंद्रशेखर पाण्डेय् द्वारा शिक्षार्थी छात्र-छात्राओं में बढ़ते हुए आत्महत्या के कारणों पर विचार व्यक्त करते हुए इसको रोकने के लिए उपाय के बारे में जानकारी दी । वही सभी छात्र-छात्राओं को इसके लिए स्टाफ सहित शपथ दिलाई! कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर दिनेश कुमार अवस्थी ने कहा कि स्वयंसेवकों को विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत के तहत 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए सहयोग करने का संकल्प लेना चाहिए। सरकार की ओर से चलाई गई जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए और संकल्प योजना में सहयोग करने के लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करना चाहिए । कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर उर्वशी पाराशर बताया कि छात्राओं को अपनी आत्मरक्षा के गुणों का प्रशिक्षण दिया, छात्राओं को अपनी आत्मरक्षा के गुणों को विकसित कर एक सशक्त भारत का निर्माण करने का सहयोग प्रदान कर सकें ।

कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय विनोद कुमार ने बताया कि विकसित देशों में स्थिर अर्थव्यवस्था जीवन स्तर बेहतर जीवन प्रत्याषाएं होती हैं हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर दिनेश कुमार अवस्थी कॉलेज प्रवक्ता विष्णु कुमार मीणा श्रीमती सीमा शर्मा, मोहन सिंह , चंद्र मोहन मीणा समस्त कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

# कांग्रेस ने गृहमंत्री के इस्तीफा की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से सोपे ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( नि.स. )।** एआईसीसी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान के राज्यव्यापी आवाहन पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला ,ब्लॉक, पीसीसी सदस्यों,अग्रिम संगठनों,तथा जनप्रतिनिधियों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा की अगुवाई में राष्ट्रपति महोदया को जिला कलेक्टर के मार्फत ज्ञापन दिया गया। जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि ज्ञापन से पहले अंबेडकर पार्क में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि कर सभा आयोजित की गई सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सूपा ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा विश्व के सबसे मजबूत एवं पारदर्शी संविधान एवं लोकतंत्र का निर्माण करने वाले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब के प्रति जो अपमानजनक एवं अशोभनीय टिप्पणी की है, उसकी जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर घोर निंदा करती है तथा इस निंदनीय कृत्य के लिए एवं नैतिकता तथा अपनी गलती को स्वीकार करते हुए गृहमंत्री अमित शाह से तुरंत इस्तीफे की मांग करती है। सभा को ब्लॉक अध्यक्ष दयाचंद पचौरी भरतपुर, जाटव सेवर, लाखन हिंगोली कुम्हेर, सुगड़सिंह जाटव नगर, देवेंद्र पहाड़ी,वीकेश फौजदार एनएस यू आई, निरंजन सेवादल आदि ने भी संबोधित किया। सभा के बाद में अंबेडकर पार्क से जिला कलेक्टर कार्यालय तक बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया। सभा का संचालन संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया। पैदल मार्च में सभी कार्यकर्ता बाबा साहेब अमर रहे, भाजपा सरकार मुर्दाबाद और अमित शाह इस्तीफा दो आदि नारे लगाते हुए कलेक्टर कार्यालय तक पहुंचे। ज्ञापन पत्र जिला कलेक्टर की अनुपस्थिति में एडीएम सिटी राहुल सैनी को दिया गया। उक्त कार्यक्रम में राजू प्रधान रूपबास, आरिफ खान प्रधान नगर, सतीश सोगरवाल, ओम प्रकाश उपप्रधान सेवर,जगदीश बंजी, धर्मेंद्र शर्मा पीसीसी, देशराज पहाड़िया पीसीसी, पार्षद रेनू गौरावर,पार्षद रामेश्वर सैनी, पार्षद मुकेश जाटव, रमेश पाठक,श्री भगवान कटारा ,लक्ष्मण केन, अजयपाल दारापुरिया, मनोज शर्मा, भरत गादोली, विष्णुदत्त शर्मा, राजेंद्र सारस्वत,प्रेमसिंह प्रजापत, उपेंद्र चंदेला,नदीम मलिक,संजय चंदेला, चंद्रभान फौजदार, सात्यकि देशवाल,परवीन खान, रमा हजारी,सीमा सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन शामिल थे।

# विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस स्वंयसेवकों ने की ट्रैकिंग, किया श्रमदान और ध्यान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )** । मंगलवार को श्री लालदास मंदिर, धौलीदुब में आयोजित हो रहे बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारो इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस स्वंयसेवको ने मंदिर परिसर में श्रमदान और ध्यान का अभ्यास किया। विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस श्री लालदास मंदिर में प्रात: 9 बजे से प्रथम सत्र में स्वंयसेवको ने डॉ महेश गोठवाल और डॉ अनिल यादव के निर्देशन में परेड का अभ्यास किया तथा मंदिर परिसर में गड्ढो में मिट्टी भरने का कार्य करते हुए श्रमदान किया। द्वितीय सत्र में स्वंयसेवको को हार्टफुलनेस से हेम नारायण सैन और ओम प्रकाश सैन ने ध्यान और योग का अभ्यास करवाया। तृतीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरोज मीणा, डॉ.महेश गोठवाल, डॉ.अनिल यादव और डॉ सुभाष खटीक के निर्देशन में धौली दुब के पहाड़ों में स्वंयसेवकों ने ट्रैकिंग का आनन्द लिया।देश भक्ति के गीत गाते हुए स्वंयसेवकों ने प्रकृति की सुंदरता का आनन्द लिया। पहाड़ी रास्ते पर स्वंयसेवकों ने प्लास्टिक कचरे को इकट्ठा कर उसका निस्तारण करते हुए श्रमदान किया। शिविर के आयोजन में अंकित मधुकर, अंजली शर्मा, लक्की, करण, कुलदीप, अमनदीप, धीरज, कुशल वर्मा, राहुल शर्मा, मनोहर लाल, कुलदीप सैनी, निखिल शर्मा, साकिर, अभिषेक कुमार, गौरव, अमन, सुनील कुमार, सचिन,सचिन जांगिड़, मोहित जाट, धीरज साहू, अल्का, राजकुमार, आदिल खान, ज्योति चौहान, किरोड़ी मीणा आदि का विशेष सहयोग रहा। सभी स्वंयसेवको ने शिविर में सामूहिक भोज का आनन्द लिया।

# उपभोक्ता शिक्षा का प्रचार-प्रसार हो : चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**वैर /भरतपुर ( गोपाल पाठक )।** गाँव जटवलाई निवासी एवं कंज्यूमर कांफ्रेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्य बृजेन्द्र चौधरी ने भरतपुर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहाँ कि उपभोक्ता अपने अधिकारों को जाने और जरूरत पड़ने पर इनका लाभ ले। भ्रमिक विज्ञापन व आकर्षित पेकिंग उपभोक्ताओ की जेब पर डांका डाल रहें हैं। ऑनलाइन वस्तु खरीदते समय सावधानी बरतें। उपभोक्ता जागरूक एवं जानकार बने। भारतीय मानक ब्योरो के ऐप का प्रयोग करें। इस ऐप के माध्यम से आप वस्तु गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त कर सकते है। देश में दुग्ध उत्पादन का गिरता ग्राफ खतरे की घंटी है। ताज़ा खबरों से पता चला है कि वर्ष 2017 से लेकर 2022 के बीच सालाना औसत ग्रोथ 6 प्रतिशत से ऊपर रही है। वर्ष 2023 -24 में घटकर 3.78 प्रतिशत रह गई है। जो एक चिंता का विषय है। दूध मिलावट की खबरें आये दिन अखबारों में जगह बना रही है। हमें आगामी पीढ़ी को जागरूकता का पाठ पढ़ाना होगा। अगर अब नहीं जागे तो, बहुत देर हो जायेगी। धोखाधड़ी होने पर उपभोक्ता अपनी शिकायत 1915 पर दर्ज कराये और उपभोक्ता कानून का सहारा ले।

चौधरी ने आगे कहाँ कि उपभोक्ता शिक्षा विद्यालय स्तर से ही छात्र-छात्रों को देनी चाहिए। और उपभोक्ता जागरूकता के लिए सरकार को एक वर्ष का कलेंडर बनाना चाहिए। यह कार्यक्रम जिला रसद विभाग व जिला उपभोक्ता संरक्षण द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर आयोजित किया गया था।

# नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा प्रमुख वर्मा को मिला डायमंड अवार्ड

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )** । नारायण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित उदयपुर में अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड समारोह किया गया। जिसमें देशभर से सभी प्रदेशों से पधारे भामाशाह एवं दानदाताओं को साथ ही देश में संचालित सभी प्रमुख शाखाओ के अध्यक्ष, एवं सेवा प्रेरक, सेवा प्रचारक को,अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। संस्थान के शाखा विभाग के प्रभारी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड समारोह में पीड़ित मानवता, एवं दिव्यांगजनों के कल्याणअर्थ उत्कृष्ट सेवाओं के लिए एवं समाज में योगदान लिए अंतर्राष्ट्रीय सेवा अवॉर्ड समारोह 2024 के अंतर्गत अवार्ड को चार श्रेणियां में प्लैटिनम अवार्ड डायमंड अवार्ड गोल्ड अवार्ड सिल्वर अवार्ड नारायण सेवा



संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष कैलाश मानव जी एवं संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल के द्वारा देकर सम्मानित किया गया। जिसमें अलवर शाखा के अध्यक्ष एआर एस वर्मा को डायमंड अवार्ड से सम्मानित किया गया। संस्थान के शाखा अध्यक्ष द्वारा किए गए सेवा कार्यों की सराहना की गई एवं भविष्य में उन्हें उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रेरित किया।

# विद्युत आपूर्ति मे लो वोल्टेज व ट्रिपिंग से परेशान हैं किसान

बढ़ता राजस्थान

**वैर /भरतपुर ( गोपाल पाठक)।** वैर-भुसावर क्षेत्र में अव्यवस्थित बिजली सप्लाई की वज़ह से किसान परेशान है जिसको लेकर लखनपुर निवासी समाजसेवी बीनू शर्मा ने ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर को पत्र भेज कर समस्या से अवगत कराया है । वैर-भुसावर क्षेत्र में किसान को 6 घंटे बिजली नहीं मिल पा रहीं हैं वही किसान को वोल्टेज कम व ट्रिपिंग के साथ बिजली मिल रहीं हैं। किसान के लिये कृषि का समय चल रहा हैं। सरसों व गेहूं की फसल मे पानी दिया जा रहा है। वैर-भुसावर क्षेत्र की बिजली सप्लाई 220 केवी बिजलीघर हिंडोन से 132 केवी लाइन से दी जा रही है। इस लाइन पर चीखरू, वैर व भुसावर क्षेत्र जुड़ा हुआ है लाइन की क्षमता से अधिक लोड होने के कारण बार बार बिजली कटौती की जा रही है।

220 केवी बिजलीघर आमोली से 132 केवी लाइन भुसावर तक खींची जानी है जो अबतक नहीं खींची गयी है। कार्य मे देरी के कारण किसान को सही वोल्टेज व ट्रिपिंग रहित बिजली नहीं मिल पा रहीं हैं। समाजसेवी बीनू शर्मा लखनपुर ने बताया कि 15 दिन में यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन को मजबूर होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## निशुल्क ब्यूटीसियन ट्रेनिंग सेंटर व सिलाई प्रशिक्षण शिविर का किया शुभारम्भ

# महिला आत्मनिर्भर व सशक्त होगी तो समाज व देश मजबूत होगा : यादव

बढ़ता राजस्थान

बहरोड़ (सुभाष यादव)। भावना बाल पर्यावरण एवं शिक्षा संस्थान खोहर व संतोष देवी चेरीटेबल ट्रस्ट ज़ख़राना द्वारा चलाये जा रहे ग्राम गुंति व गोकलपुर में जीवन कौशल शिक्षा अभियान के अंतर्गत नि-शुल्क ब्यूटीसियन ट्रेनिंग सेंटर व सिलाई प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर शानू यादव प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा भाजपा राजस्थान रही। डॉक्टर सानू यादव ने बताया राठ क्षेत्र के विभिन्न गाँवो में अधिक से अधिक महिला परिवारों को इस मिशन से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की शुभकामनाएँ । ट्रस्ट के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांव में सामाजिक उत्थान, खेलकूद व महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में रमेश सिंह, किशन कुमार ,अशोक कुमार ,सतीश पंच ,लालाराम ,मंत्री यश कुमार ,मुकेश यादव, अमर सिंह , निशा शर्मा ,आरती सेन, सुनील कुमारी ,उषा शर्मा, रेखा वर्मा संतोष पूनम, क्रॉसता यादव व प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सैकड़ो से अधिक महिलाएं व ग्राम के गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

# एचडीएफसी बैंक की नई स्मार्ट लॉबी का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



अलवर (का.स.) । मंगलवार को ईटाराणा छावनी में एचडीएफसी बैंक की नई स्मार्ट लॉबी का शुभारंभ किया गया । मेजर जनरल डीपी सिंह द्वारा इस अवसर पर ईटाराना कैंट के क्लस्टर हेड कपिल बदलानी, क्लस्टर हेड अंकित मित्तल,ब्रांच हैड़ रवि शर्मा और एसबीएल आरएम हिमांशु कौशिक के अलावा कर्नल एम.के.साही, कर्नल आकाश, कर्नल क्यू और कर्नल बी बब्बरभान एवं ग्राहक मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल टीम में स्थान बनाने पर विद्यालय परिवार ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर पंचायत समिति के गाँव खेडली ब्राह्मण के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र नरेंद्र मोदी पुत्र स्वर्गीय मुनेश कुमार का चयन नेशनल टीम में हुआ है संपूर्ण भरतपुर जिले से सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता 17 वर्ष छात्र वर्ग में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय सॉफ्ट वॉल प्रतियोगिता 5 जनवरी 2025 से 9 जनवरी 2025 तक जलगांव महाराष्ट्र में आयोजित होगी! छात्र की प्रतिभा को स्थानीय विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सलमान अहमद ने पहचाना और उसको अपने स्तर पर खेल के लिए तैयार किया।

# कांग्रेस में शासन में स्वीकृत करोड़ों के कार्य नही हुए पूर्ण : भाया

## बाबा साहब पर आपत्तिजनक एवं असम्मानजरक टिप्पणी तथा भाजपा की नाकामी के एक साल को लेकर कांग्रेस ने की पत्रकार वार्ता आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अंता / बारां ( शफीक मंसूरी ) ।** बारां कांग्रेस जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामचरण मीणा के नेतृत्व में प्रेस कांफ्रेन्स आयोजित की गई जिसमे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर की गई आपत्तिजनक और असम्मानजनक टिप्पणी तथा भाजपा की नाकामी के एक साल को लेकर राष्ट्रपति के नाम जिला कलक्टर बारां को ज्ञापन सौंपकर अमित शाह की बर्खास्तगी की मांग की गई। प्रेस कांफ्रेन्स को वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं बून्दी विधायक हरिमोहन शर्मा, बारां जिला प्रभारी एवं विधायक बामनवास श्रीमती इन्द्रा मीणा, पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा, पूर्व विधायक पानाचन्द मेघवाल, करणसिंह राठौड, श्रीमती निर्मला सहरिया द्वारा सम्बोधित किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा एवं पूर्व विधायक पानाचन्द मेघवाल ने नेतृत्व में अम्बेडकर सर्किल पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं बून्दी विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा कि राजस्थान में भाजपा सरकार को सत्ता संभाले एक वर्ष पूरा हो चुका है, लेकिन सरकार अपने कार्यकाल में जनता को किसी भी प्रकार की राहत प्रदान करने में पूरी तरह से असफल साबित हुई है। मंहगाई, बेरोजगारी, महिला अत्याचार और किसानों की समस्याओं से जुडे मुद्दों पर सरकार कोई काम नही कर पाई है।

### जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह फैल : पानाचन्द

### बामनवास विधायक एवं बारां जिला प्रभारी इन्द्रा मीणा ने

कहा कि सत्तारूढ भाजपा के अमित शाह ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अपमान करते हुए कहा कि अभी एक फैशन हो गया है पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने कहा कि जिले में सिंचाई, सड़क, पेयजल, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा जो कि आमजन से जुडे हुए विकास के कार्य थे, जिनको हमारे द्वारा कांग्रेस शासन के दौरान करोडो रूपए की राषि से स्वीकृत करवाए थे लेकिन आज तक भी वह कार्य पूर्ण नही हो पाए है तथा कई कार्य मौके पर बंद पडे हुए है। डोल मेला तालाब सौर्न्यकरण के लिए 50 करोड स्वीकृत करवाए थे लेकिन इसका द्वितीय चरण का काम बंद पडा हुआ है। तेलफेक्ट्री ओवरब्रिज का कार्य अभी तक पूर्ण नही हुआ है। परवन वृहद सिंचाई परियोजना डेम का 70 प्रतिषत कार्य कांग्रेस शासन के दौरान पूर्ण हो चुका था, पाईप लाईने गढ चुकी थी लेकिन भाजपा शासन में इसकी गति अवरूद्व है। बारां जिले के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण विकास ठप पड़े हुए है। पूर्व विधायक पानाचन्द मेघवाल ने कहा कि गत एक साल में जिले की कानून व्यवस्था तार-तार हो गई है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार पुलिस विभाग खुद ही जब कानून व्यवस्था बिगाडने के काम करेगा तो फिर कानून व्यवस्था की सरकार से उम्मीद रखना निरर्थक है। जिला पुलिस की कार्यशैली इतनी बर्बरतापूर्ण व दमनकारी हो चुकी है कि लोगों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर होना पड रहा है । कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान जो सरस दूध डेयरी का डिपो बारां जिले में शुरू किया गया था उसे यहां से स्थानान्तरित कर झालावाड जिले में शिफ्ट कर दिया जिससे यहां के पशु पालकों एवं किसान भाईयों को परेशान होना पड़ रहा है। जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपे जाने एवं पत्रकार वार्ता के दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

# कोटा महोत्सव में सहोदय कांप्लेक्स से जुड़े विद्यालयों की सांस्कृतिक प्रतियोगिता



बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** कोटा महोत्सव के अंतर्गत सीबीएसई से संबंधित विद्यालयों के संगठन कोटा सहोदय कांप्लेक्स के तत्वाधान में निजी विद्यालय के विद्यार्थियों के सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन रिवर फ्रंट पर किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने एक से एक बढ़कर प्रस्तुतियां देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अतिथियों में एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, शिक्षा मंत्री के ओएसडी सतीश गुप्ता, सीडीईओ के के शर्मा एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, सहोदय कांप्लेक्स के उपाध्यक्ष विनीत बक्शी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की जमकर तारीफ की और कहा, सब की प्रस्तुतियां इतनी शानदार थी कि निर्णय कर पाना बहुत कठिन था। प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र उनके विद्यालयों के माध्यम से प्रदान कर दिए जाएंगे। सहोदय कांप्लेक्स महासचिव एवं कार्यक्रम संयोजिका लता कोठारी ने बताया कि प्रतियोगिता में 19 विद्यालयों की भागीदारी रही।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ग्लोबल पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान पर डीपीएस एवं विद्यांजलि स्कूल तथा तृतीय स्थान पर बख्शीज स्प्रिगडेल्स विद्यालय की प्रस्तुतियां रहीं। कार्यक्रम में गणेश वंदना एस आर पब्लिक स्कूल की ओर से प्रस्तुत की गई। इसके बाद एक से एक बढ़कर प्रस्तुतियां मंच पर उतरती गई। इनमें कृष्ण अवतार, भगत सिंह, पन्नाधाय पर आधारित प्रस्तुतियों ने मन को छू लिया। योगा डांस, राजस्थानी लोक नृत्यों का फ्यूजन एवं अन्य राजस्थानी नृत्य भी खूब भाए। शास्त्रीय संगीत, बांसुरी वादन की प्रस्तुतियों ने भी खूब दाद पाई। महिला सशक्तिकरण का संदेश भी नाटिका के माध्यम से दिया गया। मंच संचालन विजय एवं लक्ष्मी देवी ने किया।

# आज परवान पर रहेगा कोटा महोत्सव का रंग, होंगे बहुरंगी कार्यक्रम

## मोनिशा नायक की कथक प्रस्तुति रिवर फ्रंट, राजस्थानी लोक कलाकारों का कार्यक्रम विजयश्री रंगमंच पर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** कोटा की सांस्कृतिक विरासत और संस्कृति का साक्षात करा रहे कोटा महोत्सव के दो दिन बहुरंगी गतिविधियों से सराबोर रहे जिनका शहरवासी जम कर लुत्फ रहे हैं।

जनसमूह उमड़ रहा है विभिन्न आयोजनों में भागीदारी और रिवर फ्रंट का सौंदर्य निहारने के लिए। कोटा महोत्सव के आखिरी दिन बुधवार को भी सुबह से शाम तक आकर्षक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी।

### सेलिब्रिटी नाइट में मोनिशा नायक की कथक प्रस्तुति

25 दिसंबर को सायं 6 बजे चंबल रिवर फ्रंट शौर्यघाट तथा राजस्थान के विभिन्न लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति सायं 6 बजे विजय श्री रंगमंच पर की जाएगी।

### साफा एवं मूंछ प्रतियोगिता

कोटा महोत्सव के अंतर्गत 25 दिसंबर को सुबह 10 बजे साफा-मूंछ प्रतियोगिता का आयोजन पर्यटन विभाग के तत्वाधान में किया जाएगा।पर्यटन अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता में सबसे लंबी मूंछों वाले एवं सबसे जल्दी एवं श्रेष्ठ साफा बांधने वाले प्रतियोगी को सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागी रिवर फ्रंट वेस्टर्न घाट जाकर ऑन स्पॉट अपनी प्रविष्टि कर सकते हैं।

### लोकल टेलेन्ट हंट विजेताओं की प्रस्तुतियां, युवा महोत्सव

लोकल टेलेन्ट हंट विजेता कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां, युवा महोत्सव के विजेताओं द्वारा प्रस्तुतियां प्रात: 11 बजे से रिवर फ्रंट वेस्टर्न घाट पर होगी।

### कोटा डोरिया फैशन शो

कोटा डोरिया फैशन शो एवं कोटा क्वीन प्रतियोगिता रिवरफ्रंट वेस्टर्न घाट पर होगी।

### बैंड वादन और आतिशबाजी

किशोर सागर तालाब पर सायं 6 बजे से बैण्ड वादन एवं आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा।

# उपभोक्ताओं की जागरूकता से ही उनके अधिकारो की रक्षा होगी : माहेश्वरी

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष में मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में उपभोक्ता न्याय के लिए परिवादों की 'वर्चअुल सुनवाई एवं डिजिटल पहुंच थीम पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष रविन्द्र माहेश्वरी एवं सदस्य संतोष भाकल मौजूद रहे। संगोष्ठी में उपभोक्ताओं के अधिकारों को लेकर व्यापक विचार विमर्श किया गया। जिला उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष ने कहा कि उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए राज्य व जिला स्तर पर आयोग संचालित है। बढ़ती हुई ऑनलाइन खरीदारी को देखते हुए भारत सरकार ने ई-कामर्स संबंधी नियम बनाए है। उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति स्वंय जागरूक होना होगा । ग्राहकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक एवं सजग रहना होगा । उन्?होंने कहा कि कोई भी सामान खरीदते समय उसका बिल अवश्य लें। साथ ही प्रत्येक उत्पाद के शुद्वता, मात्रा, पैकिंग तिथि, समाप्ति तिथि आदि के संबंध में जानकारी होना आवश्यक है। अगर किसी विक्रेता ने धोखा दिया है तो इसकी तुरन्त शिकायत दर्ज करवाएं। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल बीमा कंपनियों के नियमों की जानकारी भी प्रदान की जावे।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उपभोक्ताओं के अधिकारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए ई-दाखिल पोर्टल शुरू किया है, इस पर उपभोक्ता अनुचित व्यापर व्यवहार की शिकायत ऑन लाइन दर्ज करवा सकते है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं में उपभोक्ता जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित करवाई जाए। जिला उपभोक्ता आयोग सदस्य संतोष भाकल ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के नए प्रावधानों में भ्रामक विज्ञापनों, ऑनलाइन माध्यमों द्वारा उपभोक्ताओं से की जाने वाली धोखाधड़ी पर भी कार्यवाही करने की बात कही । राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का संक्षिप्त परिचय देते हुए अधिवक्ता महावीर मेघवाल, हनुमान भाकल, जितेन्द्र चौधरी, प्रोफेसर सीमा चौधरी ने वर्तमान में प्रदत्त उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उपभोक्ताओं की जागरूकता पर बल दिया और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की मुख्य बातों पर प्रकाश डाला।

**प्रतियोगिता के विजेताओं को बांटे पुरस्कार :** विचार गोष्ठी के दौरान राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर आयोजित विविधि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए। इनमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम राजकीय महाविद्यालय के भारत गौतम, द्वितीय महिमा जैन, तृतीय हिमेश कुशवाह रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम नैनसी चौधरी, द्वितीय नितेश बैरवा, तृतीय संदीप मीणा को पुरस्कृत किया गया। संगोष्ठी का संचालन प्रवर्तन अधिकारी शिवजीराज जाट ने किया।

# अध्यक्ष के चुनाव को लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय के पदाधिकारीगण ने दौरा किया



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के नवनिर्वाचित 5 जनवरी को अध्यक्ष के चुनाव को लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय के पदाधिकारीगण ने दौरा किया।जिसमें ताल नगर पोरवाल युवा संगठन द्वारा सभी पधारे पदाधिकारीयो का स्वागत साफा बांधकर सम्मान किया। जिसमें नवनिर्वाचित चुनाव की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी और सदस्यता के पत्र को वितरण किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद जी ड़बकरा, चुनाव मार्गदर्शन राजेंद्र संघवी ,प्रदेश अध्यक्ष अशोक मजावदिया ,नरेंद्र उदिया, जितेंद्र काला, नागेश्वर गुप्ता, कमल गुप्ता ,शांतिलाल पोरवाल,आदि पदाधिकारी का अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन ताल द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

5 जनवरी 2025 रविवार को आयोजित पिपलिया मंडी में पोरवाल मांगलिक भवन में अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के निर्वाचन कार्यक्रम में पोरवाल युवा संगठन ताल को उपस्थित होने हेतु अनुरोध किया इस अवसर पर ताल पोरवाल युवा संगठन के सभी पदाधिकारी एवं गणमान्य समाज जन मौजूद रहे।

# विधायक शर्मा ने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ जनसमस्याओं पर चर्चा की



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** विधायक हरिमोहन शर्मा सोमवार को डाबी के एक दिवसीय से दौरे पर रहे। शर्मा ने डाबी में प्रभू दास बैरागी के आकस्मिक निधन के उपरांत उनके निवास स्थान पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही डाबी स्थित कार्यालय में पहुंच कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर विचार विमर्श किया। डाबी के साथ-साथ शर्मा ने सूतडा पंचायत के ग्राम भवानीपुरा एवं डोरा पंचायत में जनसमस्या सुनी और उनके निराकरण हेतु प्रयास किया। ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुरा के ग्राम भीलों की मरांडी में आयोजित तिथि बंधन पूर्णाहुति कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मां रमा देवी जी के दर्शन लाभ लेकर क्षेत्र की खुशी की मंगल कामना की और शर्मा ने समस्त भील समुदाय के लोगों से मेल मुलाकात कर उनकी मांग के अनुसार मा रमा देवी जी के सामने सार्वजनिक स्थान पर चार दिवारी एवं टीन सेट निर्माण कार्य हेतु?50 हजार की घोषणा की।

दौरे के दौरान शर्मा के साथ पूर्व सरपंच चंद्र प्रकाश दाधीच, पूर्व प्रधान मोहन गुर्जर, मंडल अध्यक्ष कन्हैया लाल मेघवाल, मंडल अध्यक्ष मनवीर सिंह, युवराज राठौर, लालचंद शर्मा, प्रकाशचंद जैन सहित प्रमुख कार्यकर्ता सम्मिलित रहे ।

# विधुत विभाग मे जी पी एफ कटौती के आदेश प्रसारित, कर्मचारियो मे खुशी की लहर

बढ़ता राजस्थान




**रावतभाटा ( नि.स. )।** विधुत विभाग मे पुरानी पेंशन स्कीम लागू हुए लगभग दो वर्ष हो गए थे परन्तु प्रशासन इसका परिलाभ लम्बे समय से कर्मचारियो को नही दिया जा रहा था इसके लिए सभी संगठनो ने अपने अपने स्तर पर कई प्रयास किये । फिर भी सरकार व प्रशासन के बीच फाइल को गेंद की तरह दबा रखी थी अन्ततोगत्वा सभी श्रमिक संगठनो ने एक साथ एकजुट होकर एक मंच पर आने का निर्णय लिए ओर सयुंक्त संघर्ष एकता मंच के बेनर तले विद्युत निगम मे समयबद्ध अलग-अलग चरण पर कार्यक्रम आयोजित किये जिसमे प्रथम स्तर पर माननीय मुख्यमंत्री एवं श्रीमान अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय ऊर्जा विभाग महोदय के नाम ज्ञापन सभी उपखण्ड, खण्ड के सहायक अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता मे माध्यम से दिये गए। दुसरे चरण मे सभी सम्भाग व जिला के अधीक्षण अभियन्ता व जिला कलेक्टर महोदय के माध्यम से ज्ञापन से माननीय मुख्यमन्त्री महोदय एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग के नाम ज्ञापन दिया गया । तथा तीसरे चरण मे दिनांक 16/12/2024 जोधपुर एवं अजमेर डिस्काम के अनुसार एम डी कार्यालय पर संयुक्त एकता संघर्ष समिति के बैनर तले धरना-प्रदर्शन किया गया है तथा दिनांक 20/12/2024 को सयुंक्त संघर्ष एकता समिति मंच के बेनर तले विद्युत भवन परिसर जयपुर मे विशाल धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था । तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय ऊर्जा विभाग के साथ संगठन से वार्ता सकारात्मक हुई तथा सचिव प्रशासन रा वि पि एन ने लिखित मे देने के बाद धरना-प्रदर्शन की समापन की घोषणा हुई यह यह आश्वासन दिया की दिसंबर 2024 के माह से सी पी एफ के जी पी एफ कटौती शीघ्र शुरू कि जायेगी ।

उसी के उपरान्त दिनांक 23/12/2024 को नोटिफिकेशन जार दिया गया है इससे विद्युत विभाग के कर्मचारियो मे खुशी की लहर को सभी ने लड्डू खिलाए एक दुसरे को बधाई शुभकामनाऐ देते हुए मुंह मीठा करवाया । इस कार्यक्रम का संचालन मुकेश गोस्वामी महामंत्री राजस्थान विद्युत प्रसारण श्रमिक संघ वृत कोटा ने किया तथा बाबु लाल धाप अध्यक्ष इंटक, रवि गुप्ता पीयर्स पदाधिकारी योगेन्द्र सिंह हाडा , सुनील कुमार अधिशासी अभियन्ता मीनाक्षी कार्मिक अधिकारी टी ए अधीक्षण अभियन्ता ( टी एण्ड सी ) कोटा आदि पदाधिकारियो ने सम्बोधन दिया तथा विरेन्द्र कश्यप अध्यक्ष उत्पादन, रवि गौतम महामंत्री उत्पादन राम बाबु सैनी कनिष्ठ अभियन्ता जितेंद्र कुमार भदौरिया सुरेंद्र कुमार दत्त युवराज सिंह सांखला ओमप्रकाश नागर मनोज सिंह नितिन कुमार सक्सेशना रेवती रमन जितेंद्र मालव मनीष कुमार रामकुमार नामा अभय कुमार पवित्र सिंह अमित कुमार शर्मा उपाध्यक्ष महासंघ मुकेश मीणा उत्पादन नरेंद्र महावर जितेंद्र कुमार शर्मा आदि कार्यकर्त्ताओ भाग लिया ।

# संगम कला ग्रुप के पोस्टर का हुआ विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** संगम कला ग्रुप के द्वारा आयोजित क्षेत्रीय गायन प्रतियोगिता के प्रथम पोस्टर का विमोचन 24 दिसंबर 2024 को राजकीय कला कन्या महाविद्यालय कोटा में प्राचार्य डॉ. सीमा चौहान राजकीय कला कन्या महाविद्यालय कोटा , प्रो 0 डॉ. बिंदु चतुर्वेदी, देवेंद्र कुमार सक्सेना कला संस्कृति समाज सेवी तबला वादक, डॉ. शिल्पी सक्सेना निदेशक संगीत वाटिका, सत्यनारायण गोस्वामी कला संस्कृति अध्यात्म सेवी एवं तबला वादक महूराज राव द्वारा किया गया। संगम कला ग्रुप द्वारा नव वर्ष में 12 जनवरी को सुगम संगीत गायन प्रतियोगिता का ऑडिशन कला दीर्घा में निर्धारित किया गया है, जिसमें चयनित प्रतिभागी कोटा का प्रतिनिधित्व दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में करेंगे। संगम कला ग्रुप एक प्रमुख गैर वाणिज्यिक पंजीकृत सांस्कृतिक संस्था है जो देश की कलात्मक पारंपरिक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विगत 44 वर्षों से निरंतर सुरतरंग नेशनल सिंगिंग टैलेंट हंट का आयोजन कर रही है। इस मंच के माध्यम से कोटा की श्रेया घोषाल, आदर्श सक्सेना, मीतू सोलंकी, सरिता राज, चंचल काबरा, निर्देश गौतम और रामकृष्ण वर्मा जैसे कई कलाकारों को संगीत के क्षेत्र में खुद को स्थापित करने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2025 है। यह प्रतियोगिता 5 से 30 वर्ष तक की आयु वर्ग के लिए है।




# छात्राओं को साइकिल वितरण की

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला( नि.स. )।** झालालाड़ जिले के गंगधार उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेडला में राजस्थान राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत कक्षा 9 की 30 छात्राओं को साइकिल वितरण की गई। इस दौरान विद्यालय के संस्था प्रधान लाल चंद सोनी द्वारा राज्य सरकार की अन्य योजनाओं के बारे में छात्राओं व अभिभावकों को जानकारी दी गई।साइकिल प्रभारी मनोज कुमार द्वारा प्रत्येक बालिका के हस्ताक्षर करवाकर साइकिल वितरण में सहयोग किया गया। इस अवसर पर बेडला ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे। साइकिलों को पाकर बालिकाओं के चेहरे खुशी से खिल गए। इस दौरान कुंज बिहारी निगम,सुरेश पचार,शैलेश कुमार सोलंकी, कुलदीप मीणा, राधेश्याम रेगर, प्रमोद कुमार दरिया,आमिर खान सहित कई ग्रामीणजन मौजुद रहे।

# जिला एवं सेशन न्यायाधीश सतीश चंद ने किया जिला कारागृह एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुक्रम में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अध्यक्ष सतीश चंद द्वारा जिला कारागृह धौलपुर एवं प्रिजिन लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल लीगल एड क्लीनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने लीगल एड क्लीनिक द्वारा संधारित रजिस्टरों का भी अवलोकन किया। निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता बाबत अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर तथा स्पेशल कैंपेन फॉर ओल्ड प्रिज्नर एण्ड टर्मिनली इल प्रिज्नर के तहत 70 वर्ष से अधिक वृद्ध और मनणासन्न बीमारी से ग्रसित कैदियों के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, सफाई, स्वास्थ्य, स्वच्छता, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा उन्होंने कारागृह के निरुद्ध नये बंदियों सहित एक-एक बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जेल में स्थित रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा कारागृह में स्थित अस्पताल में पहुंचकर दवाइयों के स्टॉक का भी अवलोकन किया। उन्होंने बंदीगण को उनके अधिवक्ता व परिजन से वार्ता की सुविधा बाबत आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सचिव रेखा यादव, जिला न्यायालय के पीए मनोज वर्मा, प्राधिकरण के स्टेनो राहुल डण्डौतिया, कनिष्ठ लिपिक सुरेन्द्र सिंह चीफ एलएडीसी अमित कम्ठान, डिप्टी एलएडीसी पप्पू सिंह गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी मीता अग्रवाल, दीपक सिकरवार, आराधना शर्मा, जेल अधीक्षक सुमन मीणा इत्यादि सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

## सामाजिक संस्था अग्रवाल फाउंडेशन की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण

# जनहित के साथ जरूरतमंदों की मदद करे संस्था, तब ही दायित्व का निर्वहन : ग्रीस गर्ग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** शहर के अग्रवाल समाज की संस्था अग्रवाल फाउंडेशन का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को शहर के बसेड़ी रोड स्थित एक निजी मेरिजहोम में आयोजित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मंचासीन अतिथियों ने अग्रवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक गोयल और उनकी टीम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अग्रवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक गोयल ने बताया कि हर वर्ष फाउंडेशन द्वारा आमजन के लिए कई प्रकार के सामाजिक कार्यों को किया जाता है। जिसमें नेत्रदान शिविर के साथ रक्तदान और अन्य कार्य शामिल हैं। फाउंडेशन का उद्देश्य है कि लोगों को एक दूसरे से जोड़ते हुए जनहित में काम किए जाएं। अग्रवाल फाउंडेशन की नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मंचासीन अतिथियों में अग्रवाल समाज के अखिल भारतीय सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग, धौलपुर जिला अध्यक्ष अग्रवाल समाज ऋषि मित्तल, बाड़ी अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग के साथ डॉ विनोद भदोरिया,भाजपा के पदाधिकारी विष्णु सिंगल, वरिष्ठ पत्रकार एसके मंगल मौजूद रहे। अग्रवाल फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी अंशुल गर्ग ने बताया कि आज फाउंडेशन के दायित्व ग्रहण समारोह के साथ शहर के समाजसेवी,भामाशाह स्वर्गीय द्वारिका प्रसाद गोयल की स्मृति में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र जांच के लिए 400 मरीज का पंजीयन हुआ। जिनमे से 125 मैरिज चिकित्सकों की टीम ने मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किए हैं। इन मरीजों को ग्वालियर रतन ज्योति हॉस्पिटल ले जाकर ऑपरेशन कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष नरेंद्र



गोयल,उपाध्यक्ष सचिन मंगल,सचिव एडवोकेट विपिन गर्ग, सूचना मंत्री विनय गोयल,संगठन मंत्री अश्वनी गोयल,समिति सदस्य अमन गर्ग,मोहित सिंघल,सुमित सिंघल,शैलेंद्र गर्ग और राजीव गर्ग मंगल मौजूद रहे।

# पश्चिमी विक्षोभ के चलते बढ़ी सर्दी, तापमान लुढ़का, बूंदाबांदी का दौर शुरू, सोमवार को दिनभर नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

## अलाव के सहारे सर्दी से बचने का प्रयास, नगर पालिका ने नहीं की अलाव और रेन बसेरो की कोई व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** प्रदेश में शुरू हुआ पश्चिमी विक्षोंप का असर अब धौलपुर जिले में भी देखा जा रहा है। सुबह सवेरे सूर्यदेव के दर्शन के बाद अचानक से जब बादलों का डेरा आसमान में जमा हुआ तो सूर्यदेव ओझल हो गए। ऐसे में लोग दिनभर सूर्यदेव के दर्शन का इंतजार करते रहे। वही शाम 4 बजे से पूरे उपखंड क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया है। नगर पालिका प्रशासन ने अभी तक सार्वजनिक स्थानो और चौराहों पर अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की है। कड़ाके की ठंड के बीच में अचानक से बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं के दौर के चलने से जहां तापमान लगातार नीचे लुढ़क रहा है। वही सर्दी का सितम शुरू हो गया है। मौसम विभाग की माने तो जहां उपखंड क्षेत्र में न्यूनतम पारा 4 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया है। वही अधिकतम पारा 18 डिग्री सेंटीग्रेड पर रुक गया है। ऐसे में दो डिग्री सेंटीग्रेड के तापमान में गिरावट आई है। वहीं दूसरी ओर पश्चिमी विक्षोप के चलते ठंडी हवाओं के साथ बूंदाबांदी के दौर ने ठिठुरन बढ़ा दी है और लोग गर्म कपड़ों के सहारे या अलाव के सहारे सर्दी से बचने का जतन कर रहे हैं। बाड़ी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कौशिक ने बताया कि आज सर्दी बहुत तेज है लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। सार्वजनिक स्थानों पर लोग ठिठुर रहे हैं। वहीं यात्रा करने वाले यात्रीगण परेशान हैं। ऐसे में जहां चौराहा और सार्वजनिक स्थानो पर अलाव की व्यवस्था तुरंत की जानी चाहिए। वही रेन बसेरे भी रोडवेज बस स्टैंड और अन्य स्थानों पर शुरू करने चाहिए। जिससे रात में मुसाफिर परेशान नही हो। यदि लापरवाही रही तो कोल्ड वेव से कोई



जनहानि भी हो सकती है। वही दूसरी ओर शहर के अधिवक्ता शौकत अली, इमरान खान, वरिष्ठ नागरिक सुरेश दीक्षित, रामबाबू, रामचरण प्रजापति आदि नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन से अलाव की तुरंत व्यवस्था करने की मांग की है। साथ में आवारा पशुओं और गोवंश को ठंड से बचाने के लिए कोतवाली थाने के पुराने भवन में अस्थाई गौशाला खोले जाने की मांग की है।

# शिक्षा पर चर्चा कायक्रम को लेकर आयोजित हुई अधिकारियो की बैठक

## वीसी के माध्यम से आयोजित बैठक में दिए शिक्षा अधिकारियो को निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी( नि.स. )।** परीक्षा पर चर्चा 2025 कार्यक्रम का आयोजन जनवरी महीने में नई दिल्ली के भारत मंडपम में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम में संभागियों के पंजीयन और चयन के लिए 14 दिसंबर से 14 जनवरी के बीच बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को शहर के पंचायत समिति सभागार में वीसी के माध्यम से राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में बाड़ी ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण प्रसाद मीणा के साथ समस्त स्कूलों के संस्था प्रधान और ग्रामीण क्षेत्र के पंचायत प्रसार शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मौजूद मत्सुरा ग्राम पंचायत के पंचायत प्रसार शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद बघेला ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में होने वाले इस विशेष आयोजन को लेकर समस्त पीईईओ और संस्था प्रधानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने विद्यालय में कक्षा 6 से 12 में अध्ययन विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन करें साथ में उनके अभिभावकों का भी रजिस्ट्रेशन कराया जाए। जिससे रजिस्ट्रेशन के बाद प्रतियोगिता का आयोजन कर संभागियों का चयन किया जा सके। पीईईओ बघेला ने बताया की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन विशेष रूप से बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व विद्यार्थियों के मनोबल में बढ़ोतरी करने के साथ तनाव को कम करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा किया जा रहा है। जिसमें सभी टीचर्स और पेरेंट्स के साथ स्टूडेंट को शामिल किया जाएगा। ऐसे में सभी संस्था प्रधानों को निर्देश दिए हैं कि वह अधिक से अधिक विद्यार्थियों और अभिभावकों के साथ टीचर्स का रजिस्ट्रेशन कराए। इसके लिए लिंक दी गई है। इस बैठक में पंचायत प्रसार शिक्षा अधिकारी रामचरण मीणा,ओमवती मीना, रामनिवास मीणा,रजनीश मीणा, रामदुलारे,रामस्वरूप मीणा सहित संस्था प्रधान मौजूद रहे।

# 24 घंटे से जिले में छाए घने बादल : सर्दी से सूने पड़े बाजार, शीतलहर ने लोगों को किया बेहाल

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** धौलपुर जिले में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। पिछले 24 घंटे से जिले में बादल छाए हुए हैं। जिस वजह से बारिश के आसार बने हैं। शीतलहर शुरू होने के साथ कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। शीतलहर और कड़ाके की सर्दी ने लोगों की दिनचर्या को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया है। नेशनल हाईवे, लिंक सड़क मार्ग और बाजारों में आवाजाही पर असर पड़ रहा है।

आमजन के साथ पशु पक्षी और वन्यजीवों की भी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। जिले में पिछले 3 दिन से शीतलहर का दौर चल रहा है। कड़ाके की सर्दी और सर्द हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सोमवार को शुरू हुई शीतलहर मंगलवार को भी लगातार जारी है। मौसम विभाग ने 25 दिसंबर तक जिले में बारिश की चेतावनी दी है। वहीं दूसरी और किसान की फसल को इस समय मावठ की विशेष जरूरत है। आमजन की बात की जाए तो सर्दी से दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो गई है। स्कूल, कोचिंग सेंटर जाने वाले विद्यार्थी भी सर्दी से मुकाबला कर रहे है। लोग ऊनी कपड़ों में पैक होकर घरों से बाहर निकल रहे हैं। हाईवे और सड़क मार्गों पर ट्रैफिक की रफ्तार काफी कम देखी जा रही है। इसके अलावा बाजारों में भी सन्नाटा फसर रहा है।

# बिजौली गांव में तीस वर्ष पुराने आम रास्ते के अतिक्रमण को प्रशासन ने कराया ध्वस्त

- आरोपियों ने खेतो की और जाने वाले 22 फुट चौड़े रास्ते को कर दिया था सकरा
- सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर तहसील प्रशासन की कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** उपखंड के बिजौली ग्राम पंचायत के बिजौली गांव में वर्षों से अतिक्रमण के शिकार आम रास्ते को किसानों की सीएम पोर्टल पर की गई शिकायत के बाद जिला कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। बाड़ी तहसीलदार उत्तमचंद बंसल के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में बिजौली चौकी पुलिस के सहयोग से करीब आधा किलोमीटर का अतिक्रमण जेसीबी से ध्वस्त कराया है। इस कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियो के विरोध को देखते हुए बिजौली चौकी इंचार्ज अवधेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस का भारी जाप्ता तैनात रहा। बाड़ी तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया की बिजौली ग्राम पंचायत के बिजौली गांव में गैर मुमकिन आम रास्ता जिसका खसरा नंबर 579 है। के आधा किलोमीटर लम्बाई पर अतिक्रमण को लेकर किसानों द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई थी। उक्त शिकायत को लेकर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी से निर्देश प्राप्त हुए जिस पर हल्का पटवारी देवेंद्र कुमार,गिरदावर हरविंदर सिंह,पटवारी अरुण वर्मा की टीम बनाकर मौके पर भेजी। जिन्होंने अतिक्रमण की वस्तु



स्थिति रिपोर्ट दी। इसके बाद बिजौली चौकी पुलिस और राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर कार्रवाई की है। जहां जेसीबी से आम रास्ते पर लगाए गए पत्थरों की दीवार और उगे हुए पेड़ पौधों को नष्ट कराया गया है साथ में आक्रमणकारियों को पाबंद किया है।

**30 वर्ष से कर रखा था कब्जा, 22 फुट चौड़ा रास्ता रह गया था 3 फुट का :** हल्का पटवारी देवेंद्र कुमार ने बताया की बिजौली गांव से नरे की ओर जाने वाला यह रास्ता खेतों की ओर जाता है। जिससे दो दर्जन से अधिक किसान जुड़े हुए हैं। उक्त रास्ते पर आगे वाले लोगो ने पिछले 30 वर्ष से पत्थरो की दीवार बनाकर अतिक्रमण किया था। 22 फुट चौड़ा यह रास्ता मौके पर 3 फुट चौड़ा रह गया था। उक्त मामले को लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पत्थरों की दीवार के साथ सारा अतिक्रमण हटाया है और अतिक्रमणकारियों को पाबंद भी किया है।

# एस्कॉर्ट सेवा के नाम पर ठगी के 5 आरोपी गिरफ्तार : अश्लील फोटो-वीडियो शेयर करने की धमकी देकर ठगे लाखों रुपए

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** सदर थाना पुलिस ने एस्कॉर्ट सेवा के नाम पर लोगों से ठगी करने के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 8 मोबाइल, 16 सिम कार्ड, एक बाइक और एक पेन ड्राइव बरामद किया है।सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि एसपी सुमित मेहरड़ा के नेतृत्व में ऑपरेशन एंटीवायरस चलाया जा रहा है, जिसके तहत पुलिस को सूचना मिली थी कि रीको क्षेत्र स्थित अंकुर डेयरी के पास कुछ लोग साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी के साथ साइबर थाने के हेड कॉन्स्टेबल मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापा मारकर रीको क्षेत्र से पांच आरोपी विवेक (21) पुत्र दुर्गाशंकर निवासी दुबरा, रिंकू (26) पुत्र रामगोपाल निवासी प्रताप बिहार कॉलोनी, अजय शर्मा (30) पुत्र बनवारी लाल शर्मा निवासी ओंडेला रोड, कौशल कटरा (19) पुत्र पवन कुमार निवासी इंदिरा कॉलोनी और मनीष मीणा (24) पुत्र कल्याण मीणा निवासी सरमथुरा को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से




पुलिस ने 8 मोबाइल, 16 सिम कार्ड, एक बाइक और एक पेन ड्राइव बरामद की है। थाना प्रभारी ने बताया कि पांचों आरोपी एस्कॉर्ट सेवा के नाम पर लोगों को इंटरनेट से डाउनलोड किए गए अश्लील फोटो वीडियो दिखाकर उनके न्यूड फोटो वीडियो बना लेते थे। जिसके बाद उन्हें अलग-अलग सिम के जरिए वायरल करने की धमकी देकर पैसों की ठगी करते थे। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# खुले बोरवेलों को लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी : बच्चों के बोरवेल में गिरने की घटनाओं को लेकर प्रशासन ने उठाए कदम

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** एसपी सुमित महरड़ा ने प्रदेश के दूसरे जिलो में सूखे पड़े बोरवेलों में बच्चों के गिरने की घटनाओं को लेकर धौलपुर जिले के लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। जिले में खुले पड़े बोरवेलों को लेकर आम लोग पुलिस द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दे सकते हैं, जिनकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

धौलपुर एसपी सुमित मेहरड़ा ने आदेश जारी करते हुए बताया कि अमूमन देखा जा रहा है कि भूमिगत स्रोत से जल प्राप्त करने हेतु बोरवेल की खुदाई का कार्य किया जाता है। बोरवेल की खुदाई के दौरान जिन बोरवेलों में जल आवक क्षमता अनुमान के अनुसार प्राप्त नहीं होती है तो खुदाई करने वाली ऐजेंसी, ठेकेदार या व्यक्तियों द्वारा उक्त बोरवेलों को सुरक्षित या बंद किए बिना खुला छोड़ देते हैं। ऐसे में उक्त बोरवेलों में छोटे मासूम बच्चों के गिरने की



दु:खद घटनाएं हो जाती हैं। प्रदेश में अन्य जिलों में लगातार ऐसी घटनाएं घटित होती रही हैं। प्रदेश के अन्य जिलो में बच्चों के बोरवेल में गिरने की दु:खद घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए एसपी सुमित मेहरड़ा ने जिले के आमजनों से अपील की है कि अगर आपके आसपास या जानकारी में ऐसा कोई खुले में सूखा बोरवेल है तो आप इस संबंध में धौलपुर पुलिस के हेल्प लाइन नंबर 9530411842-9530411843 पर सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

# अग्रवाल फाउंडेशन ने लगाया नेत्र रोगियों की जांच के लिए शिविर

## शिविर में पहुंचे चार सौ से अधिक मरीज,125 का हुआ ऑपरेशन के लिए चयन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( नि.स. )।** शहर के बसेडी रोड स्थित एक निजी मैरिज होम में शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के नेत्र रोगियो खासकर मोतियाबिंद की जांच को लेकर सोमवार को शहर की सामाजिक संस्था अग्रवाल फाउंडेशन के सौजन्य से शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें नेत्र जांच के लिए करीब चार सौ से अधिक मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। नेत्र जांच के लिए ग्वालियर के रतन ज्योति हॉस्पिटल की टीम आई ने 125 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया जिनको ग्वालियर ऑपरेशन के लिए ले जाया गया है। अग्रवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक गोयल ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय सेठ द्वारिका प्रसाद गोयल की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर यह आयोजन अग्रवाल फाउंडेशन और उनके परिवार जनों के सहयोग से किया गया है। जिसमें ग्वालियर के रतन ज्योति हॉस्पिटल के नेत्र चिकित्सक और मेडिकल टीम को जांच के लिए बुलाया गया। टीम द्वारा मोतियाबिंद से ग्रस्त 125 रोगियों का चयन किया गया।

जिनको ऑपरेशन के लिए सोमवार की शाम ही ग्वालियर ले जाया गया। अग्रवाल फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी अंशुल गर्ग ने बताया कि अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा नेत्र रोगियों की जांच और ऑपरेशन के लिए हर वर्ष शिविर का आयोजन किया जाता हैं। इस बार यह चौथी बार स्वर्गीय सेठ द्वारका प्रसाद की पुण्यतिथि पर आयोजन हो रहा है। जिसमें ग्वालियर से आई मेडिकल टीम जांच कर रही है। सुबह 10 बजे से 03 बजे तक तक यह शिविर रखा गया है। जिसमें ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को ग्वालियर ले जाया जाएगा।

# युवक ने कमरे में फंदा लगाकर किया सुसाइड : पारिवारिक कलह के चलते कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** कोतवाली थाना क्षेत्र की मंगल विहार कॉलोनी में एक शादीशुदा युवक ने कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। परिजन युवक को जिला अस्पताल भी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पारिवारिक कलह के चलते युवक कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था।कोतवाली पुलिस थाने के एएसआई सुरेश चंद्र ने बताया कि मंगल विहार कॉलोनी निवासी युवक राजकुमार (35) पुत्र राजेश ने खुद के मकान में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। शव को कब्जे में लेकर परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम करा दिया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक कलह का बताया जा रहा है, जिसे लेकर युवक ने सुसाइड किया है। घटना के कारणों की पुलिस जांच कर रही है। परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक युवक राजकुमार कुछ दिनों से मानसिक अवसाद में चला गया था, जो सोमवार को अपने कमरे में सो रहा था। उसने अपने कमरे में ही फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मामले की जब परिजनों को भनक लगी तो दरवाजे को तोड़कर युवक को बाहर निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव का पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम करा दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा होगा।

# ब्यावर में श्री सीमेन्ट फैक्ट्री के प्रबंधकों की तानाशाही के चलते श्रमिक उतरे सड़कों पर

**43 कर्मचारियों के साथ अब अन्य कर्मचारियों को मेल कर उन्हें झारखण्ड, बिहार व तमिलनाडू आदि स्थानों पर तबादला कर जाने को किया जा रहा है मजबूर**

**जिला कलेक्टर डॉ. खडगावत ने लिया संज्ञान, श्रमिक संगठनो को बुलाया वार्ता के लिए मगर अपनी हठधर्मीता के चलते फैक्ट्री प्रबंधक नहीं पहुँचे**

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** अंधेरी देवरी स्थित श्रीसीमेन्ट फैक्ट्री गेट पर चल रहा श्रमिकों का धरना आज चौथे दिन पर जारी रहा। श्रमिकों के साथ हो रहे अत्याचार व तबादलों के नाम पर नौकरी से हटाने की नीति व फैक्ट्री को बन्द करने की नियत को लेकर श्रमिक फैक्ट्री प्रबंधकों के खिलाफ मोर्चा खोलकर अडे हुए हैं। फैक्ट्री प्रबंधकों ने एक बार भी श्रमिक संगठनों से बातचीत करना उचित नहीं समझा केवल अपनी हठधर्मीता के चलते 43 कर्मचारियों को तबादले का नोटिस थमाते हुए दूर-दराज क्षेत्रों में जाने को कहा है। वहीं अब शनिवार रात से लगातार अब कई क्लीयरीकल स्टॉफ को मेल कर झारखण्ड, बिहार, तमिलनाडू व अन्य राज्यों में जाने को बाध्य कर रहे हैं। इस मामले को लेकर हालांकि जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत ने संज्ञान में लेते हुए श्रमिक संगठनो व श्री सीमेन्ट के प्रबंधकों से वार्ता कर समस्या का को निपटाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन फैक्ट्री प्रबंधक समाचार लिखे जाने तक जिला कलेक्टर कार्यालय नहीं पहुँचे। इससे स्पष्ट है कि फैक्ट्री प्रबंधक अपनी पूरी तरह से नादिरशाही चलाना चाहते हैं। जानकारी के अनुसार पिछले तीन दिनों से श्री सीमेन्ट गेट पर चल रहे धरने में देर रात तक महिलायें व पुरुष दोनों हजारों की तादाद में बैठ हैं। सभी श्रमिकों का मानना है कि फैक्ट्री प्रबंधक अपनी तानाशाही चलाते हुए श्रमिकों के साथ अन्याय व अत्याचार करने के लिए उतरा हुआ है। एटक के इस्माईल खान ने बताया कि जिस फैक्ट्री ने फैक्ट्री मालिकों को करोड़ों-अरबो दिया है आज उसी फैक्ट्री के कर्मचारियों को दूर-दराज क्षैत्रों में फैंका जा रहा है। उन्होने बताया कि कई कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के लगभग 4-6 महा रह गये हैं तो कई के साल व दो साल। ऐसे में जो लोग वृद्धावस्था में आ चुके हैं उन्हें दूरदराज क्षैत्रों में भेजकर उनसे इस्तीफा लेने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं इंटक के महामंत्री हनुमान जांगिड ने बताया कि जिन कर्मचारियों ने इस फैक्ट्री को सींचा है आज उन्हीं को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। श्रमिक संगठन इस नीति का जमकर



विरोध करता है। इसी तरह सलीम काठात, सिकन्दर काठात, जगदीश सिंह, भंवरलाल बूला, मोहन काठात, श्रवण, शंकरसिंह लगेत, दिनेश शर्मा, सहित कई नेताओं ने संबोधित किया है। जिला कलेक्टर श्री खडगावत से भी मिलने के लिए सभी श्रमिक संगठनों ने पहल कर मिलने गये और उन्होने श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए बातचीत की लेकिन फैक्ट्री प्रबंधक जिला कलेक्टर कार्यालय पर नहीं पहुँचने के कारण वार्ता आगामी समय तक के लिए टल गयी है।

## लायंस क्लब झालावाड़ द्वारा छात्र-छात्राओं को गर्म कपड़ों का वितरण



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** एक सोच सेवा की के तहत लायंस क्लब के प्रांतीय कार्यक्रम चले गांव की ओर के अंतर्गत लायंस क्लब झालावाड़ के द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय गावड़ी कला में सत्तर स्कूली छात्र-छात्राओं एवं आंगनवाड़ी के बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए गरम स्वेटर कैप मौजे एवं तिलपट्टी का वितरण किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया लायंस क्लब झालावाड़ के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र गर्ग ने बताया कि लायंस क्लब सेवा के क्षेत्र में झालावाड़ में अग्रणी संस्था है इस तरह के कार्यक्रम करने से जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को लाभ मिलता है लायन प्रवीण भाटिया ने छात्र-छात्राओं को सर्दी से बचाव के उपाय के बारे में जानकारी दी प्रधानाध्यापक जितेंद्र दाधीच ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन मनोज मेवाडा ने किया कार्यक्रम के दौरान स्कूल के स्टाफ हितेश दोई, कालू लाल मेघवाल, चंद्र प्रकाश शर्मा ,प्रियंका सक्सेना, पीओ कैलाश कुमारी मीणा आदि मौजूद रहे गर्म कपड़े वितरण में लायन नरेंद्र दुबे ,सुरेंद्र कोठारी, भारत भूषण जैन, खेराज काशवानी, दिनेश पोरवाल ,देवेंद्र अग्रवाल, पुष्प लता दुबे ,निलेश जैन ,अनीता पोरवाल ,रुक्मणी गर्ग आदि ने सहयोग किया।

## गौशाला पर हो रहे प्रभावशाली व्यक्ति का अतिक्रमण को हटाने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**केशोरायपाटन( सुनील मेघवाल )।** केशवरायपाटन में रेलवे स्टेशन के पास गौशाला बनी हुई है। जो नगर पालिका की भूमि है। पास प्रभावशाली व्यक्ति का मकान बना हुआ है जो पीछे से नाका चुंगी व कमरा और टीन शेड लगे हुए है।पीछे से प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा नगर पालिका की नाली को बंद करके पीछे की दीवार से अतिक्रमण कर रखा है। जिसकी शिकायत पहले भी नगर पालिका को लिखित में दी लेकिन नगर पालिका कर्मचारी आकर अतिक्रमण हटाने आश्वासन दिया। लेकिन फिर प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा हाल में ही अवैध निर्माण किया जा रहा है जिसको लेकर पार्षद अशोक बाई मेघवाल ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अवैध निर्माण को दुरुस्त करवार प्रभावशाली व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## नगर मंडल भाजपा की बैठक आयोजित हुई



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** दिनांक 24/12/2024 को चारण बस्ती स्थित हनुमान मंदिर पर चुनाव प्रभारी जगदीश भांड ने भाजपा पदाधिकारियों , कार्यकर्ताओं ,बुथ अध्यक्षों, सक्रिय सदस्यों, की बैठक ली। बैठक में मंडल संरचना को लेकर विचार विमर्श किया गया जिसके पश्चात सर्वसम्मति से मंडल अध्यक्ष के लिए नाम चयनित किए गए। आने वाले समय में मंडल अध्यक्ष की घोषणा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा की जाएगी। नगर मंडल भाजपा के पदाधिकारी, बुथ अध्यक्ष,सक्रिय सदस्य, एवं समस्त कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे ।

## शिक्षक संघ शेखावत ने विभिन्न ब्लॉक क्षेत्रों में संयोजक एवं सहसंयोजक नियुक्त किये

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत द्वारा जिला संगठन विस्तार एवं संगठनात्मक गतिविधियों के संपादन हेतु जिला क्षैत्र के विभिन्न ब्लॉक में संयोजक व सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। जिलामंत्री सुरेश कुमार ने बताया कि संगठन के विधान में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुवे जिलाध्यक्ष जयपाल बुरड़क द्वारा राशमी ब्लॉक में मुखराम कसवां को संयोजक व प्रमोद कुमार भास्कर को सहसंयोजक नियुक्त किया तथा भूपालसागर ब्लॉक में शीशपाल सहारण को संयोजक एवं योगेंद्र सिंह को सहसंयोजक नियुक्त किया गया है।

## नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही पर कांग्रेस पार्षदों ने कलेक्टर को भेजा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन( सुनील मेघवाल )।** वार्ड नगर पालिका पार्षद तुषार शर्मा और उमेश मीणा ने जिला कलक्टर को ज्ञापन प्रस्तुत कर केशोरायपाटन नगर पालिका द्वारा संचालित कचरे के ऑटो टीपरों की खराब स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया। पार्षदों का कहना है कि पिछले छह महीनों से ये ऑटो टीपर खराब पड़े हैं, जिससे कस्बे की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। वार्डों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को बदबू का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा, पार्षदों ने यह भी बताया कि नगर पालिका द्वारा बनवाए गए केशव मंदिर मार्ग के डामर सड़क के दो-तीन दिन बाद ही पूरी तरह से उखड़ चुका है, जिससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और वार्डवासियों को परेशानी हो रही है। पार्षद अशोक बाई मेघवाल ने भी इस मुद्दे को उठाया और बताया कि वार्डों में सफाई नहीं होने से नाले जाम पड़े हुए हैं। उन्होंने जमादार सुरेंद्र पवार से संपर्क किया, लेकिन पवार द्वारा उलटे जवाब दिए गए। इस पर पार्षदों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जमादार सुरेंद्र पवार को हटाने की मांग की है। कांग्रेस पार्षदों का आरोप है कि नगरपालिका प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम हो चुका है और जनता को हो रही परेशानियों को दूर करने के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाएं।

## एक नर्सिंगकर्मी के भरोसे चल रहा है गोयला का राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी जिले में एक आयुर्वेदिक औषधालय ऐसा है, जहां मात्र एक नर्सिंगकर्मी कार्यरत है। यहां प्रभारी वैद्य का पद पिछले एक साल से रिक्त पड़ा है। हालांकि यहां एक अन्य जगह के वैद्य को सप्ताह में दो दिन के लिए अतिरिक्त प्रभार पर लगा रखा है, मगर उनकी अनियमित व अपर्याप्त उपस्थिति के कारण इस औषधालय में नर्सिंगकर्मी द्वारा ही मरीजों को अटेंड कर दवाइयां दी जा रही है। केकड़ी जिले में गोयला ग्राम का राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय गत एक साल से मात्र एक नर्सिंगकर्मी के भरोसे चल रहा है। यहां चिकित्सा प्रभारी वैद्य का पद रिक्त होने से मरीजों को किसी भी प्रकार की चिकित्सा सुविधा का लाभ नहीं

### एक साल से रिक्त है वैद्य का पद

मिल पा रहा है। इलाके के लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए करीब 15 लाख रुपयों की लागत से औषधालय बनाया गया था, लेकिन कुप्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते यह औषधालय अनुपयोगी होकर धूल फांक रहा है। जब यह औषधालय बनाया गया था तो सरकार का उद्देश्य था कि इस क्षेत्र के मरीजों को घर बैठे आयुर्वेद चिकित्सा सुविधा का लाभ मिले लेकिन स्थिति यह है कि यहां पिछले एक साल से चिकित्सा प्रभारी वैद्य का पद ही रिक्त चल रहा है। जिसके कारण यह आयुर्वेद औषधालय एक नर्सिंग




स्टाफ के भरोसे चल रहा है। औषधालय में स्टॉफ के नाम पर मात्र एक नर्सिंगकर्मी सुनीता छीपा नियुक्त है, जो औषधालय आकर ताला खोलकर बैठ जाती है और दिन भर में आने वाले गिने चुने मरीजों को अपने हिसाब से दवा दे देती है।

हालांकि यहां पर ग्राम सराना के आयुर्वेदिक चिकित्सालय में नियुक्त वैद्य पवन कुमार की एक सप्ताह में सोमवार व मंगलवार दो दिन के लिए ड्यूटी लगा रखी है, मगर इससे औषधालय की व्यवस्थाएं सुचारू नही बन पा रही है। लोगों को योग के लिए प्रेरणा व प्रशिक्षण देने के लिए गोयला के औषधालय में एक योगा कक्ष भी बनवाया गया है, लेकिन यहां भी ताले लटके हुए हैं।

## राजस्व टीम द्वारा रोड सीमा के पास अतिक्रमण हटाया



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कृषि उपज मंडी के सामने भूमि पर राजस्व टीम द्वारा सीमांकन कर अतिक्रमण चिन्हित कर चुने व ऑइल पेंट से निशान लगाए गए।मंगलवार को तहसीलदार गंगधार के आदेश तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रार्थना पत्र की पालना में डग चौमहला मुख्य सड़क से लगी हुई।कृषि उपज मंडी के सामने की भूमि का राजस्व टीम कानूनगो मदन लाल वर्मा, पटवारी कोलवी सुमन कुमारी तथा पटवारी हल्का किटिया शोभाराम रेबारी द्वारा सीमांकन कर अतिक्रमण को चिन्हित किया जाकर चूने तथा ऑयल पेंट से निशानात लगवाए गए तथा रोड़ सीमा के समीप किए जा रहे निर्माण को पीडब्ल्यूडी विभाग के मुख्य अभियंता हितेश झा तथा सहायक अभियंता अरुण मीणा द्वारा ध्वस्त कर नाले तथा रास्ते को बहाल करवाया गया। साथ ही अस्थाई अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को अपना सामान हटाने बाबत पाबंद किया गया।

## श्री सुधासागर स्कूल में मनाया रेड डे, लाल रंग के परिधानों में सजे नन्हें मुन्हें बच्चों ने दी कई मनमोहक प्रस्तुतियां



बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी के सापंदा रोड स्थित श्री सुधासागर दिगंबर जैन विद्या विहार सीनियर सैकण्डरी स्कूल में मंगलवार को नन्हें मुन्हें बच्चों द्वारा विविध प्रस्तुतियों के साथ धूमधाम से रेड डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ अंजू कटारे, विशिष्ट अतिथि डॉ विजया कुमारी शर्मा, बढ़ते कदम गौशाला संस्थान के मीडिया प्रभारी महेंद्र प्रधान एवं स्कूल के अध्यक्ष संजय कटारिया ने आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज व मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा एचकेजी के 26 बच्चों ने एप्पल, स्ट्राबेरी, मां दुर्गा, परी, राजकुमारी, टमाटर, ब्लड डोनेशन संदेश, पॉपकॉर्न, क्लोजअप आदि स्वांग रचकर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान बचपन के गीतों पर अतिथियों ने बच्चों के साथ नृत्य किया, जो देखते ही बना। इससे पूर्व स्कूल के निदेशक अजय जैन, प्रधानाचार्य एस एन खण्डेलवाल व उपप्रधानाचार्य कैलाशचंद शर्मा ने सभी अतिथियों का तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया।

कार्यक्रम का संयोजन शिक्षिका चंद्रेश जैन ने किया। उन्होनें बताया कि लाल रंग ऊर्जा व पराक्रम का प्रतीक है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नन्हे मुन्ने बच्चों में लाल रंग के फलों एवं इस रंग से जुड़ी चीजों के प्रति जागरूकता पैदा करना था। अंत में अतिथिगणों ने सभी बच्चों को पारितोषिक वितरित किए। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष संजय कटारिया एवं सचिव आनन्द सोनी ने बच्चों को सुंदर कार्यक्रम के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मुस्कान न्याति ने किया।

## फिल्म फेस्टिवल में सभी शैली की फिल्मों का प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** कोटा महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को रिवर फ्रंट के वेस्टर्न घाट पर फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न जेनर की फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई जिसका बड़ी संख्या में दर्शकों ने लुत्फ उठाया। अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के फाउंडर एवं कार्यक्रम निदेशक डॉ कपिल सिद्धार्थ ने बताया ने बताया कि फिल्म फेस्टिवल में 17-18 फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। इनमें शॉर्ट फिल्म, एनीमेशन फिल्म, म्यूजिक वीडियो इत्यादि शामिल थे। फिल्मों में प्रमुख रूप से बौछार, दरमियां, बाबू शौना, टुगेदरनेस, शेल्टर आदि शामिल थीं। डॉ. कपिल सिद्धार्थ ने बताया कि आगामी वर्ष 31 जनवरी व 1 फरवरी को चंबल अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

## 9 साल से फरार पिकअप लूट के आरोपी को भिनाय पुलिस ने किया गिरफ्तार, 10 हजार रुपये का इनाम था घोषित

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी जिले की भिनाय थाना पुलिस ने लूट के एक मामले में 9 साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी मुकेश जाट को गिरफ्तार कर लिया। मामला वर्ष 2015 का है, एक परिवादी शिवराज पुत्र गोपाल माली निवासी सेदरिया थाना भिनाय ने 7 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि विजयनगर से बांदनवाड़ा जाते समय उसकी पिकअप गाड़ी को स्कॉर्पियो सवार लोगों ने रोका और कागज मांगने के बहाने लूट लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस मुख्यालय जयपुर ने आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी भीलवाड़ा जिले के बनेड़ा थानान्तर्गत ग्राम मेघरास निवासी 32 वर्षीय मुकेश जाट पुत्र लादूराम को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में एक अन्य आरोपी कमलसिंह पुत्र देवीसिंह सोधीया निवासी रायसिंहपुरा पुलिस थाना



मनासा जिला नीमच मध्यप्रदेश को पहले ही गिरफतार किया जा चुका है।

पुलिस अधीक्षक केकड़ी, वंदिता राणा के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचंद्र सिंह और वृताधिकारी हर्षित शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी भिनाय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। इस पुलिस टीम में प्रोबेशनर आईपीएस भीलवाड़ा नितिन जैन, स्पेशल टीम भीलवाड़ा के ओमप्रकाश चौधरी, भिनाय थानाधिकारी ओमप्रकाश, सहायक उप निरीक्षक गिरधारी सिंह , कांस्टेबल नवल सिंह व शंकरलाल की सराहनीय भूमिका रही।

## राजकीय विद्यालय बनाकिया खुर्द की छात्राओं को कुशल एवं प्रभावी तकनीक से मिल रहा प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बनाकिया खुर्द में अध्यनरत छात्राओं को प्रभारी अध्यापिका हेमलता दाधीच द्वारा कुशल एवं प्रभावी तकनीक से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रधानाध्यापक हजारीलाल रेगर ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक अध्ययनरत बालिकाओं को विगत 45 दिनों से लगातार कार्य दिवसों की गतिविधियों में रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को किसी भी विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से तैयार करना है। इस प्रशिक्षण में छात्राओं को



मनोवैज्ञानिक बौद्धिक व शारीरिक रूप से मजबूत करने के साथ अपने आसपास के माहौल के बारे में ज्यादा जागरूक होने व अप्रत्याशित परिस्थितियों से निपटने हेतु तैयार रहने में मदद मिलती है।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण में मार्शल आर्ट,जूडो, ताइक्वांडो कराटे जैसे तरीकों का उपयोग किया जाता है।यह आत्म रक्षा प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रदान किया जाता है।उक्त प्रशिक्षण में छात्राओं ने पूर्ण मनोयोग से भाग लेते हुवे आत्मरक्षा के गुर सीखे।

# पहले से बने हुए सीसी रोड को तोड़े बगैर सीधे-सीधे सीमेंट गिट्टी डालकर निर्माण कार्य किया जा रहा

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )** । इन दिनों शहर में नगर पालिका द्वारा कई निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। इन निर्माण कार्यों को करवाए जाने के लिए पालिका प्रशासन नियम शर्तों और एस्टीमेट जी शेड्यूल की पूरी प्रक्रिया कागजों में इंद्राज कर लेती है । उक्त दौरान कार्य को प्राप्त करने वाला संवेदक कागजों में दर्शाए गए सभी नियम शर्तों को स्वीकार कर लेता है। जब निर्माण कार्य शुरू होता है या किया जाता है तब एस्टीमेट जी शेड्यूल और ड्राइंग , नियम शर्तों इत्यादि कंडीशन को ताक में रखकर , अपनी मनचाही नीति के तहत निर्माण कार्य शुरू कर देते हैं। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को यहां सामने आया है। शहर के छतरी चौराहे गणेश रोड पर पहले से बनी हुई सीसी सड़क किनारे फिर से इसी पर सीमेंट ।की गिट्टी डालकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। कागजों में आदर्श गए शर्तों और नियम के आधार पर निर्माण कार्य करने के आदेश संवेदक को प्राप्त है। परंतु यहां देखने वाली बात तो यह है कि क्या पालिका का ठेकेदार पालिका से प्राप्त ड्राइंग जी शेड्यूल एस्टीमेट और आदेश के अनुसार निर्माण कार्य कर पा रहे हैं। बिल्कुल नहीं इसलिए की जो निर्माण कार्य शहर के छतरी चौराहे के गणेश रोड पर किया जा रहा है। जिसमें पुराने सीसी रोड को हटाये या छीले बिना ही इस पर सीधे-सीधे गिट्टी सीमेंट डाल कर लीपापोती की जा रही है। उक्त निर्माण कार्य में संवेदक की बाद नियति साफ तौर पर देखी जा सकती है। यहां देखने वाली बात तो यह है कि छतरी चौराहे की गणेश रोड के किनारे किनारे सीसी रोड का जो निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसमें सीसी रोड निर्माण कार्य के नियम और शर्तों को ताक में रख दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त कार्य लाखों की कीमत के खर्चे पर हो रहा है । यहां स्थानीय लोगों का मानना है कि सीसी रोड पर दोबारा से निर्माण कार्य करने के लिए रोड को तोडना या छीलना आवश्यक होता है। लेकिन यहां निर्माण कार्य करने से पहले ऐसा कुछ नहीं किया जा रहा है । यहां लोगों का यह भी मानना है कि कागजों में इंद्राज नियम शर्त एस्टीमेट और जी शेड्यूल के आधार पर पालिका प्रशासन को उक्त निर्माण कार्य किया जाना चाहिए ।

### क्या कहते हैं अधिकारी

वैसे तो रोड को छीलने की जरूरत नहीं है इसे बिना छीले ही बनाया जा रहा है। ठेकेदार को यहां तीन से चार इंची गिट्टी बिछानी है फिर भी काम में कोई कमी या लापरवाही हो रही है तो संबंधित अधिकारी को भेज कर तुरंत जांच करवा लेते हैं।

**सुरेश कुमार मीणा ,अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका देवली**



# सन् शाइन स्कूल ने खुशियां बांट मनाया क्रिसमिस

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** मंगलवार दिनांक 24/12/2024 को क्रिसमिस के उपलक्ष्य में देवली रोड टोंक स्थित सन शाइन ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अनोखे ढंग से क्रिसमिस मनाया । विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को हमारे देश में मनाए जाने वाले विभिन्न धर्मों के त्योहारों की विशेषताओं के बारे में जानकारी दी ओर प्रत्येक त्यौहार से सिख लेने के प्रेरित किया उन्होंने बताया कि क्रिसमिस एक ऐसा त्यौहार है जिस पर उपहार देने का प्रचलन है। हमें सच्ची खुशी तब मिलती है जब हम दूसरों को खुशी दे पाते है । इस क्रिसमिस पर हम अपनी प्रिय, इस्तेमाल वाली या जरूरत वाली कम से कम एक वस्तु जरूर ऐसे बच्चों को दे जो या तो बेसहारा है या अत्यंत जरूरतमंद है इस तरह से दिया गया उपहार पा कर जो खुशी उसे मिलेगी उसे देख कर आप को जो खुशी ओर प्रसन्नता मिलेगी उसका कोई मोल हो ही नहीं सकता । इसी प्रेरणा से प्रेरित हो कर विद्यार्थी अपने साथ बहुत ही उपयोगी और रोजमर्रा की आवश्यकता की अनेकों वस्तुएँ उपहार देने के लिए लाएं। सभी बच्चों को विद्यालय द्वारा बहीर स्थित पवेलिय एवं गांधी मैदान के आस पास झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों ओर जरूरतमंद लोगों को ये उपहार भेट करवाएं गए।

जीने प कर वहां रहने वाले बच्चों ओर लोगों की खुशी का ठिकान नहीं रहा । इस अवसर पर विशाल शर्मा, रीना खंडेलवाल, मीनाक्षी जैन, अंजू साहू, शीला पूरी, ऐंमन खान, कविता चौहान, सतीश सोनी, हरिराम जाट, सतीश बैरवा, हेमराज कुमावत, शंकर चौहान, अनिल हल्दुनिया, असरा खान, राफिया खातून, उगाता यादव, रईस बी, कान सिंह नरूका, योगेश सोनी, नवीन प्रभा, उर्वशी विजय, अवनी विजय, परवीन खान आदि उपस्थित रहे ।

# हत्या के 4 दोषियों को आजीवन कारावास

## 26 हजार का जुर्माना भी लगाया, जिला एंव सेशन न्यायाधीश ने दिया फैसला

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( नि.स. )।** राजसमंद में हत्या के मामले में जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेंद्र काछवाल ने हत्या के 4 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जिला एवं सेशन न्यायालय न्यायाधीश राघवेंद्र काछवाल ने मंगलवार को बनवारी लाल की हत्या के मामले में 4 आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 26 हजार रूपए का जुर्माना सुनाया।

### मृतक के भाई ने दी थी रिपोर्ट

भीम थाना सर्किल में बनवारी पप्पूराम विश्नोई ने 2 मई 2018 को रिपोर्ट पेश कि जिसमें बताया कि उनके भाई बनवारी लाल की हत्या की गई। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच करते हुए हंसराज पुत्र गहरी लाल गर्ग, मुकेश कुमार पुत्र मोहन लाल, मीनाक्षी पत्नी हंसराज, मंजु देवी पत्नी मुकेश गर्ग निवासी शकरगढ़ थाना देवगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### 29 गवाह किए गए पेश

अभियोजन पक्ष की और से 29 गवाह को पेश किया गया व 75 दस्तावेज एवं 17 आर्टिकल प्रदर्शित कराए गए ।न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद जिला न्यायालय ने आरोपियों को हत्या के मामले में दोषी पाए जाने पर चारों को आजीवन कारावास एवं कुल 26 हजार रूपए जुर्माने की सजा सुनाई। इस मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से लोक अभियोजक रामलाल जाट एवं फरियादी की ओर से एडवोकेट सीमा जैन ने पैरवी की।

# राजसमंद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का फूटा गुस्सा

## केंद्रीय मंत्री अमित शाह के खिलाफ की नारेबाजी, कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में मंगलवार को कांग्रेस कमेटी ने केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी ने केन्द्रीय मंत्री अमित शाह पर अपमानजनक व निंदनीय टिप्पणी का आरोप लगाया। कमेटी ने मांग कि केन्द्रीय मंत्री अपने बयान को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगे या अपने पद से इस्तीफा दें ।कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता 100 फीट रोड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्किल पर पहुंचे, जहां पहले अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

**रैली भी निकाली :** इसके बाद कांग्रेसियों ने अंबेडकर सर्किल से रैली निकाली। यह रैली 100 फीट के मार्ग से होते हुए कलेक्ट्रेट के गेट नम्बर 1 पर पहुंची। इस दौरान कांग्रेस महिला पदाधिकारी भी रैली में मौजूद रही। वही पदाधिकारियों ने अंबेडकर के सम्मान के लिए हाथों में पोस्टर ले रखे थे। कांग्रेस कमेटी ने गेट नम्बर एक पर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर बालमुकुंद असावा को ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन देने के दौरान कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष हरिसिंह राठौड़, पूर्व जिला अध्यक्ष देवकीनन्दन गुर्जर काका, पूर्व जिला प्रमुख नारायण सिंह भाटी, कांग्रेस वरिष्ठ शांतिलाल कोठारी, सभापति अशोक टांक, पूर्व सभापति आशा पालीवाल, नाना लाल, गोविंद सनाढ्य, कुलदीप शर्मा, बहादुर सिंह चारण, लक्ष्मण गुर्जर, अजय सिंह,सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बयाना में एनएसएस शिविर का समापन उपभोक्ताओं के अधिकारों की जानकारी पौष्टिक आहार मेला भी लगाया

बढ़ता राजस्थान

**बयाना /भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )** । कस्बे के श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। समापन कार्यक्रम पर उपभोक्ता संरक्षण एवं अधिकार विषय पर संभाग संगोष्ठी हुई। वहीं स्वयंसेवी छात्राओं ने पौष्टिक आहार मेला ला भी लगाया संवाद संगोष्ठी में प्राचार्य डॉ. बरखा तोमर ने कहा कि आज हमारे देश का उपभोक्ता पहले से अधिक जागरूक हो गया है। भारत सरकार ने भी उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण को महत्व देते हुए 1986 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम का प्रावधान किया है। उपभोक्ता संरक्षण एक ऐसा शब्द है जो उस व्यवहार को दिया जाता है, जिसमें उपभोक्ता को अनुचित व्यवहार से बचाने, उन्हें उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में शिक्षित करने और उनकी शिकायतों का समाधान करने की जरूरत होती है।

एनएसएस प्रभारी मंजू अग्रवाल ने बताया कि पौष्टिक आहार मेला में गांधी हाउस से नेहा ग्रुप, लक्ष्मीबाई हाउस ग्रुप से हेमलता, डॉ. अम्बेडकर हाउस से कोमल ग्रुप, इंदिरा गांधी हाउस से रीना ग्रुप, नेहरू हाउस से अन्नु ग्रुप और सरदार पटेल हाउस से गीतिका ग्रुप ने हिस्सा लेते हुए सर्दियों के मौसम से पौष्टिक आहार पकाकर प्रदर्शनी लगाई। जिसमें प्रथम स्थान पर गांधी हाउस नेहा ग्रुप और द्वितीय स्थान पर नेहरू हाउस से अन्नु ग्रुप रही।

# सांसद संजना जाटव को सारस चौराहे पर फ्लाई ओवर ब्रिज के शीघ्र निर्माण के लिए सोंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( नि.स. )** । नेशनल हाईवे नंबर 21 सारस चौराहे पर फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण के लिए विगत बजट में राशि जैसा कि समाचारपत्र में प्रकाशित हुआ;स्वीकृत हुई है ।लेकिन आज दिनांक तक उक्त कार्य धरातल दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि इसके लिए विगत दो वर्षों से सारस चौराहे के आसपास व शहर के निवासी निरंतर मांग करते आ रहे हैं। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नज़र नहीं आ रही है ।इस के लिए भरतपुर सांसद संजना जाटव को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण कार्य शीघ्रताशीघ्र प्रारम्भ कराये जाने की मांग की गई है ।सांसद महोदय ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी कमेटी (दिशा) में रखे जाने का भी कहा और कहा कि यह कार्य मेरे संज्ञान में है। ज्ञापन देते समय ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ,समता आन्दोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, सेवानिवृत्त कमांडेंट ओमवीर सिंह ,कांग्रेस शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी, दीनदयाल जाटव, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा ,समता आन्दोलन के सक्रिय सदस्य अशोक कुमार शर्मा सारस, मुकेश चन्द जाटव ,प्रेम सिंह प्रजापति ,धर्मेन्द्र सोलंकी एडवोकेट ,ओमप्रकाश प्रजापति ,संदीप कुमार प्रजापति ,विपती राम एवं अनेक गणमान्य महिलाएं व पुरुष उपस्थित हुए।

# सीएम का कल स्वागत करेंगे एक हजार भाजपा कार्यकर्ता



बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( अब्दुल माहिर )।** राज्य सरकार के एक वर्ष के विकास कार्यों को लेकर मंगलवार को भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। एक निजी होटल में पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि एक वर्ष में सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजना शुरू की। विशेष कर गंगापुरसिटी के विकास के लिए अनेको सौगात दी गई। इसे लेकर एक हजसर पार्टी कार्यकर्ता गुरुवार को सुबह 9 बजे जयपुर बाईपास से पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में सीएम हाउस जयपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री का स्वागत कर आभार प्रकट करेंगे। नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा पूर्व कांग्रेस सरकार ने गंगापुरसिटी नगर परिषद को एक भी रुपया नहीं दिया।

अब राज्य में भाजपा सरकार होने से शहर के विकास के लिए पर्याप्त धन मिल रहा है। इससे शहर में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी मिथलेश व्यास, मनोज बंसल भी मौजूद रहे।

# पंचायत शिक्षक की सेवा समाप्ति पर स्कूल स्टाफ ने एक लाख रुपए की सहायता देकर नजीर पेश की

## इन संविदा कर्मचारियों को नहीं मिलते हैं पेंशन परिलाभ

बढ़ता राजस्थान




**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )** । उपखंड क्षेत्र के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैं कार्यरत अध्यापक के 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर संविदा सेवा समाप्त होने वाले पंचायत शिक्षक सत्यनारायण शर्मा निवासी अलीगढ़ को विद्यालय द्वारा मंगलवार को विदाई दी गई। इस अवसर पर पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य भंवरलाल कुम्हार ने बताया कि विदाई में स्टाफ ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए शिक्षक की कक्षा दस में पढ़ने वाली बेटी के नाम एक लाख एक सो ग्यारह रुपए की बैंक फिक्स डिपोजिट सहायता प्रपत्र सौंप कर नजीर पेश की है। जिसकी विभाग में सब जगह प्रशंसा की जा रही है। यहां उल्लेखनीय है कि इस प्रकार के संविदा कर्मचारियों को सरकार द्वारा किसी भी प्रकार के पेंशन परिलाभ नहीं दिए जाते है।राजस्थान प्राथमिक माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नरूका ने सरकार से मांग की है कि इस प्रकार के संविदा शिक्षकों, पंचायत सहायकों,विद्यालय सहायकों और विद्यार्थी मित्रों को भी उनकी योग्यता के आधार पर पेंशन परिलाभ दिए जाए। स्टाफ द्वारा संविदा शिक्षक को परिवार सहित साफा,माला,सोल,प्रशस्ति पत्र तथा भोज देकर सम्मानित भी किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि पंचायत शिक्षक की 31 दिसंबर 2024 को सेवा समाप्त हो रही है विद्यालय में शीतकालीन अवकाश होने के कारण माह के अंतिम कार्य दिवस 24 दिसंबर को ही विदाई कार्यक्रम किया गया है। इस कार्य में पीएम श्री विद्यालय के समस्त स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया।

# एबीवीपी का तीन दिवसीय 60 में प्रांत अधिवेशन : 30 दिसंबर से होगा आयोजित, 1500 स्टूडेंट लेंगे हिस्सा

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )** । कस्बे के राजकीय पीजी कॉलेज में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने संगठन के 60वें प्रांत अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए छात्रसंघ अध्यक्ष दिलीप कसाना ने बताया-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का तीन दिवसीय 60वां प्रांत अधिवेशन भरतपुर में 30, 31 दिसंबर और 1 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश भर से लगभग 1500 छात्र-छात्राएं संभागी के तौर पर भाग लेंगे। बयाना इकाई के नगर मंत्री हिमांशु सोनी ने बताया-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शैक्षणिक संस्थानों में छात्र हित के साथ-साथ समाज में भी जनहित के काम करता है। छात्रहित को सर्वोपरि रखकर ज्ञान, शील और एकता के मूलमंत्र के साथ एबीवीपी कार्यकर्ता हरदम आगे रहते हैं। इसके साथ ही समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में अपना अहम योगदान देते हैं। इस मौके पर पूर्व नगर मंत्री ऋषभ शर्मा, इकाई सचिव दुष्यंत सिंह, जयप्रभा सहित कॉलेज छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।

# बयाना में शिक्षका ने निभाया सामाजिक सरोकार 115 बच्चों को बांटे जर्सी, सर्दियों में मिलेगी राहत

बढ़ता राजस्थान



**बयाना /भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )** । ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल बिडयारी में मंगलवार को कक्षा 1 से 8 तक के सभी बच्चों को भामाशाह ब्राह्मण परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेश कुम्भज और शिक्षिका विद्याबाई शर्मा की ओर से गर्म जर्सियां दी गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत समिति के पूर्व प्रधान महेंद्र तिवारी रहे। जबकि अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल डॉ. कुंवरसिंह गुर्जर ने की। कार्यक्रम में अतिथियों और भामाशाह दंपती ने बच्चों को गर्म जर्सियां प्रदान करते हुए कहा- इससे छोटे बच्चों को सर्दी के मौसम में स्कूल आने-जाने में राहत मिलेगी। इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में व्याप्त आर्थिक विषमता को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्कूलों के भौतिक विकास के लिए समाज के समर्थ लोगों को आगे आकर मदद करनी चाहिए। जर्सियां पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर डॉ टीकांशु कुंभज, अनिल शर्मा, संतोष मित्तल, अरविंद मीना, अंजू कुमारी, शिवकुमार, अशोक कुमार, शेर सिंह, पारुल तिवारी, संजय मीणा, सुनीता जिंदल, विद्या शर्मा, कांता शर्मा, नीरज कुमारी, पीटीआई मयंक गुप्ता, वेदप्रकाश शर्मा, दीपक तिवारी आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन शिव कुमार गुप्ता ने किया।

**शिक्षक ही बने भामाशाह :** इसी तरह कस्बे के राजकीय प्राथमिक स्कूल भावडा गली बयाना में नोडल प्रिंसीपल श्रीधर सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में शिक्षकों की ओर से स्कूल के सभी बच्चों को गर्म जर्सी और मौजे प्रदान किए गए। स्कूल के शिक्षकों ने भामाशाह बनकर सामाजिक फर्ज निभाया।

# 50 बीघा चरागाह को करवाया अतिक्रमण मुक्त



बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी (नि.स.)।** जिला कलक्टर गौरव सैनी के निर्देशन में मंगलवार को बामनवास उपखण्ड क्षेत्र की बरनाला तहसील के भंवरकी गांव में 50 बीघा चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। बरनाला तहसील कार्यालय के अनुसार पटवार हल्का नारौली चौड़ के भंवरकी गांव की खसरा नम्बर 1175 रकबा 12 .35 हेक्टयर चारागाह भूमि लर 12 लोगों ने अतिक्रमण कर फसल की बुवाई कर रखी गई। मामला संज्ञान में आने के बाद कलक्टर के निर्देश पर तहसीलदार ने सम्बन्धित पटवारी व गिरदावर की रिपोर्ट के आधार पर 12 अतिक्रमियों को चिन्हित किया। सभी अतिक्रमियों को सरकारी भूमि छोड़ने के लिए नोटिस दिया गया। नोटिस पर अमल नहीं हुआ तो मंगलवार को पुलिस, राजस्व व पंचायत प्रशासन के साथ मौके पर जाकर तीन ट्रैक्टर व जेसीबी की मदद से सरसो फसल को नष्ट कर खुर्द बुर्द किया गया। उक्त भूमि को ग्राम पंचायत नारौली चौड़ की सुपुर्दगी में दिया गया है।

# सर्दियों में इन तरीकों से लगाएं बादाम का तेल

स र्दियां आते ही कई तरह की स्किन संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। सर्द हवा के कारण त्वचा की नमी खो जाती है, जिससे त्वचा रुखी हो जाती है। सर्दियों में ड्राई स्किन के अलावा भी कई अन्य त्वचा संबंधी समस्याऐं बढ़ जाती है। इस मौसम में स्किन डल और बेजान नजर आने लगती है। ऐसे में आप सर्दियों में होने वाली परेशानियों से बचने के लिए बादाम के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। बादाम का तेल स्किन और बालों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन ई भरपूर मात्रा में होता है, जो स्किन को अंदर तक पोषण देता है। बादाम के तेल को चेहरे पर लगाने से कई लाभ मिलते हैं। कई लोग बादाम के तेल से चेहरे और शरीर की मालिश करते हैं। लेकिन, इसके अलावा भी आप बादाम के तेल का इस्तेमाल कई तरीकों से कर सकते हैं।



## मॉइस्चराइजर

आप सर्दियों में बादाम के तेल का इस्तेमाल मॉइस्चराइजर के रूप में कर सकते हैं। बादाम के तेल में भरपूर मात्रा में विटामिन ई होता है, जो स्किन को नमी प्रदान करता है। अगर आपकी स्किन ड्राई है, तो आप बादाम के तेल को मॉइश्चराइजर के रूप में चेहरे पर लगा सकते हैं। इसके लिए आप चेहरा धोने के बाद दो-तीन बूंदें बादाम के तेल की चेहरे पर लगा सकते हैं। आप चाहें तो मॉइस्चराइजर में बादाम के तेल की कुछ बूंदें मिक्स करके भी लगा सकते हैं। लेकिन चेहरे पर 2-3 बूंद से ज्यादा बादाम का तेल न लगाएं, इससे स्किन ऑयली नजर आ सकती है।

## मसाज

अधिकतर लोग सर्दियों में चेहरे की मसाज करने के लिए क्रीम का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, बाजार में मिलने वाली क्रीम के कारण चेहरे पर धूल चिपकने लगती है और चेहरा चिपचिपा नजर आने लगता है। ऐसे में, आप बादाम के तेल से चेहरे की मसाज कर सकते हैं। इसके लिए आप रात को सोने से पहले चेहरे को धो लें। इसके बाद, बादाम के तेल की दो-तीन बूंदें हाथ पर लेकर, हल्के हाथों से चेहरे की मालिश करें। इसे रातभर के लिए ऐसे ही लगा रहने दें। बादाम के तेल से चेहरे की मसाज करने से स्किन में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ेगा और चेहरा निखरा हुआ नजर आएगा।

## फेस मास्क

आप बादाम के तेल का इस्तेमाल फेस मास्क के रूप में भी कर सकते हैं। इसके लिए एक कटोरी में बादाम के तेल की तीन-चाद बूंदे लें। इसमें एक चम्मच बेसन, एक चुटकी हल्दी और आधा छोटा चम्मच शहद डालें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। इससे आपकी स्किन को नमी मिलेगी और चेहरे के दाग-धब्बे भी दूर होंगे।

## मेकअप रिमूवर

सर्दियों में दिनभर मेकअप लगाने से त्वचा ड्राई और डल नजर आने लगती है। ज्यादातर लोग मेकअप रिमूव करने के लिए बाजार में मिलने वाले मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, इसमें मौजूद केमिकल से आपकी त्वचा पर ड्राईनेस और लालिमा की समस्या बढ़ सकती है। आप चाहें तो बादाम के तेल का इस्तेमाल मेकअप रिमूवर के रूप में भी कर सकते हैं। मेकअप रिमूव करने के लिए आप बादाम के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। बादाम का तेल मेकअप रिमूव करने के साथ-साथ स्किन को मॉइस्चराइज भी करेगा।

## बादाम का तेल के साथ नीम का तेल

अगर सर्दियों में आपके चेहरे पर पिंपल्स की समस्या हो जाती है तो आप बादाम के तेल को नीम के तेल के साथ मिक्स करके चेहरे पर लगा सकते हैं। इसके लिए दो-तीन बूंदें बादाम के तेल की लें। इसमें दो-तीन बूंदें नीम के तेल की मिलाएं। इसे अपने चेहरे पर लगाकर हल्की मसाज करें। करीब 30 मिनट बाद चेहरे को धो लें। नीम के तेल में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो चेहरे पर बैक्टीरिया को पनपने से रोकते हैं। इससे आपकी त्वचा का रूखापन दूर होगा और पिंपल्स की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा।



# सर्दियों में तिल का तेल खाने से मिलते हैं ये अनोखे फायदे...

सर्दियों के मौसम में तिल खाने के कई फायदे मिलते हैं। इस मौसम में तिल के तेल का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। तिल का तेल सर्दी के मौसम में ही सबसे ज्यादा खाया जाता है। आयुर्वेद के मुताबिक तिल के तेल के सेवन का सबसे सही समय सर्दियों का मौसम है। इस मौसम में तिल का तेल खाने से कई समस्याओं में भी फायदा मिलता है। पुराने जमाने से ही तिल के तेल का सेवन सर्दियों के समय किया जाता रहा है। सरियों के समय शरीर को ठंड से बचाने के लिए भी इसका सेवन बहुत फायदेमंद होता है। तिल के तेल में प्रोटीन, विटामिन डी, विटामिन ई और फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में होते हैं। इसका सेवन करने से सांस और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों में भी बहुत आराम मिलता है। सर्दी के मौसम में तिल का तेल खाने से आपका शरीर ठंड की चपेट में नहीं आता है और इसके सेवन से आपके शरीर में वात और कफ नियंत्रित रहते हैं। इसके तेल में विटामिन और मिनरल्स की प्रचुर मात्रा होती है।

### हड्डियों के लिए फायदेमंद

सर्दियों में तिल का तेल खाने से आपकी हड्डियां मजबूत रहती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा कम होता है। इसमें मौजूद आयरन और कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा हड्डियों को मजबूत करने का काम करती है और जोड़ों की सूजन या गठिया की समस्या में भी बहुत फायदेमंद होता है।

### हार्ट के लिए फायदेमंद

तिल का तेल खाने से हार्ट से जुड़ी बीमारियों का जोखिम कम होता है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण हार्ट को हेल्दी रखने का काम करते हैं। इसका सेवन करने से शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा ठीक होती है।

### शरीर को ठंड से बचाए

तिल के तेल की तासीर गर्म होती है इसीलिए इसका सेवन सर्दियों में करने की सलाह दी जाती है। सर्दी के मौसम में तिल का तेल खाने से आपका शरीर गर्म रहता है और ठंड से बचाव होता है। सर्दियों के मौसम में आप इसे डाइट में जरूर शामिल करें।

### ब्लड प्रेशर करे कंट्रोल

सर्दियों में तिल के तेल का सेवन करने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में बहुत फायदा मिलता है। तिल के तेल में मैग्नीशियम की मात्रा होती है जो हाई ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। आप इसका सेवन सब्जियां बनाने में या कोई दूसरी डिश बनाने में आसानी से कर सकते हैं।



### ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस में फायदेमंद

सर्दी के मौसम में तिल के तेल का सेवन करने से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस की समस्या में बहुत फायदा मिलता है। तिल के तेल में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट गुण स्ट्रेस और तनाव में बहुत उपयोगी होते है। इसके अलावा तिल के तेल में मौजूद गामा-टेकोफॉरल (एक प्रकार का विटामिन ई) स्किन के लिए भी बेहद फायदेमंद माना जाता है।

# एक्जिमा का रामबाण इलाज है नीम का तेल





एक्जिमा एक त्वचा रोग है, जिसमें त्वचा पर लालिमा और लाल रंग के धब्बे नजर आते हैं। एक्जिमा होने पर शरीर में काफी ज्यादा खुजली होने लगती है। एक्जिमा के कारण त्वचा फट जाती है और त्वचा पर सफेद दरारें भी पड़ने लगती हैं। एक्जिमा रोग मुख्य रूप से पीठ, पेट, हाथ, मुंह, कान के पास होता है। कई बार लोग इसे मामूली खुजली समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे ये धीरे-धीरे फैलने लगता है। एक्जिमा की समस्या का जल्द उपचार न करने पर त्वचा बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। आमतौर पर एक्जिमा के इलाज के लोग दवाओं का सहारा लेते हैं। लेकिन, आप प्राकृतिक तरीकों से भी एक्जिमा का उपचार कर सकते हैं। एक्जिमा के इलाज के लिए नीम का तेल बहुत फायदेमंद माना जाता है। नीम का तेल कई औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-एलर्जिक होते हैं, जो त्वचा की खुजली और संक्रमण को ठीक करते हैं। इसमें मौजूद एंटी-इनफ्लेमेटरी गुण सूजन और जलन दूर करते हैं। नीम के तेल के प्रयोग से एक्जिमा से प्रभावित त्वचा को राहत मिलती है। अब सवाल यह उठता है कि एक्जिमा से राहत पाने के लिए नीम का तेल कैसे प्रयोग करें?

### नहाने के पानी में नीम का तेल मिक्स करें :

नहाने के पानी में नीम के तेल की दो-चार बूंदें मिलाकर स्नान करें। ये एक्जिमा के लक्षणों से राहत पाने का सबसे आसान तरीका है। इससे संक्रमण दूर होगा और त्वचा को जरूरी पोषण भी मिलेगा। इससे आपकी त्वचा साफ और सॉफ्ट बनेगी।

### नीम का तेल और हल्दी

नीम के तेल में हल्दी मिलाकर लगाने से एक्जिमा के लक्षणों से राहत मिल सकती है। हल्दी और नीम में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीसेप्टिक गुण मौजूद होते हैं। हल्दी और नीम के तेल का मिश्रण लगाने से त्वचा की खुजली, चकत्तों और जलन से राहत मिलती है। इसके लिए नीम के तेल में थोड़ी सी पिसी हल्दी और थोड़ा सा कच्चा शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को प्रभावित जगह पर लगाएं। लगभग 20 मिनट बाद इसे पानी से धो लें। इसके नियमित इस्तेमाल से एक्जिमा की समस्या में काफी लाभ होगा।

### नीम और ग्रेपसीड ऑयल

एक्जिमा से राहत पाने के लिए आप नीम के तेल को ग्रेपसीड ऑयल यानी अंगूर के बीज के तेल के साथ मिलाकर लगा सकते हैं। नीम का तेल और ग्रेपसीड ऑयल में कई औषधीय गुण मौजूद होते हैं। त्वचा पर इसका मिश्रण लगाने से स्किन की समस्याएं दूर होती हैं। ग्रेपसीड ऑयल में विटामिन-ई, एंटी-ऑक्सीडेंट और बीटा-कैरोटीन होता है, जो त्वचा की खुजली और रूखेपन को कम करता है। इसके लिए नीम के तेल और ग्रेपसीड ऑयल को बराबर मात्रा में मिलाएं। इस मिश्रण को प्रभावित जगह पर लगाकर रातभर के लिए छोड़ दें। इसके नियमित इस्तेमाल से एक्जिमा की समस्या में जल्द ही लाभ होगा।

### नीम और नारियल का तेल

एक्जिमा से राहत पाने के लिए आप नीम के तेल को नारियल के तेल में मिक्स करके लगा सकते है। नीम का तेल और नारियल तेल, दोनों ही त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इसमें एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी इन्फ्लेमेंटरी गुण होते हैं। नीम के तेल में नारियल का तेल मिलाकर लगाने से त्वचा की जलन और सूजन से जल्द राहत मिलती है। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा साफ और मुलायम बनती है।

# पतली-दुबली लड़कियां ऐसे बढ़ाएं वजन, मसल्स और हड्डियों में आएगी मजबूती

**अक्सर माना जाता है कि लड़कियां वजन कम करने को लेकर परेशानी रहती है लेकिन सच्चाई ये है कि कई लड़कियां अपने कम वजन को लेकर भी बहुत परेशान रहती है। कम वजन के कारण कई बार वे अपने पसंदीदा कपड़े नहीं पहन पाती है। साथ ही उनमें आत्मविश्वास की कमी भी देखने को मिलती है, जिसकी वजह से वह दूसरों से बात करने में भी झिझकती हैं। वजन बढ़ाने के लिए लड़कियां अधिक खाना या वसा से भरपूर खाना खाने की कोशिश करती है। ताकि तेजी से उनका वजन बढ़े लेकिन इससे आपकी मुसीबतें और बढ़ सकती है। क्योंकि केवल सही डाइट लेने से या डाइट में फैट की मात्रा बढ़ाने में आपका वजन तो बढ़ सकता है लेकिन शरीर सुडौल नजर नहीं आता है। बल्कि ऐसे भोजन में आपका पेट निकल सकता है और हाथ-पैर के मसल्स बढ़ सकते हैं। लेकिन अगर आप स्वस्थ रूप से वजन बढ़ना चाहती है, तो आपको सही डाइट के साथ एक्सरसाइज भी करने की जरूरत होती है। ताकि आपका शरीर सुडौल दिखाई दे।**

**प्रोटीन और कार्ब्स को शामिल करें**-कई बार हम वजन बढ़ाने की कोशिश में सही डाइट को फॉलो नहीं करते है लेकिन पतली लड़कियों को वजन बढ़ने के लिए अपने आहार में प्रोटीन और कार्ब्स की मात्रा शामिल करनी चाहिए। प्रोटीन के लिए आप दूध, अंडे, सोयाबीन और चिकन आदि का सेवन कर सकते हैं। मसल्स गेन करने के लिए आप विटामिन बी12 से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे मटन, लीन मीट, पोल्ट्री, बीज, फलियां और नट्स को भोजन में शामिल कर सकते हैं।

**हेल्दी शेक और स्मूदी पिएं**-हाई कैलोरी स्मूदी और हेल्दी ड्रिंक्स की मदद से पतली लड़कियां अपना वजन बढ़ा सकती है। ये न केवल आपका स्वस्थ रूप से वजन बढ़ाने में मदद करता है बल्कि शरीर को भरपूर पोषण भी प्रदान करता है। स्ट्रॉबेरी एवोकैडो स्मूदी और स्ट्रॉबेरी केला पीनट बटर स्मूदी कुछ उच्च कैलोरी वाली स्मूदी, जिनका सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

**खाना पकाने के लिए स्वस्थ तेल का चुनाव**-शरीर में प्रोसेस्ड तेल की मात्रा काफी नुकसान पहुंचा सकती है। वजन बढ़ाने के लिए लड़कियां स्वस्थ तेलों का चुनाव कर सकती है। आप चाहे तो ऑलिव ऑयल, नारियल तेल और एवोकाडो तेल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इससे शरीर को भी काफी पोषण मिलता है।

**व्यायाम करें**-वजन बढ़ाने के लिए केवल अच्छा आहार लेना ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि नियमित व्यायाम करना भी अहम होता है। यह अतिरिक्त कैलोरी की मदद से मांसपेशियों को बढ़ाने में मदद करता है। इससे शरीर टोंड होता है और आप आत्मविश्वास से भरे नजर आते हैं।

**अधिक मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन**-वजन बढ़ाने के लिए आपको उचित मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन भी करना चाहिए। इससे शरीर में भोजन का पाचन उचित ढंग से होता है। तरल पदार्थ में आप फलों के रस, मिल्कशेक, सोया दूध जैसे गैर-कैफीनयुक्त पेय पदार्थों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन पेय पदार्थों में पोषण के साथ-साथ उच्च मात्रा में कैलोरी होती है, जो स्वस्थ रूप से वजन बढ़ाने में मदद करती है।

# सर्दियों में हेल्दी रहने के लिए खाएं ये सुपरफूड्स

सर्दियां शुरू होते ही कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होने लगती है। इस मौसम में शरीर को खास देखभाल की जरूरत होती है। सर्दियों में शरीर की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, जिसके कारण बीमारियों का खतरा अधिक बढ़ जाता है। इस मौसम में अकसर लोगों को खांसी-जुकाम, बुखार, दर्द और कब्ज जैसी समस्याएं होने लगती हैं। सर्दियों में होने वाली समस्याओं से बचने के लिए बॉडी की इम्यूनिटी का मजबूत होना जरूरी है। इम्यूनिटी को बूस्ट करने के लिए पर्याप्त पोषण लेने की सलाह दी जाती है। अधिकतर लोगों के मन में सवाल होता है कि सर्दियों में फिट और हेल्दी रहने के लिए क्या खाना चाहिए?

### लहसुन



खाने में लहसुन का इस्तेमाल स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है। लेकिन, यह हमारी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। रुजुता के अनुसार, सर्दियों में आपको हरे लहसुन का सेवन जरूर करना चाहिए। आप सर्दियों में लहसुन की सब्जी, सूप, चटनी या अचार भी खा सकते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होता है, जो शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाता है। लहसुन खाने से सर्दियों में इंफेक्शन से बचाव होता है। इसके साथ ही, यह ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में भी मददगार होता है। लहसुन का सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में भी मदद मिलती है। इसमें एसिलिन नामक तत्व पाया जाता है, जो बालों की ग्रोथ बढ़ाने और डैंड्रफ जैसी सम्याओं को दूर करने में मदद करता है। आप सर्दियों में हेल्दी रहने के लिए हरे लहसुन का सेवन कर सकते हैं।

### शलगम



सर्दियों के मौसम में बाजारों में तरह-तरह की सब्जियां मिलने लगती हैं। सर्दियों में शलगम का सेवन करना बहुत फायदेमंद होता है। इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जो कब्ज की शिकायत को दूर करने में मदद करता है। इसके अलावा, इसमें विटामिन सी, विटामिन के, बीटा कैरोटिन और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो सेहत के लिए लाभकारी होते हैं। आप सर्दियों में शलगम की सब्जी या अचार बनाकर खा सकते हैं। इससे आपके शरीर को पोषण मिलेगा और आप हेल्दी महसूस करेंगे।

### गोंद



सर्दियां आते ही घरों में गोंद के लड्डू बनने लगते हैं। प्रेगनेंट महिलाओं और नई मां को भी गोंद के लड्डू खाने के लिए दिए जाते हैं। गोंद के लड्डू ना सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि हमारी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। आप गोंद का इस्तेमाल हलवा बनाने के लिए भी कर सकते हैं। गोंद में प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती है, जिससे शरीर को एनर्जी मिलती है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, सर्दियों में शरीर में गर्माहट पैदा करते हैं। सर्दियों में गोंद का सेवन करने से जोड़ों के दर्द से भी राहत मिलती है। इसके अलावा, यह सर्दियों में मेटाबॉलिज्म को तेज करने में भी मदद करता है। गोंद एक लैक्सटेसिव की तरह काम करता है, जिससे बॉवेल मूवमेंट में सुधार होता है और कब्ज की समस्या दूर होती है। आप सर्दियों में फिट और हेल्दी रहने के लिए अपनी डाइट में गोंद को शामिल कर सकते हैं।

# वजन घटाने के लिए रोज सुबह करें कुंभकासन



मोटापे की समस्या किसी भी व्यक्ति को तब होती है, जब उसके शरीर में अतिरिक्त वसा यानी फैट का जमाव हो जाता है। खराब जीवनशैली और गलत खान-पान की आदत शरीर में फैट जमने के मुख्य कारण माने जाते हैं। ऐसे में मोटापे को कम करने के लिए अधिकतर लोग वेट लॉस डाइट प्लान फॉलो करते हैं, लेकिन इसके लिए शारीरिक रूप से सक्रिय रहना भी जरूरी होता है। डाइट के साथ ही फिजिकल एक्टिविटी करने से आप अपना वजन आसानी से घटा सकते हैं। आज हम आपको एक ऐसे योगासन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके नियमित अभ्यास से आपको वजन घटाने में मदद मिलेगी। हम बात कर रहे हैं कुंभकासन की। इस आसन को करने से तनाव कम होता है, आप शारीरिक रूप से सक्रिय रहते हैं और धीरे-धीरे वजन भी कम होने लगता है।

**वजन घटाने में फायदेमंद :** कुंभकासन करने से आपका वजन कम हो सकता है क्योंकि इसे करते समय आपके शरीर की सभी मांसपेशियां काम करती हैं, जिससे आपका फैट बर्न होता है। साथ ही इससे आपके कोर को मजबूती मिलती है और कोर के आसपास की मांसपेशियों में वसा का जमाव कम होता है।

**बाजुओं को मजबूत करे :** बेली फैट घटाने के साथ-साथ कुंभकासन का नियमित अभ्यास कर सकते हैं। इससे आपका ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। इससे आपके कंधे चौड़े और मजबूत बनते हैं।

**रीढ़ की हड्डी मजबूत बनाए :** कुंभकासन को रोजाना करने से आपके रीढ़ की हड्डी को मजबूती मिलती है। इससे आपकी पूरी बॉडी फ्लेक्सिबल बनती है, जिससे आपके शरीर का विकास होता है। साथ ही इससे आपके बॉडी पोश्चर में सुधार आता है।

**कमर दर्द ठीक करे :** इस योगासन को करने से आपके कमर दर्द की समस्या ठीक होती है और कमर के नीचे की मांसपेशियों को आराम मिलता है। साथ ही इससे आपकी बैलेंसिग पावर बढ़ती है। इस आसन को आप अपनी क्षमतानुसार करें।

**कुंभकासन करने का तरीका :** इस योगासन को करने के लिए आप सबसे पहले मैट बिछाएं। फिर इस मैट पर पेट के बल लेट जाएं। इस आसन को करते समय आपका शरीर सीधा रहेगा। अब अपने शरीर को प्लैंक पोजीशन की मुद्रा में लाएं। आपके दोनों हाथ कंधे के सामने रहेंगे और आपके पंजे जमीन पर रहेंगे। फिर अपने कोर को टाइट करके आप शरीर को ऊपर हवा में उठाने की कोशिश करें। जैसा आप फोटो में देख पा रहे हैं। इसे करते समय आपकी कमर और गर्दन को बिल्कुल सीधा रखें। आप कुछ देर इसी अवस्था में बने रहें। फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं।

**सावधानियां :** इस आसन को करते समय अपनी रीढ़ को सीधा रखें, ऐसा न करने पर आपकी रीढ़ में समस्या हो सकती है। गर्भवती महिलाएं इस आसन को न करें। इससे होने वाले बच्चे को खतरा हो सकता है। घुटनों, टखनों या कोहनियों में दर्द होने पर तुरंत इस आसन को करना छोड़ें। ब्लड प्रेशर की समस्या होने पर आप डॉक्टर से सलाह लें।

औकात से ज्यादा अगर बिना मेहनत के मिल जाए, तो आँखे अंधी और आत्मा बहरी हो जाती है!
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# राजस्थान के 3 शहरों में लेपर्ड का आतंक

## उदयपुर में युवती पर हमला किया सीकर में किसान पर मारा झपट्टा



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर/सीकर/अलवर।** राजस्थान के कई जिलों में लेपर्ड हिंसक होते जा रहे हैं। पिछले चार महीने में लेपर्ड उदयपुर में कई लोगों पर हमला कर चुके हैं। अक्टूबर में यहां के जंगलों में रहने वाले लेपर्ड ने 9 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। अब एक बार फिर लेपर्ड का मूवमेंट नजर आया है। मंगलवार(24 दिसंबर) को भी लेपर्ड खेत में काम कर रही एक युवती पर हमला कर भागा। वहीं एक बाड़े में भी घुसा था। 14 दिन पहले भी लेपर्ड सीसीटीवी में नजर आया था। उदयपुर ही नहीं, अलवर शहर के ऋ्रकॉलेज के जंगल में भी 24 दिन से लेपर्ड घुसा हुआ है। उसने सूअर और नील गाय के बच्चों को शिकार बनाया है। वहीं सीकर में आज जयपुर-झुंझुनू बायपास स्थित कुड़ली गांव में लेपर्ड ने किसान पर हमला कर दिया।

### उदयपुर में खेत में काम कर रही युवती पर किया हमला

उदयपुर से 45 किमी दूर गोगुंदा ग्राम पंचायत है। यहां से करीब 8 किलोमीटर दूर भूताला पंचायत के गांव पाचावतो की भागल है। इस गांव की रहने वाली घीसी बाई आज सुबह अपनी 17 साल की बेटी अनिता के साथ खेत में घास काट रही थी। इस दौरान अचानक लेपर्ड आ गया और अनिता पर हमला कर दिया। बेटी पर लेपर्ड के झपट्टा मारते ही मां की चीख निकल गई। मां के चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पास के लोग आए। तब लेपर्ड भाग गया। दो दिन पहले यहां एक बाड़े में भी लेपर्ड घुसा था। इसके बाद से लोगों में दहशत है और पिंजरा लगाने की मांग की है।

### सीकर में किसान पर किया हमला

सीकर के जयपुर-झुंझुनू बायपास स्थित कुड़ली गांव में आज सुबह 10:45 पर लेपर्ड देखा गया। लेपर्ड ने खेत में काम कर रहे किसान बजरंग लाल गुर्जर पर हमला किया। लेपर्ड एक खेत में पेड़ के नीचे बैठा है। उसे ट्रेंकुलाइज करने के लिए जयपुर से टीम को बुलाया गया है। एक होटल के सीसीटीवी कैमरे में लेपर्ड को देखा गया है।

### अलवर के कॉलेज में 24 दिन से लेपर्ड घुसा

अलवर शहर के ऋ्रकॉलेज के घने जंगल में घूम रहा लेपर्ड अब तक 30 से ज्यादा सूअर के बच्चों का शिकार कर चुका है। नील गाय का भी शिकार किया है। कॉलेज कैंपस के आस-पास करीब 10 हजार लोगों की आबादी है। ऐसे में लोग डर के साये में जी रहे हैं। वन विभाग ने जंगल में बकरा व मुर्गा रखकर पिंजरा रखा है, जिससे लेपर्ड उन्हें खाने आ जाए और फंस जाए। इसके बाद भी लेपर्ड पिंजरे में नहीं आ रहा है।

## 20 यात्रियों से भरी बस में लगी आग : शॉर्ट सर्किट के कारण वायरिंग जल गई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के सोडाला इलाके में सोमवार दोपहर 3.30 बजे 20 यात्रियों से भरी बस में आग लग गई। यात्रियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर ड्राइवर मुकेश ने बस रोक दी। यात्रियों की मदद करते हुए गाड़ी को खाली किया। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। इस दौरान बस का काफी हिस्सा जल गया। प्रत्यक्षदर्शी विमल ने बताया- बस के पीछे से धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया। बस में जब धुआं घुसा तो सवारियों ने शोर करना शुरू कर दिया। इस पर ड्राइवर ने पुरानी चुंगी के पास में बस को रोक दिया। सवारियों को बाहर निकाल। किसी को भी चोट नहीं आई। लोगों ने बस चालक महेश के साथ मिल कर बस में लगी आग को बुझाया।

आग बुझने पर चालक महेश ने बताया- बस की वायरिंग जल गई। इस के बाद सवारियों को दूसरी बस में शिफ्ट किया गया। बस दूदू से अजमेरी गेट के लिए चलती है। बस जब दूदू जा रही थी। उसी दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लगी।

## रामभद्राचार्य बोले- भागवत संघ के संचालक, हमारे नहीं

### आरएसएस प्रमुख बोले थे- लोगों को लगता है राममंदिर जैसे मुद्दे उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं

बढ़ता राजस्थान

**चित्रकूट (एजेंसी)।** जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर नाराजगी जताई है। स्वामी रामभद्राचार्य ने न्यूज एजेंसी के साथ बातचीत में कहा कि संघ प्रमुख का व्यक्तिगत बयान है। ये उन्होंने अच्छा नहीं कहा। संघ भी हिंदुत्व के आधार पर बना है। जहां-जहां मंदिर या मंदिर के अवशेष मिल रहे हैं, उन्हें हम लेंगे। जहां अवशेष नहीं हैं, वहां नहीं लेंगे। वे (मोहन भागवत) संघ प्रमुख हैं, हम धर्माचार्य हैं। हमारा क्षेत्र अलग है, उनका अलग। वे संघ के सरसंघचालक हैं, हमारे नहीं। राम मंदिर पर बयान देना दुर्भाग्यपूर्ण है।

रामभद्राचार्य ने कहा- एक यहूदी को कोई मार देता है तो इजराइल ऐसी की तैसी कर देता है। हजारों हिंदू मारे जा रहे हैं, सरकार कुछ कर नहीं रही है। सरकार को चाहिए कठोरता से बांग्लादेश से निपटे।

### कोलकाता रेप-मर्डर; फोरेंसिक रिपोर्ट से आया ट्विस्ट

## जिस गद्दे पर ट्रेनी डॉक्टर का शव था, उस पर संघर्ष के सबूत नहीं

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस में सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री की एक रिपोर्ट सामने आई है। जिसमें कई सनसनीखेज खुलासे हैं। 12 पेज की रिपोर्ट में कहा गया है कि सेमिनार रूम में ऐसा कोई सबूत नहीं मिला, जिससे पता चले कि वहां पीड़ित से रेप के बाद हत्या की गई है। रिपोर्ट के 12वें पेज की आखिरी लाइनों में लिखा है- जिस जगह ट्रेनी डॉक्टर का शव मिला था, वहां संघर्ष का कोई सबूत नहीं मिला। जिस गद्दे पर शव था, उस पर भी किसी तरह की हाथापाई के निशान नहीं मिले हैं। इससे अब ये सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर कहीं और हुआ था।

# अंबेडकर मुद्दे पर जिलों में कांग्रेस का पैदल-मार्च

## सीकर और अजमेर में बैरिकेड्स तोड़े, अलवर में जूली के नेतृत्व में निकला मार्च

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अंबेडकर पर संसद में दिए बयान के बाद उठा विवाद अब राज्यों तक पहुंच गया है। कांग्रेस ने इसे देशव्यापी मुद्दा बनाकर राज्यों में अभियान छेड़ दिया। कांग्रेस ने आज सभी जिलों में इसे लेकर पैदल मार्च किया।

एआईसीसी से मिले आदेशों के बाद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने दो दिन पहले सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को अंबेडकर मुद्दे पर पैदल मार्च निकालने को कहा था। इसके बाद मंगलवार को राजधानी जयपुर से लेकर हर जिला मुख्यालय पर कांग्रेस नेताओं ने पैदल मार्च निकाला और राष्ट्रपति ने नाम ज्ञापन सौंपा।

अमित शाह के बयान के खिलाफ कांग्रेस जयपुर शहर-जयपुर ग्रामीण कांग्रेस की ओर से मंगलवार को पैदल मार्च निकाला गया। हालांकि इस पैदल मार्च जयपुर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष आरआर तिवाड़ी और जयपुर ग्रामीण के अध्यक्ष गोपाल मीणा, विधायक अमीन कागजी गाड़ी में सवार रहे। इनके आगे पैदल पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और कांग्रेस महिला कार्यकर्ता बैनर लेकर कलेक्ट्रेट ऑफिस तक पहुंचे।

इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री अमित शाह की ओर से माफी मांगने की तख्तियां लेकर प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान युवा




कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट सर्किल पर जाम लग गया। प्रदर्शन के चलते यहां करीब 1 घंटे से ज्यादा जाम लगा रहा। कलेक्ट्रेट सर्किल पर पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में घुसने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर इन्हें गेट पर ही रोक लिया। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स पर चढ़ कर जमकर हंगामा किया और शाह से इस्तीफे की मांग की।

### कोटा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में घुसने की कोशिश की

कोटा उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कोटा कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कोटा उत्तर विधायक व पूर्व मंत्री शांति धारीवाल शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में घुसने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हल्की धक्का मुक्की हुई।

### अजमेर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की

अजमेर शहर कांग्रेस की ओर से मंगलवार को पैदल मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट प्रदर्शन किया गया। शहर अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में कांग्रेसी रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं की ओर से बैरिकेड्स पर चढ़कर प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं की पुलिस से धक्का- मुक्की भी हुई। इस बीच कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स को नीचे गिरा दिया। कांग्रेसी पदाधिकारी ने जिला कलेक्टर लोक बंधु को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर केंद्रीय मंत्री अमित शाह को पद से इस्तीफा देने की मांग की है। सीकर में कांग्रेस ने आक्रोश मार्च निकाला। यह आक्रोश मार्च सीकर में अंबेडकर सर्किल से रवाना होकर कलेक्ट्रेट पहुंचा। कलेक्ट्रेट के बाहर लगे बैरिकेट्स पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने चढ़ने की कोशिश की। इसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस ने उन्हें समझाइश करके नीचे उतार दिया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा।

### अलवर में नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में निकाला आक्रोश मार्च

डॉ. भीमराव अंबेडकर पर दिए बयान के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अलवर शहर में मुख्य बाजारों से होते हुए निकला। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कांग्रेस के विधायक और कार्यकर्ता शामिल रहे। शहीद स्मारक से अम्बेडकर सर्किल तक विरोध मार्च निकाला गया।

# चुनाव नियमों में बदलाव को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

## कांग्रेस ने याचिका लगाई, केंद्र ने पोलिंग बूथ के फुटेज सार्वजनिक करने से इनकार किया था

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने मंगलवार को चुनाव से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स पब्लिक करने से रोकने के नियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केंद्र सरकार ने 20 दिसंबर को पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए चुनाव नियमों में बदलाव किया था।

याचिका पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- चुनाव आयोग को ऐसे महत्वपूर्ण कानून (चुनाव संचालन नियम, 1961) में एकतरफा संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। नियमों में बदलाव के बाद 21 दिसंबर को रमेश ने कहा था- चुनाव आयोग पारदर्शिता से इतना डरता क्यों है। आयोग के



इस कदम को जल्द ही कानूनी चुनौती दी जाएगी।

चुनाव आयोग ने कानून में नियमानुसार शब्द जोड़ा चुनाव आयोग की सिफारिश पर कानून मंत्रालय ने 20 दिसंबर को द कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल- 1961 के नियम 93(2)(ए) में बदलाव किया है। नियम 93 कहता है- चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे। इसे बदलकर चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज नियमानुसार पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे कर दिया गया है।

# अफगानिस्तान में भारतीय दूतावास के कर्मचारियों पर हमला!

## 3 की मौत, 1 घायल; किसी ग्रुप ने अभी तक जिम्मेदारी नहीं ली

बढ़ता राजस्थान

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के जलालाबाद में इंडियन कॉन्स्युलेट के लिए काम करने वाले अफगान कर्मचारियों पर मंगलवार शाम अज्ञात बंदूकधारियों ने हमला किया। यह हमला कर्मचारियों को लेकर जा रही गाड़ी पर किया गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें कम से कम 3 कर्मचारियों की मौत हो गई है। इसके अलावा एक शख्स घायल भी हुआ है। ऐसा माना जा रहा है ये टारगेट किलिंग है लेकिन अभी तक किसी भी ग्रुप ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत सरकार स्थिति पर नजर रख रही है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले बताया गया है कि हमले में कोई भी भारतीय कर्मचारी मरा या घायल नहीं हुआ है।

भारत ने सुरक्षा वजहों से 4 साल पहले दूतावास बंद किया

जलालाबाद में भारतीय वाणिज्य दूतावास को सुरक्षा वजहों से आधिकारिक तौर पर 2020 में बंद कर दिया गया था। हालांकि इसका अफगान नागरिकों की एक छोटी सी टीम दूतावास से जुड़े कामकाज संभालती है।

भारत ने अफगानिस्तान में पूर्व राष्ट्रपति अशरफ गनी के शासन के दौरान कई प्रोजेक्ट्स में लाखों डॉलर का निवेश किया था। हालांकि 2021 में तालिबान के आने के बाद भारत ने सभी वाणिज्य दूतावास बंद कर दिए। अभी सिर्फ काबूल में दूतावास चालू है जहां भारतीय कर्मचारी रहते हैं।



### तालिबान को भारत ने नहीं दी है मान्यता

भारत ने अभी तक तालिबान शासन को मान्यता नहीं दी हुई है। हालांकि, भारत समय-समय पर अफगान लोगों को गेहूं, दवाएं और चिकित्सा समेत मानवीय सहायता मुहैया करा रहा है। तालिबान लगातार दुनिया से उसे मान्यता देने की मांग करता रहा है। तालिबान का आरोप है कि उन्होंने मान्यता हासिल करने के लिए सभी जरूरतों को पूरा कर लिया है। इसके बावजूद अमेरिका के दबाव में आकर दूसरे देश हमें मान्यता नहीं दे रहे हैं।

## बांग्लादेशियों की फेक आईडी बनाने वाले 11 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को फेक आईडी और डॉक्यूमेंट्स बनाने वाले 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 5 बांग्लोदशी और 6 स्थानीय लोग हैं। ये लोग अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को फर्जी डॉक्यूमेंट्स जैसे- वोटर आईडी, आधार कार्ड के जरिए दिल्ली में बसाते थे। दक्षिणी दिल्ली के डीसीपी अंकित चौहान ने बताया- गिरफ्तार लोगों से फर्जी आधार कार्ड, वोटर आईडी, पासपोर्ट बरामद हुए हैं। ये लोग वेबसाइट के जरिए फर्जी डॉक्यूमेंट्स बनाते थे। वेबसाइट रजत मिश्रा चलाता था। गिरफ्तार लोगों में एक महिला भी शामिल है, जिसने फर्जी आधार से वोटर कार्ड बनवाया था। अब तक 1 हजार से अधिक बांग्लादेशियों की पहचान की गई है।

# कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव जंग लगा चाकू : उपराष्ट्रपति

## बायपास सर्जरी के लिए कभी सब्जी काटने वाले चाकू का इस्तेमाल नहीं करते



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के उप-राष्ट्रपति और राज्यसभा चेयरमैन जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि बायपास सर्जरी के लिए कभी सब्जी काटने का चाकू इस्तेमाल नहीं करते हैं। विपक्ष की तरफ से उन्हें राज्यसभा के चेयरमैन पद से हटाने के लिए दिया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद यह उनका पहला बयान है। अपने निवास पर महिला जर्नलिस्ट को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, 'उप राष्ट्रपति के खिलाफ दिया गया नोटिस तो देखिएज आपको हैरानी होगी। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी ने एक बार कहा था कि सब्जी काटने के चाकू का इस्तेमाल कभी भी बायपास सर्जरी के लिए न करें।' दरअसल, इस अविश्वास प्रस्ताव में कई खामियां होने की बात कही गई थी, जिसके चलते इसे खारिज किया गया। 'मेरे खिलाफ दिया गया नोटिस सब्जी काटने का चाकू भी नहीं था, उसमें जंग लगी हुई थी। वह बहुत जल्दबाजी में दिया गया था। जब मैंने उसे पढ़ा तो हैरान रह गया। लेकिन सबसे ज्यादा जिस बात से मुझे हैरानी हुई वो यह है कि आपमें से किसी ने उसे नहीं पढ़ा। अगर पढ़ा होता, तो आप कई दिन सो नहीं पातीं।'


### धनखड़ बोले- अपनी बात कहने से पहले दूसरों का पक्ष सुनना जरूरी

धनखड़ ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी की जरूरत है क्योंकि यह डेमोक्रेसी की परिभाषा है। अगर इस अभिव्यक्ति को सीमित किया जाता है, इससे समझौता किया जाता है या इसे डराया-धमकाया जाता है तो लोकतांत्रिक मूल्यों में गिरावट होती है। लोकतंत्र को आगे बढ़ना चाहिए, लेकिन ये उसके उलट बात है। धनखड़ ने कहा कि अपनी आवाज का इस्तेमाल करने से पहले आपको अपने कानों से दूसरे की बात सुननी चाहिए। इन दोनों चीजों के बिना लोकतंत्र न तो विकसित हो सकता है और न ही फल-फूल सकता है।

### 10 दिसंबर को पेश किया गया अविश्वास प्रस्ताव, 20 दिसंबर को खारिज हुआ

संसद के शीतकालीन सत्र के 10वें दिन (10 दिसंबर) विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। 20 दिसंबर को राज्यसभा के जनरल सेक्रेटरी पीसी मोदी ने बताया कि इस प्रस्ताव को उप-सभापति हरिवंश ने खारिज कर दिया है। उप-सभापति ने कहा कि यह नोटिस विपक्ष का गलत कदम है। इसमें उपराष्ट्रपति का नाम तक गलत लिखा गया है और नोटिस के लिए 14 दिन का नोटिस पीरियड भी नहीं दिया गया है। यह सिर्फ सभापति की छवि खराब करने के मकसद से लाया गया है। ये नोटिस देश के संवैधानिक संस्थानों को बदनाम करने और वर्तमान उपराष्ट्रपति की छवि धूमिल करने की साजिश का हिस्सा है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com